
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 209 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 09 मई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## पश्चिम बंगाल में भाजपा नेतृत्व परिवर्तन पर केशव प्रसाद मौर्य का बयान

*टीएमसी शासन को बताया 'अंधकारमय काल', मोदी सरकार पर जताया भरोसा*

कोलकाता संवाददाता 08 मई 2026: पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। इस बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल पर सवाल उठाए।

### 'टीएमसी का कार्यकाल अंधेरी रात जैसा'

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का शासनकाल अंधेरी रात के समान रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान लोगों ने घुटन महसूस की और राज्य विकास के मामले में पिछड़ गया।

### मोदी सरकार पर जताया विश्वास

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग भयभीत नहीं हुए, बल्कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आश्वासनों पर भरोसा जताया और "कमल" के बटन को वोट दिया।

### राजनीतिक बयानबाजी तेज

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन और नेतृत्व को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है। भाजपा नेताओं का दावा है कि राज्य में नए विकास की शुरूआत होगी, जबकि विपक्ष इसे केवल राजनीतिक बयानबाजी बता रहा है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में तीन दिन के युद्धविराम की घोषणा, ट्रंप का दावा-'शांति की दिशा में बड़ा कदम'

वॉशिंगटन अंतरराष्ट्रीय संवाददाता 08 मई 2026: 9 से 11 मई तक अस्थायी संघर्षविराम और 1000-1000 कैदियों की अदला-बदली का प्रस्ताव

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में तीन दिन का युद्धविराम लागू किया जाएगा।

# सुवेंदु अधिकारी होंगे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, शपथ ग्रहण समारोह आज होगा



**समाज जागरण**

कोलकाता विशेष संवाददाता 08 मई 2026: पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आने की चर्चा ने पूरे राज्य का राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाए जाने की खबरों ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है।

सूत्रों के अनुसार, कोलकाता में शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई अहम बैठक में सुवेंदु अधिकारी के नाम पर सहमति बनने की बात सामने आई है। इसके बाद यह भी दावा किया जा रहा है कि शनिवार को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में उनका शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। हालांकि, इस संबंध में अभी तक किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### राज्य में सियासी सरगर्मी तेज, आधिकारिक घोषणा पर टिकी निगाहें

इस संभावित राजनीतिक बदलाव के बाद पश्चिम बंगाल में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। सभी की निगाहें अब आधिकारिक घोषणा और संभावित शपथ ग्रहण समा-रोह पर टिकी हुई हैं।

### ममता बनर्जी के करीबी से लेकर भाजपा के प्रमुख चेहरे तक, सुवेंदु अधिकारी का राजनीतिक सफर

सुवेंदु अधिकारी का राजनीतिक जीवन लंबे समय से पश्चिम बंगाल की राजनीति का केंद्र रहा है। एक समय वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बेहद करीबी सहयोगियों में शामिल थे और नंदीग्राम व सिंगूर आंदोलनों में उनकी अहम भूमिका मानी जाती रही है।

वर्ष 2021 विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद नंदीग्राम सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ उनकी जीत ने उन्हें राज्य की राजनीति में मजबूत स्थान दिलाया।

उनका राजनीतिक अनुभव भी व्यापक है–2006 में विधायक, 2009 और 2014 में सांसद तथा 2016 में राज्य सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने परिवहन, सिंचाई और जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभाले।

2007 का नंदीग्राम आंदोलन उनके राजनीतिक जीवन का टर्निंग प्वाइंट माना जाता है, जिसने न केवल उनकी पहचान मजबूत की बल्कि राज्य की राजनीति की दिशा भी बदल दी।

सुवेंदु अधिकारी एक प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आते हैं, जिनके पिता शिशिर अधिकारी भी लंबे समय तक सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे हैं और पूर्वी मिदनापुर क्षेत्र में परिवार का व्यापक प्रभाव माना जाता है।

## भाजपा ने बना लिया है चुनाव चोरी का सिस्टम: राहुल गांधी

**कांग्रेस ही हराएगी भाजपा, कार्यकताओं को बताया 'बब्बर शेर'**



गुरुग्राम संवाददाता 08 मई 2026: लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को गुरुग्राम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की ह्यसद्भावना यात्राह्न के समापन समारोह में पहुंचे राहुल गांधी ने भाजपा पर लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के गंभीर आरोप लगाए।

गुरुग्राम की खांडसा मंडी से शुरू हुई यात्रा के बाद आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने देश में "चुनाव चोरी" करने का एक पूरा सिस्टम बना लिया है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है।

### 'कांग्रेस के बब्बर शेरों... भाजपा को सिर्फ हम हराएंगे'

राहुल गांधी ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा, "कांग्रेस के बब्बर शेरों याद रखो... नरेंद्र मोदी और भाजपा को सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही हराएगी। बाकी पार्टियां शायद मजबूती से न लड़ पाएं, लेकिन कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है।"

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान पर हमला कर रही है और कांग्रेस इसका मजबूती से मुकाबला करेगी।

### मध्य प्रदेश से बंगाल तक चुनावी गड़बड़ी के आरोप

राहुल गांधी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में जनादेश के साथ खिलवाड़ किया गया। उन्होंने कहा, "लाखों वोटरों के नाम काट दिए जाते हैं और लाखों फर्जी नाम जोड़ दिए जाते हैं। चुनाव आयोग और नौकरशाही पूरी तरह इनके कंट्रोल में है।"

# पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बदलाव की आहट: टीएमसी के प्रभाव क्षेत्रों में हलचल तेज

## सत्ता परिवर्तन की चचाओं के बीच जमीनी स्तर पर तेजी से बदलते राजनीतिक समीकरण

**समाज जागरण**

कोलकाता विशेष संवाददाता 08 मई 2026 : पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बदलाव की चचाओं के बीच जमीनी स्तर पर सियासी हलचल तेज हो गई है। कई इलाकों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े स्थानीय क्लबों और दफ्तरों में बदलाव की खबरें सामने आ रही हैं। राजनीतिक गलियारों में इसे संभावित सत्ता परिवर्तन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ इलाकों में लंबे समय से टीएमसी से जुड़े रहे स्थानीय संगठनात्मक ढांचे में भी बदलाव की स्थिति बनती दिख रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### जमीनी राजनीति में बदलते रंग, क्लब और स्थानीय नेटवर्क में नई सियासी हलचल

राज्य की राजनीति में क्लब और स्थानीय संगठनों की भूमिका हमेशा से अहम रही है। राजनीतिक दलों के जमीनी नेटवर्क का प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई देता है। मौजूदा चचाओं के बीच कई स्थानों पर स्थानीय स्तर पर राजनीतिक झुकाव बदलने की बातें सामने आ रही हैं।



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन की संभावना या चर्चा के साथ ही जमीनी संगठनात्मक ढांचे में भी तेजी से बदलाव देखने को मिलते हैं, जैसा कि पहले के चुनावी दौर में भी देखा गया था।

### पश्चिम बंगाल की राजनीति में जमीनी नेटवर्क हमेशा रहा निर्णायक

राज्य की राजनीति में क्लब, पाड़ा और स्थानीय समितियों का ऐतिहासिक महत्व रहा है। सत्ता परिवर्तन के दौर में यह देखा गया है कि जमीनी स्तर पर राजनीतिक निष्ठाएं तेजी से बदलती हैं और स्थानीय प्रभाव वाले समूह नए राजनीतिक समीकरणों के अनुसार खुद को ढाल लेते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रवृत्ति केवल पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि कई राज्यों की जमीनी राजनीति में ऐसे बदलाव सामान्य रूप से देखे जाते हैं।

### राजनीतिक माहौल गर्म, आधिकारिक स्थिति का इंतजार

फिलहाल राज्य में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म है और विभिन्न स्तरों पर चचाओं का दौर जारी है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रस्तावित UDF एवं यात्री शुल्कों पर विधायक जेवर की चिंता, पुनर्मूल्यांकन की मांग

## उच्च शुल्क से आम यात्रियों पर बढ़ सकता है बोझ, केंद्र और राज्य सरकार को भेजा पत्र

**समाज जागरण**

जेवर संवाददाता 08 मई 2026: जेवर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रस्तावित यूजर डेवलपमेंट फीस (UDF) एवं अन्य यात्री शुल्कों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव सहित केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को विस्तृत पत्र भेजकर शुल्क संरचना के पुनर्मूल्यांकन की मांग की है।

### 'महत्त्वाकांक्षी परियोजना, लेकिन शुल्क संरचना जनहित के विपरीत'

विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है, जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश, NCR और पूरे उत्तर भारत को बड़ी उम्मीदें हैं।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से क्षेत्रीय विकास, निवेश, रोजगार और कनेक्टिविटी को गति मिलनी चाहिए, लेकिन प्रारंभिक चरण में ही प्रस्तावित शुल्क संरचना जनहित के अनुरूप नहीं दिखती।

### दिल्ली एयरपोर्ट से अधिक किराया होने पर जताई आपत्ति

विधायक ने 07 मई 2026 को इंडिगो एयरलाइंस द्वारा जारी शेड्यूल का हवाला देते हुए बताया कि–

लखनऊ से जेवर एयरपोर्ट की उड़ान लगभग 5072 दिख रही है

जबकि लखनऊ से दिल्ली एयरपोर्ट की उड़ान 3600 से 4300 के बीच उपलब्ध है

उन्होंने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि जेवर एयरपोर्ट को सस्ता और वैकल्पिक हब बनाने की परिकल्पना थी, लेकिन शुरूआत में ही अधिक किराया इसकी प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर सकता है।



### कनेक्टिविटी की कमी भी बढ़ा रही लागत

विधायक ने यह भी कहा कि फिलहाल एयरपोर्ट को मेट्रो, रैपिड रेल और अन्य मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी का पूर्ण लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में यात्रियों को अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ेगा।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश में एविएशन टरबाइन फ्यूल (ATF) पर कर 1% है, जबकि दिल्ली में यह लगभग 25% है, इसके बावजूद यदि किराया अधिक रहता है तो यह यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ होगा।

### UDF और शुल्कों में कमी की मांग

विधायक ने अपने पत्र में प्रमुख रूप से तीन मांगें रखी हैं–

प्रस्तावित UDF एवं अन्य शुल्कों का पुनर्मूल्यांकन किया जाए

प्रारंभिक वर्षों में शुल्क दिल्ली एयरपोर्ट से कम रखा जाए

एयरपोर्ट को आम जनता के लिए किफायती और सुलभ बनाया जाए

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी भेजा पत्र

विधायक ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों को भी पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

### अब सभी की नजरें नीति-निर्णय पर

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुल्क ढांचे को लेकर उठी इस आपत्ति के बाद अब केंद्र और राज्य सरकार के निर्णय पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा नेतृत्व को लेकर मोहन यादव का बयान, 'नया युग शुरू होगा'

**सुवेंदु अधिकारी के नेता चुने जाने पर मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री ने दी बधाई**



**समाज जागरण**

कोलकाता संवाददाता 08 मई 2026: पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इस बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का गठन राज्य और देश दोनों के हित में होगा।

### 'बंगाल में शुरू होगा नया युग'

मोहन यादव ने कहा कि भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में सुवेंदु अधिकारी और उनकी टीम को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि अब पश्चिम बंगाल एक नए युग में प्रवेश करेगा।

### राजनीतिक सरगर्मी तेज

पश्चिम बंगाल में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर भाजपा और विपक्ष के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्य में विकास की नई दिशा तय होगी, जबकि विपक्ष इसे राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बता रहा है।

# स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने के आदेश जारी

प्रदेश में समाप्त हुई स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था: ऊर्जा मंत्री

आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगे स्मार्ट मीटर तत्काल प्रभाव से होंगे पोस्टपेड

उपभोक्ताओं को जून से मिलेगी पोस्टपेड बिलिंग सुविधा, स्मार्ट पोस्टपेड बिल हर माह 10 तारीख तक जारी होंगे

अब सभी नए बिजली कनेक्शन स्मार्ट पोस्टपेड मोड में होंगे जारी

15 मई से 30 जून तक लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर शिकायत निस्तारण कैंप

उपभोक्ता हित में लगातार फैसले ले रही योगी सरकार: ए.के. शर्मा

लखनऊ, 7 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश भर में लगे सभी स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड प्रणाली में बदले जा रहे हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं को बिजली इस्तेमाल करने के बाद बिल मिलेगा। मई 2026 की खपत का बिल जून 2026 में पोस्टपेड प्रणाली के तहत जारी किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आम विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश में संचालित स्मार्ट प्री-पेड मीटर व्यवस्था को समाप्त कर सभी स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्वांचल, मध्यांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगमों और केस्को कानपुर में लागू यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान करेगी।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिये उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्ट पोस्टपेड बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक जारी किए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में नेटवर्क अथवा संचार संबंधी समस्या के कारण स्मार्ट मीटर की ऑटोमैटिक रीडिंग प्राप्त नहीं होगी, वहां एएमआईएसपी एजेंसियों के माध्यम से मैनुअल रीडिंग लेकर समय से बिल उपलब्ध कराया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर सिस्टम में पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, उनके लिए डिस्कॉम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही उपभोक्ता संबंधित विद्युत वितरण निगम के व्हाट्सएप चैटबॉट एवं 1912 हेल्पलाइन के माध्यम से भी अपना बिल प्राप्त कर सकेंगे।

# जीवन का सुख-चैन छीनता अहंकार

भले ही हमने शारीरिक रूप से मानवी देह पाया है, लेकिन क्या हम इंसान है या इंसान कहलाने के पात्र है? आज के दौर में इंसान बनकर जीने वाले दुर्लभ होते जा रहे हैं। आइये पहले हम स्वयं से जानते है कि, इंसान किन्हें कहते हैं। दूसरों की खुशी में खुश होना, दूसरों के दुःख में दर्द महसूस होना, दूसरों भावनाओं को समझना, उसकी कद्र करना। अपने स्वार्थ को दूर रखकर हमेशा दूसरों के भलाई का ख्याल करना। देश और समाज के विकास के लिए तत्पर रहना, यथोचित हर संभव मदद करना, मानव कल्याण का जज्बा बनाये रखना। झूठे दिखावे से बचना, लोगों से ईर्ष्या भाव न करना। प्रकृति, पशु-पक्षियों और जंगल की रक्षा करना। जाती, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा, रंगरूप पर आधारित भेदभाव को न मानकर समस्त मानवी समाज को एक स्तर पर मानकर मानवी सेवा विकास को सर्वोपरि मानना। कथनी-करनी में अंतर न करना। नशाखोरी, भ्रष्टाचार, चरित्रहीन व्यवहार, अन्यों से दुर्व्यवहार, अपराध, भेदभाव से अलिप्त होकर सत्कर्मों को ही हमेशा प्राथमिकता देना। यह सभी इंसानियत की विशेषता है, जो इंसानो में होनी चाहिए। अगर ये सभी विशेषता हम में है, तो हम इंसान है, वर्ना जानवरों को भी लज्जित कर दे, ऐसे घृणात्मक कलंकित करनेवाली दुःखद घटनाएं तो हमारे आसपास रोजाना होती ही है और हम आँखे मूंदकर बुजदिल की जिंदगी काटते हैं।

हमारे आसपास के इस कलह भरे वातावरण में हर कोई झूट का मुखौटा पहनकर खुद को इंसान दिखाने का प्रयत्न कर रहा है और यही वातावरण अहंकार की भेट चढ़कर जीवन का सुकून छीन रहा हैं। आज रिश्ते-नाते, शादियां तोड़ने में अहंकार मुख्य भूमिका में हैं। दुनिया को बताने के लिए कारण कुछ भी बताये लेकिन आज विभिन्न देशों में चल रहे युद्ध का कारण अहंकार भी है, जिससे बड़ी मात्रा में मासूमों की जान जा रही है, पर्यावरण, धन का अपव्यय हो रहा है और पूरी दुनिया पर इसका गंभीर असर हो रहा हैं। अनेक बार रिश्तेदार, आस-पडोसी, परिचित अहंकार के कारण जिंदगी भर बात नहीं करते, उससे जिंदगी में क्या हासिल हो जाता है, पता नहीं।

क्या आप जानते है कि, जब भी हम क्रोध, चिढ़, ईर्ष्या, तनाव या बुरे विचारों से भर उठते है, तब उसका सीधा असर हमारे खुद के ही स्वास्थ्य पर गंभीर असर करता है, अर्थात दूसरों पर गुस्सा करना हमारे जान को जोखिम में डालता हैं। आजकल तो नाम के लिए या दिखावे के लिए हम खूब आधुनिक होने का दम भरते है, लेकिन विचारों और संस्कारों से हम लगातार पिछड़ते ही जा रहे हैं। राह चलते हुए गलती से किसी को धक्का भी लग जाये तो, इंसानियत दिखाने के बजाय गालीगलौच, धमकी, धौस दिखाकर खुद के वर्चस्व को साबित करने की होड़ लग जाती है फिर बात मारपीट और कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। हमारे रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस या परिचित में किसी के घर कोई खुशखबर हो तो हम मन के मन में जलन से भरते है, लोगों की मेहनत को नजरअंदाज करके खुद की किस्मत को कोंसते है, कि दूसरों के साथ क्यों अच्छा होता है, हमारे साथ क्यों नहीं। झूठा दिखावा और खुद का स्टैंडर्ड ऊंचा दिखाने के चक्कर में अक्सर बबार्दी के मुहाने में पहुँच जाते है, ये आज के समाज का घिनौना सच हैं। मनुष्य का अहंकार उसका सुख-चैन छीन लेता है और सुंदर शांत जीवन का मार्ग दुर्गम बना देता हैं। अहंकार मनुष्य के जीवन को विनाश की ओर धकेलता है, जैसे मनुष्य खुद ही अपनी मौत के लिए चिता सजा रहा हैं।

हमारे आसपास बहुत से बुरे घटनाओं से अनगिनत लोगों के दुःखद अंत की खबरें हमें झंझोड़ देती है, उदाहरण के लिए आज बहुत से अभिभावक बच्चों को विदेश भेजते है या बड़े शहरों में भेजते है और अहंकार से गर्वित होते है कि उनके बच्चे विदेशों में स्थायिक हो चुके है, परंतु अनेक बार ये ही बूढ़े माँ-बाप मर भी जाते है, फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में उपस्थिति दशार्ना भी मुनासिब नहीं समझते, ये हमारे समाज की कड़वी सच्चाई हैं। दुनिया भर में हजारों ऐसे महान शख्सियत है जो नाम, शोहरत, रुतबा, पैसा होने के बावजूद सरल और सादगी पसंद जीवन यापन करते हैं, अनेक महान लोग दुनिया से चले जाने के बाद उनकी जिंदगीभर की कमाई में केवल कुछ जोड़ी कपड़े और किताबों का संग्रह देखने मिलता है, थोड़ी-बहुत संपत्ति होती भी है तो वे उसे दान कर चुके होते है, जबकि वे चाहते तो करोडो, अरबों रुपयों की संपत्ति बना सकते थे, लेकिन तब वे शायद अपने कर्मों से महान नहीं बन पाते।

अहंकार अक्सर हमारी झूठी आत्म-छवि को बचाने के लिए असलियत को तोड़-मरोड़ देता है, जिससे गलतियाँ मानना या आलोचना स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है, अहंकार अगर हावी हो जाये तो खुद को सही साबित करने में लग जाते है, जिससे टकराव उत्पन्न होता हैं। अहंकार में मनुष्य खुद को महान या सर्वगुण संपन्न समझता है जिससे दूसरों के प्रति हीन भावना उत्पन्न होती हैं। अहंकार हमें दूसरों की राय और भौतिक सफलता की बहुत ज्यादा परवाह करने पर मजबूर करता है, जिससे हमें चिंता और नाखुशी होती है, जीवन में उदासी छाती हैं। इससे लोग अच्छा करने के बजाय अच्छा दिखने को या शॉर्टकट लेने को प्राथमिकता देना पसंद करते हैं। अहंकार ज़िंदगी पर गहरा असर डालता है, बढ़ा हुआ अहंकार कुछ नया सीखने में रुकावट डालता है, हार होने के डर से विकास को रोकता है, और लगातार अन्यों से तुलना करके दुखी महसूस करता है, जबकि हमारे नियंत्रण में अहंकार हो तो अपनी शान बढ़ाने के बजाय हम खुद को बेहतर बनाने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करते है, जिससे समायोजित करने की क्षमता, गहरे रिश्ते और उत्पादकता बढ़ती हैं।

खुद को समझने के लिए अपने कार्य, व्यवहार, स्वभाव और इसका अन्यों पर असर इन सभी बातों का आत्मचिंतन करना बहुत जरुरी है, खुद का विश्लेषण करने के लिए समय निकालें और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ हमारा अहंकार हमारे निर्णयों और बातचीत को प्रभावित कर रहा हो। जीवन में सबसे जरूरी शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, पोषक आहार है, और मन को संतोष है तो जीवन सुख से बीतता है, लेकिन लोग इसे प्राथमिकता देने के बजाय अहंकार, झूठा दिखावा और घमंड में सुकून खो बैठते हैं। लोग आज के दौर में, घर के आगे कोई पेड़ हो तो उसे काटकर वहां अतिक्रमण करना चाहते है, ताकि घर का दायरा बढ़ाया जा सकें, लेकिन ऐसी सोच ने पुरे देश में तापमान बढ़ाया है, यह किसी को नजर नहीं आता, हर कोई स्वार्थ के लिए जीते हुए प्रतीत होता हैं। स्वार्थ से अपना ध्यान हटाकर समाधानी सोच अपनायें। विनम्रता और सीखना अपनाएँ, मानें कि हमको सब कुछ नहीं पता। सफलता के लिए नतीजों पर नहीं, कोशिश पर ध्यान दें। ह्लमैं हमेशा ही सही हूँह्व वाली सोच छोड़ दें। अपना ध्यान अपनी चिंताओं से हटाकर दूसरों की सेवा करने पर लगाएँ, सत्कर्म करें। रोजाना ध्यान, योग या शांत सोच-विचार के लिए समय निकालें। अच्छे विचारों के लोगों से जुड़े, हेल्दी हॉबी अपनाएं, प्रकृति की रक्षा प्रत्येक की जिम्मेदारी समझें। महान समाजसुधारकों के आदर्श, सोच को जीवन में अपनाएं। अच्छे काम करने का सुकून दुनिया में बेशकीमती है, छोटी सी जिंदगी है इसे तनावमुक्त रहकर हंसते मुस्कुराते हुए बिताएं।

**"अहंकार एक धीमा जहर है, जो इंसान के गुणों को मार देता हैं।"**

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# मणिपुर हिंसा : आक्रोश में अवसर तलाशता विपक्ष

भारत के पूर्वोत्तर का एक छोटा सा राज्य मणिपुर पिछले कई सालों से क्षेत्रीय हिंसा की खबरों के कारण पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहा है। एक तरफ मोदी सरकार लगातार दावे कर रही है कि मणिपुर में हालात बेहतर करने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, वहीं विपक्ष मणिपुर के बिगड़े हालात के लिये मोदी सरकार को कसूरवार ठहराने का कोई भी मौका नहीं छोड़ता है। विपक्ष इतना शोर करते हुए अन्य कहीं नहीं देखा जाता है, जितना मणिपुर को लेकर मचाया जा रहा है। क्या है इसके पीछे राजनीतिक कारण? क्या यहाँ की हिंसा जातियों में आपसी क्लेश का मामला है? कहा जाता है कि मणिपुर का संघर्ष मुख्य रूप से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच है, यह बात कितनी सच है? मणिपुर की समस्या को कहीं राजनेताओं के आरोप-प्रत्यारोप ने और जटिल तो नहीं बना दिया है। यह तमाम सवाल हैं जिनका उत्तर मिलना बेहद जरूरी है। गौरतलब हो, मणिपुर की हिंसा की जड़ें गहरी हैं। राज्य की अधिकांश आबादी मैतेई समुदाय की है, जो इंफाल घाटी में रहते हैं और राज्य की राजनीति व अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण रखते हैं। दूसरी ओर कुकी और नागा जैसे आदिवासी समुदाय पहाड़ी इलाकों में बसे हैं, जो संसाधनों और प्रतिनिधित्व में भेदभाव का आरोप लगाते हैं। तीन साल पहले मई में उच्च न्यायालय के मैतेई को जनजातीय दर्जा देने के सुझाव से कुकी समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किया, जो हिंसा में बदल गया। तब से मणिपुर में हिंसा की आग लगातार सुलग रही है, जिसमें सैकड़ों मौतें हो चुकी हैं और पचास हजार से अधिक लोग विस्थापित हैं।

हिंसा केवल जातीय कलह तक सीमित नहीं रही। हाल ही में अप्रैल 2026 में बिष्णुपुर और इंफाल में फिर झड़पें भड़कीं, जहां सुरक्षा बलों पर हमले हुए और कर्फ्यू लगाना पड़ा। कुकी उग्रवादियों पर छह लोगों की हत्या का आरोप लगा, जिससे तनाव बढ़ा। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमीन हथियाने और संसाधनों पर कब्जे का इल्जाम लगाया। मैतेई कहते हैं कि कुकी अवैध प्रवासियों को बसाने की साजिश रच रहे हैं, जबकि कुकी विकास में हिस्सेदारी की मांग करते हैं। यह आपसी कलह इतिहास से चली आ रही है, जब मैतेई राजाओं ने कुकी को पहाड़ों में बसाया था, लेकिन अब दोनों के बीच दुश्मनी गहरी हो गई है। उधर, विपक्ष इसी कलह को राजनीतिक हथियार बनाने से जुड़ा है। कांग्रेस और अन्य दल बीजेपी सरकार को हिंसा रोकने में नाकाम बताते हैं। वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री की चुप्पी उदासीनता दिखाती है और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को हटाने की मांग करते हैं। राज्यसभा में खरगे ने श्वेत पत्र की मांग की, जबकि राहुल गांधी ने महिलाओं पर अत्याचार का मुद्दा उठाया। विपक्ष का तर्क है कि बीजेपी मैतेई समुदाय को समर्थन देकर कुकी को नजरअंदाज कर रही है, जिससे हिंसा बढ़ी। इसके पीछे राजनीतिक कारण स्पष्ट हैं। मणिपुर में बीजेपी की सरकार है, और विपक्ष इसे कमजोर करके उत्तर-पूर्व में अपनी जमीन मजबूत करना चाहता है। 2023 से संसद के सत्रों में विपक्ष ने मणिपुर को हाईजैक करने की कोशिश की, लेकिन बीजेपी ने पलटवार किया कि वे राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को भड़का रहे हैं। राष्ट्रपति शासन के बावजूद हालात नहीं सुधरे, तो कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी के पास बहुमत होने पर भी इच्छाशक्ति नहीं है। आने वाले चुनावों को देखते हुए विपक्ष बीजेपी को घेरना चाहता है, खासकर जब एनडीए के सहयोगी जैसे जेडीयू ने सरकार को समर्थन दिया।

खैर, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि विपक्ष के बीजेपी पर हमलावर रहने का कारण सत्ता की राजनीति है। विपक्ष जानता है कि मणिपुर का मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी की छवि खराब कर सकता है। वे मोदी सरकार की पूर्वोत्तर नीति पर सवाल उठाते हैं, जबकि बीजेपी कहती है कि कांग्रेस के समय भी हिंसा होती थी। इसी के कारण मैतेई विधायकों पर जनता का गुस्सा फूटा क्योंकि उन्होंने केंद्र तक बात नहीं पहुंचाई। विपक्ष इसे भुनाकर अल्पसंख्यक कुकी वोटों को अपने पाले में लाना चाहता है। हाल में बीजेपी नेताओं के दौरे को कांग्रेस ने चुनावी ड्रामा बताया।हालांकि हिंसा मूल रूप से जातीय है। मैतेई को जनजातीय लाभ जैसे आ-रक्षण और जमीन अधिकार चाहिए, जो कुकी को खतरा लगता है। कुकी पहाड़ी क्षेत्रों पर नियंत्रण रखते हैं और डरते हैं कि मैतेई घाटी से ऊपर आ जाएं। दोनों ने हिंसा की, घर जलाए, लेकिन सरकार की विफलता ने इसे लंबा खींचा। यहां 217 मौतें और हजारों लोगों का बेघर होना यह साबित करता है कि यह सामाजिक क्लेश है, न कि सिर्फ राजनीतिक। फिर भी विपक्ष इसे बीजेपी की साजिश बताकर शोर मचाता है।

मणिपुर को लेकर राजनीतिक कारणों पर रोशनी डाली जाये तो ऐसा लगता है कि मणिपुर की हिंसा पर हो-हल्ला करके विपक्ष अपना वोट बैंक मजबूत करना चाहता है। वे कुकी समुदाय को अपना सहारा बताते हैं, जबकि मैतेई बीजेपी समर्थक हैं। इसलिये वह संसद में चर्चा की मांग करके सदन जाम करते हैं, जो बीजेपी को कमजोर दिखाता है। यहां के हालात को देखते हुए केंद्र ने अमित शाह को भेजा, लेकिन विपक्ष संतुष्ट नहीं। 2026 तक हिंसा जारी रहने से विपक्ष को लगातार मुद्दा मिलता रहता है। बीजेपी का कहना है कि विपक्ष परिपक्वता दिखाए, लेकिन वे लाभ उठाते हैं। बात प्रबुद्ध समाज की की जाये तो यह वर्ग कहता है कि मणिपुर हिंसा के समाधान के लिए दोनों पक्षों को बातचीत करनी होगी। मुख्यमंत्री ने माफी मांगी, लेकिन विश्वास बहाली जरूरी है। इसके साथ ही केंद्र को जनजातीय दर्जे पर स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। विपक्ष का शोर कम हो और सहयोग बढ़े, अन्यथा यह कलह राज्य को तबाह करता रहेगा। मणिपुर के लोग शांति चाहते हैं, राजनीति का खेल नहीं। यह संघर्ष जातीय कलह से उपजा है, लेकिन विपक्ष ने इसे राजनीतिक रंग दे दिया। बीजेपी पर हमले से उनका एजेंडा चलता है, पर शांति सबकी जिम्मेदारी है। कुल मिलाकर, मणिपुर का दर्द गहरा है, जिसे हल करने के लिए एकजुटता जरूरी है।



**संजय सक्सेना**

# *महाराणा प्रताप : स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रगौरव के अमर प्रतीक*

भारत का इतिहास वीरता, त्याग और स्वाभिमान की अमर गाथाओं से भरा पड़ा है। जब-जब मातृभूमि की रक्षा, स्वतंत्रता की भावना और आत्मसम्मान की बात होती है, तब-तब महाराणा प्रताप का नाम अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ लिया जाता है। वे केवल मेवाड़ के शासक नहीं थे, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाधीनता और अदम्य साहस के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। इतिहास में अनेक राजा हुए, जिन्होंने अपने राज्य के विस्तार के लिए युद्ध किए, लेकिन महा-राणा प्रताप ने अपने जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा को बनाया। यही कारण है कि सदियों बाद भी उनका नाम भारतीय जनमानस में अमर है।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के प्रसिद्ध कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। उनके पिता महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता महारानी जयवंता बाई थीं। बचपन से ही प्रताप में साहस, नेतृत्व और युद्धकला के गुण दिखाई देने लगे थे। राजपूत परंपरा के अनुसार उन्हें घुड़सवारी, शस्त्र संचालन और युद्ध नीति की शिक्षा दी गई। कहा जाता है कि बालक प्रताप अत्यंत बलशाली और निर्भीक थे। उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि सैनिक और सामान्य प्रजा दोनों उनसे विशेष स्नेह रखते थे।

उस समय भारत की राजनीतिक परिस्थितियाँ अत्यंत जटिल थीं। दिल्ली में मुगल सम्राट अकबर का शासन तेजी से फैल रहा था। अनेक राजपूत राजाओं ने अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली थी, लेकिन मेवाड़ की भूमि स्वतंत्रता और स्वाभिमान की प्रतीक मानी जाती थी। मेवाड़ के शासकों ने सदैव विदेशी आक्रांताओं का विरोध किया था। यही परंपरा महाराणा प्रताप ने भी आगे बढ़ाई।1572 में महाराणा उदयसिंह की मृत्यु के बाद प्रताप सिंह मेवाड़ के सिंहासन पर बैठे। उस समय परिस्थितियाँ अत्यंत कठिन थीं। राज्य आर्थिक और सैन्य दृष्टि से कमजोर था, जबकि अकबर की शक्ति लगातार बढ़ रही थी। अकबर चाहता था कि महाराणा प्रताप भी अन्य राजपूत राजाओं की तरह उसकी अधीनता स्वीकार कर लें। इसके लिए उसने कई बार दूत भेजे। मान सिंह प्रथम सहित अनेक राजपूत सरदारों को समझौते के लिए भेजा गया, लेकिन महाराणा प्रताप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे मेवाड़ की स्वतंत्रता के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे।यहीं से संघर्ष का वह अध्याय आरंभ हुआ, जिसने महाराणा प्रताप को अमर बना दिया। अकबर की विशाल सेना और साधनों के सामने मेवाड़ की सेना बहुत छोटी थी, लेकिन प्रताप के पास अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति अटूट निष्ठा थी। 18 जून 1576 को इतिहास प्रसिद्ध हल्दीघाटी का युद्ध लड़ा गया। यह युद्ध राजस्थान की अरावली पर्वतमाला के बीच स्थित हल्दीघाटी में हुआ। एक ओर अकबर की ओर से मान सिंह के नेतृत्व में विशाल मुगल सेना थी, दूसरी ओर महाराणा प्रताप अपनी सीमित सेना के साथ युद्धभूमि में उतरे।हल्दीघाटी का युद्ध केवल दो सेनाओं का संघर्ष नहीं था, बल्कि यह स्वतंत्रता और पराधीनता के बीच का युद्ध था। महाराणा प्रताप ने युद्धभूमि में असाधारण वीरता का परिचय दिया। उनका भाला जिस दिशा में चलता, दुश्मन सेना में हाहाकार मच जाता। उनके साथ भील




समुदाय के वीर योद्धाओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई। यह भारतीय समाज की एकता का अद्भुत उ-दाहरण था कि जंगलों और पहाड़ों में रहने वाले भील भी मेवाड़ की स्वतंत्रता के लिए महाराणा प्रताप के साथ खड़े थे।

इस युद्ध में महाराणा प्रताप के प्रिय घोड़े चेतक की वीरता की कहानी आज भी लोगों को भावुक कर देती है। चेतक केवल एक घोड़ा नहीं था, बल्कि अपने स्वामी के प्रति पूर्ण समर्पण और निष्ठा का प्रतीक था। युद्ध के दौरान चेतक गंभीर रूप से घायल हो गया, फिर भी उसने महाराणा प्रताप को सु-रक्षित स्थान तक पहुँचाया। कहा जाता है कि उसने एक बड़े नाले को छलांग लगाकर पार किया और अपने स्वामी की रक्षा करते हुए प्राण त्याग दिए। चेतक की यह कथा भारतीय इतिहास में पशु और मानव के बीच अद्भुत संबंध का उदाहरण बन चुकी है।यद्यपि हल्दीघाटी के युद्ध का कोई निर्णायक परिणाम नहीं निकला, लेकिन यह युद्ध महाराणा प्रताप की वीरता और स्वाभिमान का प्रतीक बन गया। युद्ध के बाद प्रताप ने हार नहीं मानी। उन्होंने जंगलों, पहाड़ों और गुफाओं में रहकर संघर्ष जारी रखा। उनका जीवन अत्यंत कठिन हो गया था। कई बार भोजन के लिए घास की रोटियाँ तक खानी पड़ीं। परिवार को भी अभावों का सामना करना पड़ा। किंतु उन्होंने अकबर के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया।महाराणा प्रताप के संघर्ष के दिनों की एक घटना अत्यंत प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि एक बार उनकी पुत्री के हाथ से घास की रोटी भी जंगल के जानवर ने छीन ली। यह दृश्य देखकर महाराणा प्रताप का हृदय द्रवित हो उठा, लेकिन उन्होंने परिस्थितियों के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। यह घटना बताती है कि उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधा के बजाय राष्ट्र और स्वाभिमान को अधिक महत्व दिया।

महाराणा प्रताप के जीवन में भामाशाह का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। भामाशाह ने अपनी समस्त संपत्ति महाराणा प्रताप को समर्पित कर दी, जिससे वे पुनः सेना संगठित कर सके। यह घटना केवल आर्थिक सहायता नहीं थी, बल्कि राष्ट्रभक्ति और त्याग का अनुपम उदाहरण थी। भामाशाह जैसे सहयोगियों ने यह सिद्ध किया कि जब समाज राष्ट्रहित के लिए एकजुट होता है, तब बड़ी से बड़ी शक्ति को भी चुनौती दी जा सकती है।धीरे-धीरे महाराणा प्रताप ने अपनी शक्ति को पुनः संगठित किया और मेवाड़ के अनेक क्षेत्रों को वापस जीत लिया। उन्होंने अरावली के दुर्गम क्षेत्रों से गुरिल्ला युद्ध की नीति अपनाई। उनकी रणनीति इतनी प्रभावी थी कि मुगल सेना लंबे समय तक उन्हें पूरी तरह पराजित नहीं कर सकी। उन्होंने चावंड को अपनी नई राजधानी बनाया और वहीं से प्रशासन एवं युद्ध संचालन किया।महाराणा प्रताप केवल वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक भी थे। वे अपनी प्रजा से अत्यंत प्रेम करते थे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने जनता का मनोबल बनाए रखा। वे जानते थे कि राज्य केवल महलों और किलों से नहीं चलता, बल्कि जनता के विश्वास और सहयोग से चलता है। यही कारण था कि उनकी प्रजा हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रही।

19 जनवरी 1597 को चावंड में महाराणा प्रताप का निधन हो गया। कहा जाता है कि मृत्युशय्या पर भी उन्हें मेवाड़ की स्वतंत्रता की चिंता थी। उनका जीवन समाप्त हुआ, लेकिन उनका आदर्श अमर हो गया। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि मन में स्वाभिमान और स्वतंत्रता की भावना हो, तो संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता।

आज महाराणा प्रताप भारतीय यु-वाओं के लिए प्रेरणा के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि आत्मसम्मान से बड़ा कोई धन नहीं होता। उन्होंने सत्ता, वैभव और सुख-सुविधाओं के सामने कभी अपने सिद्धांतों को नहीं छोड़ा। आज जब समाज में नैतिक मूल्यों का संकट दिखाई देता है, तब महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति का मार्ग दिखाता है।राजस्थान ही नहीं, पूरे भारत में महाराणा प्रताप का स्मरण बड़े सम्मान के साथ किया जाता है। स्कूलों, महाविद्यालयों और स-ार्वजनिक समारोहों में उनकी वीरता की गाथाएँ सुनाई जाती हैं। मोटी मगरी स्मारक सहित अनेक स्थानों पर उनकी विशाल प्रतिमाएँ स्थापित हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं। साहित्य, लोकगीत और नाटकों में भी महा-राणा प्रताप का चरित्र सदैव जीवित रहा है।

भारत का इतिहास ऐसे अनेक वीरों से भरा पड़ा है, लेकिन महा-राणा प्रताप का स्थान विशेष है, क्योंकि उन्होंने संघर्ष को जीवन का उद्देश्य बना लिया था। उन्होंने यह सिद्ध किया कि राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्मान किसी भी व्यक्तिगत सुख से अधिक महत्वपूर्ण है। वे पराजित होकर भी विजेता बने, क्योंकि उन्होंने अपने आत्मसम्मान को कभी झुकने नहीं दिया।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित, स्वाभिमान और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें। केवल उनकी जयंती मनाना या उनके स्मारकों पर पुष्प अर्पित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों को व्यवहार में लाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जब तक भारतभूमि पर स्वतंत्रता, साहस और स्वाभिमान की बात होती रहेगी, तब तक महाराणा प्रताप का नाम अमर रहेगा।

**वरुण कुमार**

# प्रकृति की मूक चीख: एक पौधा हमें बचा सकता है, हम उसे बचा नहीं पा रहे

प्रकृति की गोद में रची-बसी भारतीय धरती आज भी जैव-विविधता के अनगिनत रहस्यों को अपने भीतर समेटे हुए है, और आधुनिक वैज्ञानिक खोजें लगातार यह साबित कर रही हैं कि यह खजाना अभी पूरी तरह सामने नहीं आया है। हाल ही में खोजी गई पौध प्रजाति यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि हमारे पारिस्थितिक तंत्र में अभी भी अनेक अनदेखे रहस्य मौजूद हैं। यह खोज केवल एक नई वनस्पति की पहचान नहीं, बल्कि यह संकेत है कि भारत के वन, पर्वतीय क्षेत्र और सूक्ष्म आवास विज्ञान के लिए निरंतर नए द्वार खोल रहे हैं। राष्ट्रीय जैव-विविधता रिपोर्ट में ऐसी खोजों की बढ़ती संख्या यह दशार्ती है कि पर्यावरणीय अनुसंधान अब अधिक गहराई और विस्तार के साथ आगे बढ़ रहा है।

मरुस्थल जैसी कठोर परिस्थितियों में भी जीवन की सूक्ष्म संभावनाएँ कितनी समृद्ध हो सकती हैं, यह यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस की खोज स्पष्ट रूप से दशार्ती है। यह दुर्लभ पौधा आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले के निगिडी वन क्षेत्र में ग्रेनाइट चट्टानों के बीच लगभग 450 से 550 मीटर की ऊँचाई पर पाया गया है, जहाँ अत्यंत कठिन जलवायु परिस्थितियाँ मौजूद हैं। फिर भी यह प्रजाति अपनी विशिष्ट जैविक संरचना के बल पर जीवित है और पर्यावरण के साथ अद्भुत संतुलन स्थापित करती है। इस-की पत्तियों और तनों की बनावट जल संरक्षण की अत्यंत उन्नत क्षमता प्रदान करती है, जिससे यह शुष्क क्षेत्रों में भी टिकाऊ बनी रहती है। इसी असाधारण अनुकूलन क्षमता के कारण यह पौधा वैज्ञानिकों के लिए एक महत्वपूर्ण और गहन अध्ययन का विषय बन चुका है। वैज्ञानिक अनुसंधानों की बढ़ती गति ने भारत की जैव-विविधता को नए आयामों में उजागर करना प्रारंभ कर दिया है। राष्ट्रीय जैव-विविधता रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक दशक में सैकड़ों नई पौध प्रजातियाँ दर्ज की गई हैं, जो यह स्पष्ट करती हैं कि भारत केवल सांस्कृतिक रूप से ही नहीं, बल्कि जैविक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध देश है। राष्ट्रीय जैव-विविधता रिपोर्ट और बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत में हजारों नई पौध प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया है। केवल वर्ष 2024 में ही 410 से अधिक नई प्रजातियाँ दर्ज की गईं। इनमें अनेक प्रजातियाँ औषधीय गुणों से युक्त हैं, जो भविष्य में चिकित्सा विज्ञान के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती हैं। ये निरंतर हो रही खोजें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उनके संतुलित उपयोग की आवश्यकता को और अधिक अनिवार्य बना देती हैं।

इन दुर्लभ पौधों का अध्ययन अब केवल जैव-विज्ञान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को समझने का आधार बन गया है। यूफोरबिया अनन्थापुरामेन्सिस जैसी प्रजातियाँ दशार्ती हैं कि छोटे-से-छोटे आवासों में भी जीवन के सूक्ष्म और जटिल चक्र सक्रिय रहते हैं। यदि इन संवेदनशील क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप बढ़ता रहा, तो अब तक अनदेखी जैव-विविधता गंभीर रूप से प्रभावित या विलुप्त हो सकती है। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे क्षेत्रों की सतत निगरानी और संरक्षण पर विशेष जोर दे रहे हैं। यह प्रजाति अत्यंत दुर्लभ है; लगभग 2.5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में केवल करीब 80 पौधे ही पाए गए हैं।

# वन्दे मातरम का सम्मान

वन्दे मातरम् की गूंज उठी, भारत माँ की शान,
राष्ट्रगान-सा दर्जा पाकर, हर दिल की पहचान।
माटी की खुशबू इसमें, नदियों का 'मधुर' गान,
वीरों के बलिदानों से, महकता इसका सम्मान।

जब-जब ये गाते जाए, 'देशभक्ति' उमड़ पड़ती,
भारतमाता के चरणों में, श्रद्धा खुद ही झुकती।
राष्ट्रगान संग इसका, 'सम्मान' और बढ़ जाएगा,
हर भारतीय के मन में, 'देशप्रेम' दीप जलाएगा।

वन्दे मातरम् शब्द नहीं, जन-2 की अभिलाषा,
ये भारत की गौरव गाथा, माँ भारती की भाषा।
'150 वर्ष' पूर्ण होने पर नए भारत को दें दिशा,
संस्कृति मंत्रालय से यह सम्मान की थी आशा।
(संदर्भ - वन्दे मातरम् गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा)

**संजय एम तराणेकर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 13 मई को विकास भवन सभागार में आयोजित होगा किसान दिवस कार्यक्रम

## कृषक रख सकेंगे समस्याएं और सुझाव, कृषि विशेषज्ञ देंगे नई तकनीकों की जानकारी

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर संवाददाता 08 मई 2026ः जनपद गौतमबुद्धनगर में किसानों की समस्याओं के समाधान एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से 13 मई 2026 को किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विकास भवन स्थित सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित होगा।

उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिला मुख्यालय के निकट किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मई माह का किसान दिवस 13 मई को आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनपद के प्रगतिशील किसान भाग लेकर अपने गांवों से जुड़ी समस्याएं एवं सुझाव अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिससे संबंधित समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### नई तकनीकों और संतुलित उर्वरक प्रयोग की दी जाएगी जानकारी

किसान दिवस कार्यक्रम में किसानों को कृषि क्षेत्र में विकसित नवीन तकनीकों एवं उन्नतशील प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही सॉइल हेल्थ कार्ड के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के प्रति किसानों को जागरूक किया जाएगा, ताकि लागत कम हो और उत्पादन में वृद्धि हो सके।

### कई विभागों के अधिकारी और वैज्ञानिक रहेंगे मौजूद

कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय में कार्यरत विषय वस्तु विशेषज्ञ राजकिशोर के मोबाइल नंबर 8448211463 पर संपर्क कर सकते हैं। – सौजन्य ः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# 09 मई को जनपद में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## आपसी समझौते से विभिन्न मामलों का होगा निस्तारण, पक्षकारों को मिलेगा त्वरित न्याय

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गौतमबुद्धनगर संवाददाता 08 मई 2026ः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर के निदेशों के क्रम में 09 मई 2026 को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर की सचिव (पूर्णकालिक) शिवानी रावत ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद मुख्यालय के साथ-साथ तहसील न्यायालयों में भी किया जाएगा।

### इन मामलों का किया जाएगा निस्तारण

राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा मामले, बिजली एवं पानी से संबंधित विवाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट के मामले, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधी प्रकरण तथा प्री-लिटीगेशन मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

इसके अलावा ऐसे अन्य मामले, जिनमें दोनों पक्ष आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के माध्यम से विवाद समाप्त करना चाहते हैं, उन्हें भी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किया जाएगा।

### त्वरित और सुलभ न्याय का मिलेगा लाभ

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में पहुंचकर अपने मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कराएं, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो सके।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय सेक्टर-39 में जटिल सिजेरियन ऑपरेशन सफल, मां और बच्चा दोनों सुरक्षित

## डॉक्टरों की टीम ने गर्भाशय की बड़ी गांठ भी एक साथ निकाली, सफल सर्जरी से बची दो जानें

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा संवाददाता 08 मई 2026ः जिला संयुक्त चिकित्सालय, सेक्टर-39 नोएडा में डॉक्टरों की टीम ने एक अत्यंत जटिल सिजेरियन ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मां और नवजात शिशु दोनों की जान बचा ली। ऑपरेशन के दौरान गर्भाशय में मौजूद बड़ी फाइब्रॉइड गांठ को भी सफलतापूर्वक निकाल दिया गया।



### पहली बार गर्भवती महिला को थी प्रसव में जटिलता

जानकारी के अनुसार, प्रसूता पहली बार गर्भवती थी और सामान्य प्रसव (सीफेलोपेल्विक डिसप्रोपोर्शन) के कारण स्थिति जटिल हो गई थी। चिकित्सकों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया।

ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने सुरक्षित रूप से एक स्वस्थ शिशु का जन्म कराया।

### 7.14 सेमी की फाइब्रॉइड गांठ निकाली गई

सर्जरी के दौरान चिकित्सकों को गर्भाशय में लगभग 7.14 सेंटीमीटर की बड़ी फाइब्रॉइड गांठ मिली, जिसके कारण अत्यधिक रक्तस्राव की स्थिति बन रही थी और आगे गंभीर खतरा हो सकता था।

मरीज की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए डॉक्टरों की टीम ने उसी ऑपरेशन के दौरान फाइब्रॉइड को भी सफलतापूर्वक निकालने का निर्णय लिया।

### मां और बच्चा दोनों स्वस्थ

सफल ऑपरेशन के बाद मां और नवजात शिशु दोनों पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं। चिकित्सकों के अनुसार, समय पर निर्णय और समन्वित प्रयासों से गंभीर जटिलता को टाल दिया गया।

### डॉक्टरों की टीम को मिला श्रेय

यह सफल सर्जरी डॉ. दीपा एवं डॉ. रुचि द्वारा की गई, जिसमें डॉ. मनीषा और नर्स मोहित ने सहयोग किया। पूरी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण डॉ. अजय राणा ने किया।

### अस्पताल में जटिल ऑपरेशन की सफलता से चिकित्सा टीम की सराहना

इस सफलता के बाद अस्पताल प्रशासन ने पूरी टीम की सराहना की है। इसे जिला अस्पताल की एक महत्वपूर्ण चिकित्सा उपलब्धि माना जा रहा है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर भाकियू (सर छोटू राम) का हमला, उपभोक्ताओं की जेब पर 'डाका' का आरोप

## प्रीपेड और पोस्टपेड स्मार्ट मीटरों को लेकर विरोध तेज, व्यवस्था वापस लेने की मांग

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

गाजियाबाद संवाददाता 08 मई 2026ः भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के उत्तर प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया) ने प्रदेश में लगाए जा रहे प्रीपेड और पोस्टपेड स्मार्ट मीटरों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था आम उपभोक्ताओं की जेब पर "खुला डाका" है और इससे गरीब, किसान, मजदूर तथा मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है।

### 'सुविधा नहीं, आर्थिक बोझ बन रहे हैं स्मार्ट मीटर'

रविन्द्र त्यागी ने कहा कि स्मार्ट मीटरों को आधुनिक तकनीक और पारदर्शिता के नाम पर लागू किया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इससे उपभोक्ताओं को–

अत्यधिक बिजली बिल
अचानक बिजली कटौती
तकनीकी खराबी
और मानसिक उत्पीड़न

जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### बिना सहमति मीटर बदलने और धमकाने के आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विरोध करने पर उपभोक्ताओं को डराया-धमकाया जा रहा है और शिकायतों का समाधान नहीं किया जा रहा।

### सरकार और ऊर्जा विभाग पर निशाना

रविन्द्र त्यागी ने ऊर्जा मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनता को लगातार लॉलीपॉप दिया जा रहा है, लेकिन वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि अब जनता सच्चाई समझ चुकी है और व्यवस्था पर भरोसा कम हुआ है।

### नौकरियों पर खतरे का भी दावा

उन्होंने दावा किया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था से बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारियों की नौकरियां भी खतरे में पड़ सकती हैं। अनुमानित तौर पर उत्तर प्रदेश में 5000 से अधिक और देशभर में लगभग 2 लाख से अधिक नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं।

### भाकियू की प्रमुख मांगें

भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) ने सरकार से निम्न मांगें रखी हैं–

स्मार्ट मीटरों की स्थापना तत्काल रोकी जाए
लगाए गए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर पुनः लगाए जाएं
गलत बिलिंग की वसूली राशि उपभोक्ताओं को लौटाई जाए
जबरन मीटर बदलने की घटनाओं की जांच कर कार्रवाई की जाए
उपभोक्ताओं को मीटर चयन का अधिकार दिया जाए

### आंदोलन की चेतावनी

रविन्द्र त्यागी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र जनहित में निर्णय नहीं लिया तो संगठन प्रदेश एवं देशभर में शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# सेक्टर-168 मार्केट में चला एंटी प्लास्टिक और स्वच्छता जागरूकता अभियान

## दुकानदारों को गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने की दी जानकारी

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा संवाददाता 08 मई 2026ः नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सेक्टर-168 मार्केट में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एंटी प्लास्टिक एवं डस्टबिन जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण के बारे में जानकारी दी। टीम ने बताया कि हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा तथा नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा डालना चाहिए।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील

जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए भी जागरूक किया। अधिकारियों ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है, इसलिए सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे इसके उपयोग से बचें।

### स्वच्छ नोएडा बनाने का आह्वान

अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं और कचरा केवल निर्धारित कूड़ा गाड़ी को ही दें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही नोएडा को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

# गौतमबुद्धनगर में बिजली चोरी पर बड़ा प्रहार, 21 परिसरों में पकड़ी गई अवैध विद्युत खपत

## हाई लॉस क्षेत्रों में विद्युत विभाग का सघन अभियान, 53.542 किलोवाट का अवैध लोड मिला

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा संवाददाता 08 मई 2026ः उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा हाई लॉस क्षेत्रों में विद्युत चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत गौतमबुद्धनगर में बड़ी कार्रवाई की गई। मुख्य अभियंता (वितरण) नोएडा क्षेत्र के निर्देशन में विजिलेंस एवं विभागीय टीमों ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर 21 परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी।

चेकिंग अभियान के दौरान कुल 53.542 किलोवाट का अवैध विद्युत भार पाया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की जा रही है।




### रबूपुरा क्षेत्र में 12 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई

प्रवर्तन दल प्रभारी सरिता रानी के नेतृत्व में टीम ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बनकापुर से पोषित ग्राम कानपुर, थाना रबूपुरा क्षेत्र में सुबह चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान 12 परिसरों में अवैध रूप से बिजली का उपयोग पाया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कई उपभोक्ता बिना वैध कनेक्शन के सीधे लाइन से बिजली चोरी करते मिले।

### दादरी क्षेत्र में भी 9 परिसरों पर कार्रवाई

दूसरी टीम ने सहायक अभियंता रेड अजीत कुमार के नेतृत्व में बिश्नौली विद्युत उपकेंद्र से जुड़े श्री जी विला, वायु एन्क्लेव एवं सहारा सिटी क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया।

यहां 09 परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। विभाग ने सभी मामलों में एंटी पावर थेफ्ट थाना सेक्टर-63 नोएडा में मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### विद्युत विभाग की चेतावनी— बिजली चोरी दंडनीय अपराध

अधिशासी अभियंता नगरीय विद्युत वितरण खंड-रेड नोएडा ने कहा कि हाई लॉस क्षेत्रों में आगे भी लगातार औचक चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन एवं मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें।

विभाग ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी दंडनीय अपराध है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## निमार्णाधीन कॉलेज हॉस्टल में दो मजदूरों की संदिग्ध हालत में मौत, साथी मजदूर पर हत्या की आशंका

# सीताराम इंस्टीट्यूट के हॉस्टल साइट पर मिला शव, तीसरा मजदूर फरार

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

ग्रेटर नोएडा संवाददाता 08 मई 2026ः ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब निमार्णाधीन कॉलेज हॉस्टल में दो मजदूरों के शव बरामद किए गए। घटना सीताराम इंस्टीट्यूट के निमार्णाधीन हॉस्टल साइट की बताई जा रही है।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।




### तीन मजदूर रहते थे एक ही कमरे में, 15 दिन पहले आए थे काम पर

जानकारी के अनुसार, मृतक मजदूर करीब 15 दिन पहले ही काम के लिए साइट पर आए थे और तीनों एक ही कमरे में रह रहे थे।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि देर रात शराब पीने के बाद तीनों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई होने की आशंका जताई जा रही है।

### साथी मजदूर पर हत्या की आशंका, तीसरा आरोपी फरार

पुलिस के अनुसार, मृतकों के साथ रहने वाला तीसरा मजदूर मौके से फरार है, जिस पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है और आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से मिले शुरूआती साक्ष्यों के आधार पर मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### निमार्णाधीन साइट पर सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना के बाद निमार्णाधीन साइटों पर मजदूरों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस ने निर्माण एजेंसी से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

# ग्राम झट्टा सेक्टर-159 में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ धार्मिक महोत्सव, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा संवाददाता 08 मई 2026ः नोएडा के ग्राम झट्टा सेक्टर-159 स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर में सभी ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कलश यात्रा से गूंजा क्षेत्र, भक्तिमय हुआ माहौल

कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ शामिल हुए। पूरे क्षेत्र



वातावरण भक्तिमय हो गया।

### कथाव्यास ने किया भागवत महात्म्य का वर्णन

सुप्रसिद्ध कथाव्यास पं. श्री राकेश शास्त्री जी ने अपने मुखारविंद से श्रीमद्भागवत महात्म्य का विस्तृत भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और जीवन में भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

इस पावन भक्ति ज्ञान यज्ञ में ग्रामवासियों की भारी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से श्री सुखबीर, रोहताश चौहान, बाबूराम चौहान, मनोज, कालूराम, हरिराम, दयाराम (एडवोकेट), जितेन्द्र चौहान (एडवोकेट), संजय शर्मा, संजय चौहान, बीर सिंह, फूल सिंह, हरिकिशन, महावीर बोहरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भागवत कथा के शुभारंभ से पूरा क्षेत्र धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण में रंग गया है। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में कथा के विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से श्रवण कराया जाएगा।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# आईएमएस नोएडा में प्रिंसिपल मीट का आयोजन

## 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल नई शिक्षा नीति पर करेंगे विमर्श

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा में प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल एवं शिक्षाविद भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना तथा विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच शैक्षणिक समन्वय को मजबूत बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलाव, आधुनिक शिक्षण




पद्धतियां, स्किल आधारित शिक्षा, डिजिटल लर्निंग तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर विशेषज्ञ शिक्षाविद नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अपने विचार साझा करेंगे।

आईएमएस नोएडा के वाइस प्रसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां वे बदलती शैक्षणिक आवश्यकताओं और विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा कर सकेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल अपने अनुभव भी साझा करेंगे।

इस कार्यक्रम की संयोजक इसा व्यास ने बताया कि इस आयोजनों से स्कूल एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा तथा नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से लागू करने में सहायता प्राप्त होगी। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता, एडवाइजर प्रो. डॉ. जेके शर्मा, संस्थान के शिक्षकगण एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। सभी अतिथि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराने के विषय पर अपने विचार रखेंगे।

# टीएमयू में एल्युमिनाई बोले, पॉजिटिव माइंडसेट सफलता की नींव

## टीएमयू के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में एल्युमिनाई टॉक सीरीज- संवाद

**समाज जागरण/संदीप गर्ग**

क्लाउड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कैलेंस सॉफ्टवेयर प्रा.लि., गुरुग्राम में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवम् टीएमयू सीसीएसआईटी के एल्युमिनाई श्री नितिन कुमार कश्यप ने फ्रेशर्स और कॉलेज छात्रों की ओर से जाने वाली गलतियां- मेरी यात्रा पर बोलते हुए कहा, पॉजिटिव माइंडसेट और निरंतर अभ्यास ही सफलता का आधार हैं। आज के प्रतिस्पर्धी युग में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल ही सफलता की वास्तविक पहचान है। स्टुडेंट्स को दीर्घकालिक सफलता और संतोष ज्ञान एवम् निरंतर सीखने से ही प्राप्त होते हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, समय प्रबंधन, आत्म-अनुशासन और सही नेटवर्किंग करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्टुडेंट्स अक्सर भय, आत्म-संदेह और तुलना की मानसिकता के



कारण अपनी वास्तविक क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। श्री नितिन कुमार तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में एलुमनाई टॉक सीरीज- संवाद में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। अंत में चले प्रश्नोत्तरी सत्र में करियर योजना, उद्योग की अपेक्षाएं, कौशल विकास, इंटर्नशिप सरीखे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

इससे पूर्व फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, मुख्य वक्ता श्री नितिन कुमार कश्यप, डॉ. रूपल गुप्ता, एआरसी के सहायक निदेशक श्री सिद्धार्थ माथुर, डॉ. प्रियांक सिंघल, इवेंट कोऑर्डिनेटर श्री विनीत सक्सेना आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एफओई के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने जीवन में विनम्रता, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना बनाए रखने का संदेश दिया। रामायण के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि अहंकार मनुष्य की प्रगति में सबसे बड़ा अवरोध बन सकता है, जबकि विनम्रता और सकारात्मक सोच व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती है। डॉ. प्रियांक सिंघल बोले, एल्युमिनाई और वर्तमान स्टुडेंट्स के बीच संवाद एक ऐसा मंच है, जो अनुभव और संभावनाओं के बीच सेतु का कार्य करता है।

अंत में एआरसी के सहायक निदेशक श्री सिद्धार्थ माथुर ने सभी का आभार व्यक्त किया। संवाद में बीटेक-सीएसई, बीटेक सीएसई-एआई, एमएल एवं डीएल, बीटेक-साइबर सिक्योरिटी और बीसीए के

# गुन्नौर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन गोवंशीय पशुओं की मौत

**समाज जागरण**

गुन्नौर गुरुवार देर रात गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर रजिस्ट्री कार्यालय के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

बताया जाता है कि हाईवे पर अक्सर गोवंशीय पशुओं का जमघट लगा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर मौजूद तीन गोवंशीय पशुओं को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि जेसीबी मंगाकर तीनों गोवंशीय पशुओं को दफन कराया गया है। साथ ही अज्ञात वाहन की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने हाईवे पर घूम रहे आवारा गोवंशीय पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# गुन्नौर में स्वास्थ्य कर्मी से ठगी, कॉल करने के बहाने मोबाइल लेकर फरार

**समाज जागरण**

गुन्नौर कस्बे के नेहरू चौक पर एक शातिर युवक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में तैनात स्वास्थ्य कर्मी को झांसा देकर उनका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में तैनात स्वास्थ्य कर्मी अनिल कुमार ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपने घर चंदौसी लौट रहे थे। इसी दौरान नेहरू चौक पर एक युवक उनके पास पहुंचा और बोला कि उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया है तथा उसे अपने भाई से जरूरी बात करनी है। युवक की बातों पर भरोसा कर अनिल कुमार ने अपना मोबाइल उसे दे दिया।

बताया जाता है कि मोबाइल हाथ में मिलते ही युवक बात करने का बहाना बनाकर बस की ओट में चला गया और मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद जब स्वास्थ्य कर्मी को शक हुआ तो उन्होंने युवक की आसपास काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

घटना के बाद पीड़ित स्वास्थ्य कर्मी ने गुन्नौर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को मामले की सूचना दी।

# नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने हड़ताल दिवस मनाया

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद रेलवे स्टेशन नजीबाबाद में इंडिया रेलवे फेडरेशन (AIRF) के आह्वान और महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा के निर्देशों के




अनुपालन में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की शाखा द्वारा 'हड़ताल दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान अवसर पर दोपहर में C&W कार्यालय पर एक गेट मीटिंग का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष फखरुद्दीन एवं संचालन शाखा सचिव विक्रांत द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कर्मचारी हितों की रक्षा और फेडरेशन के निर्देशों पर एकजुट रहने का संकल्प लिया।इस दौरान शाखा उपाध्यक्ष संजय कुमार, सहायक सचिव संजय सिंह, वीरेन्द्र कुमार, नीरज, दुली चंद मीणा और चंद्रप्रकाश गौतम असलम नितिन कमल आफताब अहमद सहित बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारियों ने भाग लेकर संगठन की मजबूती का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

# पटीकरा नहर में मिला अज्ञात शव, पुलिस कर रही शिनाख्त कराने का प्रयास

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना क्षेत्र जसराना की पटीकरा नहर में शुक्रवार की सुबह लोगों को एक शव बहता हुआ दिखाई दिया। शव देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिली तो थाना जसराना से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकालकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं होने पर पोस्टमार्टम कराने के लिए शव जिला अस्पताला भेज दिया।



पुलिस ने कहा शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

थाना जसराना पुलिस को शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव पटीकरा नहर में मौजूद है। शव को देख पटीकरा नहर पुल पर लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ ने नहर में शव होने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। थाना पुलिस ने बताया नहर से एक शव बरामद हुआ है। शव चार से पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच है। मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# गृह क्लेश के चलते पति-पत्नी ने विषाक्त खाकर किया जान गवाने का प्रयास

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना फरिहा क्षेत्र में शुक्रवार को ग्राम मछरिया में गृह क्लेश के चलते पति-पत्नी ने विषाक्त का सेवन कर जान गवाने का प्रयास किया जानकारी मिलते ही परिजन दोनो को उपचार के लिये सरकारी ट्रामा सेंटर



लेकर आये जहाँ चिकित्सक ने परीक्षण के बाद भर्ती कर दोनो का उपचार शुरू कर दिया और पुलिस को सूचना भेज दी फरिहा क्षेत्र के गाँव मछरिया में शुक्रवार को पति 26 वर्षीय अंशुल पुत्र विद्याराम और उसकी पत्नी 25 वर्षीय रुचि के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने किसी विषाक्त का सेवन कर लिया। और अचेत हो गये। जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुँच गये। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया वह आनंन-फानन में दोनो को बेहोशी की हालत में लेकर सरकारी ट्रामा सेंटर आये, जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों का उपचार शुरू कर दिया है और घटना के बारे में सूचना पुलिस को भेज दी, चिकित्सक ने जानकारी देते हुए हालत संतोषजनक बताई है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**समाज जागरण**

बबराला आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव इटऊआ के पास गुरूवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का हुक टूट जाने के कारण वह हाईवे पर खड़ी हो गई थी। इसके बाद ईंटों को दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरा जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही मोटरसाइकिल ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।

हादसे में गांव इटऊआ निवासी दानवीर पुत्र राजेंद्र और तुलाराम पुत्र थान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दानवीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं तुलाराम की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बताया गया कि दोनों युवक जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मैदावली में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसा रात करीब 12 बजे हुआ।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किरतपुर पुलिस ने किया पैथोलॉजी लैब में हुई चोरी का खुलासा

## तीन गिरफ्तार एक फरार - बरामद हुआ सामान और घटना में प्रयुक्त कार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर।स्थानीय पुलिस ने पैथोलॉजी लैब में हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया है।वही एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान तथा घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद की गई है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बूढ़पुर नैनसिंह निवासी शिवा चौधरी ने तहरीर देकर बताया था कि 28-29 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात चोरों ने उसकी पैथोलॉजी लैब का ताला तोड़कर दो बैटरे और एक इनवर्टर चोरी कर लिया गया। शिकायत के आधार पर थाना किरतपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस राशिद कुरैशी, अखलाक अहमद, और जमशेद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी बब्लू उर्फ सिटी निवासी खालापार मुजफ्फरनगर के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी का सामान कार में ले जाकर मीरापुर क्षेत्र में करीब 12 हजार रुपयो में बेच दिया गया था और रकम आपस में बांट ली गई थी।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बैटरे एक इनवर्टर तथा घटना में प्रयुक्त मेट्रो कार संख्या उप 16,00,45 बरामद की है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धराओं की बढ़ोतरी की गई। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी बब्लू और सीटी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं, तथा मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# खाने पर बुलाकर रिश्तेदारों ने किया खूनी हमला, गर्दन पर धारदार हथियार से वार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर स्योहारा। रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना में मोहल्ला शेखान निवासी युवक पर उसके ही साले और अन्य रिश्तेदारों द्वारा कथित रूप से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

मोहल्ला शेखान निवासी रईस अहमद पुत्र रफीक अहमद द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे उसके साले शाहिद पुत्र अबकर हुसैन निवासी मोहल्ला पटवारियान, महागिरीयान मस्जिद के पास, स्योहारा ने उसे अपने घर खाना खाने के लिए बुलाया था। रिश्तेदारी होने के कारण रईस अहमद बिना किसी शक के वहां पहुंच गया।



पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही वह खाना खाने बैठा, तभी पहले से मौजूद शाहिद, सुहेब पुत्र रफीक अहमद तथा रफीक अहमद पुत्र जहूर इस्लाम ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर धारदार हथियारों तथा लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया।

तहरीर में बताया गया है कि हमलावरों ने उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ हो गया। अचानक हुए इस हमले से पीड़ित घबरा गया और अपनी जान बचाने के लिए मौके से भागने लगा। घायल अवस्था में उसने किसी तरह वहां से निकलकर अपनी जान बचाई।

पीड़ित रईस अहमद का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने उसे दोबारा मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर उपचार के लिए पहुंचे, जहां उसका इलाज कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों में इस बात को लेकर चर्चा रही कि आखिर रिश्तेदारी के बीच इतना बड़ा विवाद कैसे खूनी संघर्ष में बदल गया।

पीड़ित ने थाना स्योहारा पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन ओवर ब्रिज का किया निरीक्षण

## मजदूरों को बिना हेलमेट देख कार्यदायी संस्था को लगाई फटकार

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ शहरी यातायात को सुगम बनाने के उददेश्य से सुहाग नगर चौराहे से सुभाष चौक तक निमार्णाधीन महत्वपूर्ण उपरगामी सेतु का आज स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति, तकनीकी गुणवत्ता और साइट पर मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कडे. निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान सेतु निगम के अधिकारियों ने परियोजना की वर्तमान स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि इसकी कुल लम्बाई 1291.69 मी0 है, इस परियोजना 72.70 करोड़ की लागत से बन रही है, इसको बनाने का कार्य 30 मार्च 2025 को शुरू किया गया और इसे 31 मार्च 2027 तक पूरा करना है, अभी तक 62 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है,



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी इस बात पर बेहद नाराज हुए जब उन्होने निर्माण स्थल पर कार्यरत मजदूरों को बिना हेलमेट के काम करते हुए देखा जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि विकास कार्य जितना महत्वपूर्ण है, उससे कही अधिक महत्वपूर्ण वहां काम कर रहे, मजदूरों का जीवन और सुरक्षा है। सुरक्षा मानकों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नही किया जाएगा, सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मजदूर अनिवार्य रूप से हेलमेट और सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें।

जिलाधिकारी ने कार्य की गति और पारदर्शिता को लेकर निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु कार्यों में तेजी लाए, ताकि जनता को आवागमन में हो रही असुविधाओं से शीघ्र निजात मिल सकें।

निर्माण कार्य की तकनीकी शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए किसी दक्ष थर्ड पार्टी से तकनीकी परीक्षण कराए जाए, निरीक्षण के दौरान सेतु निगम व सम्बन्धित अधिकारियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

# अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर स्वीप की ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ संध्या द्विवेदी ने प्रदान की शुभकामनाएं

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। प्रदेश के आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित करने पर महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में प्रोफेसर एवं स्वीप की ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ संध्या द्विवेदी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों



की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

डॉ संध्या द्विवेदी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने डॉ संध्या द्विवेदी, जनपद फिरोजाबाद स्वीप की ब्राण्ड एम्बेसडर के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

# सक्षम संगठन की सम्भल-जिला इकाई की बैठक सम्पन्न, संत सूरदास जयंती कार्यक्रम से दिया जाएगा सेवा का सन्देश

**समाज जागरण**

चन्दौसी। समदृष्टि, क्षमताविकास एवं अनुसंधान मण्डल (सक्षम) की मेरठ प्रान्त के जिला-सम्भल में जिला इकाई की परिचय एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर एक महत्वपूर्ण योजना बैठक नगर चन्दौसी में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के उद्देश्य, विस्तार एवं आगामी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी के गठन पर विचार-विमर्श करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा जिलाध्यक्ष- मंतेश वार्ष्णेय, जिला महिला प्रमुख- प्रतिभा चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य महिला- डोली शर्मा, जिला उपाध्यक्ष- डॉ. गौरव बंसल, जिला कोषाध्यक्ष- रोहित वार्ष्णेय, जिला प्रचार प्रमुख- शुभम अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य- अभिनव शर्मा, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, रितिक वार्ष्णेय, आदेश कुमार आदि दायित्वों के अनुसार की गई। जल्द ही पुरे जिले भर में भी दायित्ववान कार्यकताओं का सृजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला सचिव- अनुज वार्ष्णेय अन्नू के द्वारा दी गई।

इस अवसर पर प्रान्त संगठन मंत्री आशुतोष जी ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सक्षम संगठन के उद्देश्य, महत्व तथा समाज में इसकी भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। ह्लसक्षम संगठन का मूल उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उनके आत्मसम्मान, स्वावलंबन एवं अधिकारों को सशक्त करना है। संगठन न केवल सेवा कार्य करता है, बल्कि समाज में जागरूकता बढ़ाकर सकारात्मक सोच का निर्माण भी करता है। हमें हर स्तर पर संगठन का विस्तार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है, ताकि सामाजिकता के अनुरुओ दिव्यांगजन सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

बैठक में वार्षिक रूप से प्रस्तावित 6 प्रमुख कार्यक्रमों में से एक 'संत सूरदास जयंती' के आयोजन को लेकर विशेष चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम दिनांक 9 मई 2026 को नगर चन्दौसी के रामबाग रोड स्थित वृद्ध आश्रम में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण हेतु विभिन्न चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श की व्यवस्था की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सेवा, सम्मान एवं संवेदना का संदेश देना है।

बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने एवं सामाजिक सेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्व-गणना कर किया जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो : शमीम सिद्दीकी**

बिजनौर। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में लैपटॉप के माध्यम से जनगणना पोर्टल पर स्वयं सूचनाएं भरकर जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य के महत्व और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जनगणना देश को मजबूत बनाने के साथ-साथ वास्तविक सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की सही जानकारी उपलब्ध कराती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग दें तथा घर-घर पहुंचने वाले जनगणना कर्मियों को सही एवं वास्तविक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान दी गई सभी सूचनाएं पूर्णतया गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जाती हैं।



उन्होंने बताया कि 7 मई से 21 मई 2026 तक संचालित प्रथम चरण में मकानों से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। शासन द्वारा स्व-गणना के लिए निर्धारित पोर्टल https://se.census.gov.in पर नागरिक स्वयं भी जानकारी भरकर प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यशाला के दौरान ही अधिक से अधिक अधिकारी स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करें तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर पर स्व-गणना रजिस्टर तैयार करें और कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि वे जनगणना कार्य में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जनगणना 2027 से संबंधित तिथिवार रोस्टर एवं विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारी देते हुए अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। वहीं जिला प्रभारी जनगणना अधिकारी जेपी यादव ने जनगणना पोर्टल पर स्व-गणना से संबंधित तकनीकी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट परिसर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद की अब तक की उपलब्धियों पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

जिलाधिकारी को पीडीआरडीए ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप जनपद को सम्पूर्ण प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है, 1260 आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत स्वीकृतियां प्रदान की जा चुकी है, अब तक 1226 आवास पूर्ण किए जा चुके है, जो कुल लक्ष्य का 97.30 प्रतिशत है, जिलाधिकारी ने विशेष रूप से शिकोहाबाद और टूण्डला ब्लॉक की सराहना की,




जिन्होने शत-प्रतिशत पूर्णतः का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, साथ ही अरांव (98.54 प्रतिशत), जसराना (98.28 प्रतिशत) के उत्कृष्ट कार्य को भी सराहा, जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में हमारा जनपद पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर है, यह उपलब्धि विभागीय अधिकारियों और मैदानी स्तर पर काम कर रहें कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। हमारा अंतिम उददेश्य केवल आंकडे.प्राप्त करना नही, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे. व्यक्ति को पक्की छत और सम्मानजनक जीवन देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि यद्यपि जनपद की प्रगति सराहनीय है, फिर भी शेष बचे 24 आवासों को भी युद्धस्तर पर कार्य कर तत्काल पूर्ण किया जाए, जिन ब्लॉकों में (खैरगढ, मदनपुर, नारखी) में कार्य प्रगति पर है, वहां के खण्ड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें की आगामी सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा।

# देखिए डीएम साहब ! हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद गोविंद नगर के ब्लॉक-8 पार्क में नवनिर्माण के साथ जारी कब्जा

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। गोविन्द नगर स्थित ब्लॉक-8 के सार्वजनिक पार्क पर कथित अवैध कब्जों और निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश वीर आर्य ने जिलाधिकारी कानपुर को शिकायती पत्र देकर हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद पार्क में हो रहे नए निर्माण एवं मूर्ति स्थापना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते पार्क के लगभग 70% हिस्से पर कब्जा हो चुका है तथा वहां अवैध निर्माण एवं धार्मिक संरचनाएं खड़ी कर दी गई हैं। कई बार IGRS पर शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर निगम द्वारा पुराना निर्माण बताकर फर्जी निस्तारण किया जाता रहा।




प्रकाश वीर आर्य ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 22 अप्रैल 2026 के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि न्यायालय ने स्वयं पार्क भूमि पर हुए निर्माण पर गंभीर टिप्पणी की थी तथा समस्त अतिक्रमण हटाकर पार्क को मूल स्वरूप में बहाल करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद वर्तमान में फिर से निर्माण और मूर्ति स्थापना कर कब्जा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जो न्यायालय की अवमानना है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि पार्क से सभी अवैध कब्जे हटाए जाएं, नगर निगम द्वारा कराई गई इंटरलॉकिंग हटाकर पार्क को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए तथा दोषी अधिकारियों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का आह्वान

— मदरसा इस्लामिया कंजुल उलूम की ओर से जलसे का आयोजन

— कुरआन हिफ्ज व नाजरा पूरा करने वाले बच्चों की हुई दस्तारबंदी






**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) मदरसा इस्लामिया कंजुल उलूम की ओर से आयोजित जलसे में उलमाओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देने और दीन के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान कुरआन हिफ्ज व नाजरा पूरा करने वाले छात्र-छात्राओं की दस्तारबंदी भी की गई।

नगर के मोहल्ला खैलकला स्थित काजी का बाग स्थित मक्किया मस्जिद में मदरसा इस्लामिया कंजुल उलूम की ओर से गुरुवार रात जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मौलाना राशिद गोरखपुरी ने कहा कि समाज में बढ़ रही बुराइयों को खत्म करने के लिए लोगों को दीन की राह पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि इस्लामी शिक्षा इंसान को अच्छे आचरण और भाईचारे का संदेश देती है। बच्चों को बचपन से ही अच्छी शिक्षा देने की जरूरत है, ताकि वे समाज और मुल्क का नाम रोशन कर सकें। अध्यक्षीय संबोधन में मौलाना मुस्तकीम ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की बेहतर परवरिश और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। जलसे का संचालन मदरसे के मोहतमिम मुफ्ती खालिद कैरानवी ने किया। इस दौरान पवित्र कुरआन हिफ्ज पूरा करने पर हाफिज रेहान, हाफिज शमी, हाफिज जैद और हाफिज अली की उलमाओं द्वारा दस्तारबंदी की गई। वहीं, पांच लड़कियों को कुरआन नाजरा पूरा करने पर सम्मानित करते हुए दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम में एक निकाह भी पढ़ाया गया। अंत में मौलाना राशिद गोरखपुरी ने दुआ कराई। इस अवसर पर कारी राशिद, कारी सरफराज, कारी शौकीन, मुफ्ती शाहनवाज, हाजी नफीस, हाजी इस्लाम व पूर्व सभासद मेहरबान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# छोटी नहर में मिला नवजात का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

## नहर में नहा रहे युवकों की पड़ी नजर, लोगों ने जंगल में दफनाया शव





**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे की छोटी नहर में एक नवजात शिशु का शव तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नहर में नहा रहे युवकों की नजर जब पानी में बहते हुए नवजात पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। सूचना फैलते ही मौके पर आसपास के दर्जनों लोग एकत्र हो गए। लोगों ने नवजात के शव को नहर से बाहर निकाला और मानवता का परिचय देते हुए पास के जंगल में ले जाकर दफना दिया। घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। शुक्रवार को गर्मी से राहत पाने के लिए कई युवक कस्बे की छोटी नहर में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर पानी में तैर रहे नवजात के शव पर पड़ी। शव दिखाई देते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद शव को नहर से बाहर निकाला।स्थानीय लोगों के बीच नवजात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने लोकलाज के डर से नवजात को नहर में फेंक दिया होगा। हालांकि मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना के बाद आसपास के युवकों और ग्रामीणों ने मानवता दिखाते हुए नवजात के शव को पास के जंगल में ले जाकर दफना दिया। हैरानी की बात यह रही कि मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं मिली है। यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संपत्ति बंटवारे को लेकर चाचा-भतीजे में मारपीट, तीन का चालान



**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव मतनावली में संपत्ति बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे तीन लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।गांव मतनावली निवासी राजीव, सोनू और उनका भतीजा बॉबी शुक्रवार को आपस में विवाद कर रहे थे। बताया गया कि संपत्ति के बंटवारे को लेकर तीनों में काफी समय से तनातनी चल रही थी। शुक्रवार को विवाद बढ़ने पर जमकर मारपीट शुरू हो गई और मौके पर दर्जनों ग्रामीण भी जमा हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी पुलिस के सामने भी आपस में उलझते रहे। इसके बाद पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। तीनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई कर चालान किया गया है। भविष्य में अगर दोबारा से झगड़ा करते हैं तो उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# महिला ने लगाया मारपीट व जेवर लूटने का आरोप कार्रवाई की मांग



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव हिरनवाडा निवासी एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, अभद्रता और जेवर लूटने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को पीड़िता लक्ष्मी पुत्री अरुण ने शिकायत में बताया कि वह अपने मायके हिरनवाडा में रह रही थी और घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे। आरोप है कि 7 मई की शाम करीब चार बजे गांव निवासी चन्द्रपाल उर्फ चन्दू, विनोद और रीतू एकराय होकर लाठी-डंडों और तमंचे के साथ उसके घर में घुस आए तथा गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। महिला का आरोप है कि चन्द्रपाल उर्फ चन्दू ने तमंचा दिखाकर गले से सोने की चेन और कानों से झुमके जबरन निकाल लिए। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए। पीड़िता के अनुसार शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। महिला ने आरोपियों को दबंग बताते हुए स्वयं और अपने परिवार की जानमाल को खतरा बताया है। महिला ने डीएम से मामले में थाना बाबरी पुलिस को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की है।

# कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप, डीएम को दिया पत्र



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कैराना कस्बे के मोहल्ला खेलकला निवासी कई लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर निजी कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है।

शिकायतकर्ता महराज, साबिर, नसीम, अफसर, छोटन, शमशाद और नानू आदि का कहना है कि उनके पूर्वजों ने कुछ भूमि को परिवार के निजी कब्रिस्तान और मजार के लिए छोड़ा था। आरोप है कि पिछले करीब 50 वर्षों से उनके परिवार के सदस्य ही उक्त कब्रिस्तान में अपने मृतकों को दफनाते आ रहे हैं और भूमि पर उनका मालिकाना हक है। पीड़ितों के अनुसार आगामी बकरीद पर्व को देखते हुए 5 मई को कब्रिस्तान की साफ-सफाई, गड्ढों की मरम्मत तथा चारदीवारी निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ला खेलकला निवासी कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया और भूमि को अपनी बताते हुए विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने उन पर प्रतिबंधित पेड़ काटने का झूठा आरोप लगाया, जबकि पीपल और नीम के पेड़ आंधी-तूफान में जड़ से उखड़कर गिरे थे। उनका कहना है कि भूमि संबंधी पुराने दस्तावेज और खतौनी में पूर्वजों के नाम दर्ज हैं, जिससे मालिकाना हक सिद्ध होता है। आरोप है कि विरोध करने वाले लोग अवैध तरीके से भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीडितों ने मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# भाजपा मंडल बैठक में कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र



**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

शुक्रवार को नगर के भाजपा कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष दामोदर सैनी ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकताओं से सक्रिय होकर जनता के बीच जाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने अनुशासन और संगठनात्मक एकजुटता के साथ कार्य करने का मंत्र दिया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सभी कार्यकर्ता मिलकर आगामी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कार्य करेंगे।जिला उपाध्यक्ष ने मंडल अध्यक्ष को निर्देश दिए कि संगठनात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए पदाधिकारियों को सेक्टरवार जिम्मेदारियां सौंपी जाएं और इसका क्रियान्वयन तत्काल शुरू किया जाए। बैठक के दौरान केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और प्रदेश सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक एवं प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यकताओं से घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर नामित सभासद अलका चौहान, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, अशोक चौहान, राजीव शर्मा, दीपक गुप्ता, विनीत शर्मा, बदरू जमा, जितेंद्र उर्फ टिंकू चौहान, डॉ. जनेश्वर चौहान, सतवीर, संजय मित्तल, राजेंद्र वर्मा, रवि नामदेव, सादिक, राजवीर सिंह, कृष्णपाल और संदीप सैनी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर में घुसकर दंपती पर लाठी-डंडों से हमला, पत्नी घायल



**समाज जागरण**

कांधला। क्षेत्र के गांव गंगेरू में पड़ोस के एक ही परिवार के तीन लोगों ने पति-पत्नी पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी बसारत पुत्र रियासत ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह घर पर अपनी पत्नी के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान पड़ोस के ही खीजर अब्बास, नियाज अब्बास पुत्र कोसर व अजीम पत्नी खीजर घर में घुस आए और कथित तौर पर गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला बोल दिया।पीड़ित के अनुसार, जब उसकी पत्नी ने बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके सिर पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। भीड़ को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घायल महिला को उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद पीड़ित पति ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सब्जी मंडी में गंदगी का अंबार, व्यापारियों में रोष



**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे की कैराना मार्ग स्थित नवीन सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था बदहाल होने से व्यापारियों और ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे फैल रही दुर्गंध के कारण हालात नारकीय बने हुए हैं। व्यापारियों ने सफाई ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है।नगर की नवीन सब्जी मंडी में प्रतिदिन लाखों रुपये का कारोबार होता है, लेकिन पिछले करीब 15 दिनों से मंडी में नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदगी लगातार बढ़ती जा रही है। मंडी व्यापारी दिलशाद ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और सफाई ठेकेदार से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया।व्यापारी नवाब का कहना है कि मंडी में फैल रही गंदगी और बदबू के चलते ग्राहक भी आने से कतराने लगे हैं, जिसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह और शाम के समय मंडी में सबसे अधिक भीड़ रहती है, लेकिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त होने से हालात दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो समस्या और गंभीर हो सकती है। वहीं, सफाई ठेकेदार सहारनपुर निवासी संदीप ने बताया कि मंडी में फैली गंदगी को लेकर जल्द विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंडी परिसर की साफ-सफाई कराकर व्यापारियों और ग्राहकों को राहत दिलाई जाएगी।

# शराब ठेके को बंद कराने की मांग, डीएम को दिया शिकायती पत्र

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव टिटौली में संचालित शराब के ठेकों को बंद कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डीएम आलोक यादव को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के अंदर खुले देशी शराब ठेके के कारण आए दिन शराबियों द्वारा हुड़दंग किया जाता है, जिससे महिलाओं और बहू-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीण राजीव कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह निवासी टिटौली के नेतृत्व में दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि शराब का ठेका आबादी क्षेत्र में स्थित है, जिसके आसपास परिवार रहते हैं। शराब पीने के बाद लोग गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि एक शराब ठेका सड़क किनारे प्राथमिक विद्यालय के सामने स्थित है, जिससे स्कूली बच्चों के आने-जाने में परेशानी होती है और अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मामले की सूचना आदर्श मंडी थाना पुलिस को दी गई, लेकिन कार्रवाई के बजाय विरोध करने पर गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि गांव में संचालित शराब ठेकों को तत्काल बंद कराया जाए, ताकि गांव का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। मौके पर पर जाहिद, मानक, गौरव कुमार, भोपाल सिंह, मोनू, सुरेन्द्र, अमरपाल आदि मौजूद रहे।

# नगर को मिली हाउस टैक्स में राहत, स्वकर निर्धारण प्रणाली में संशोधन



**शामली। नगर पालिका में आयोजित बोर्ड बैठक में भाजपा जिला मंत्री व सभासद अनिल उपाध्याय ने बाहरी लोगों व सभासद प्रतिनिधियों के बोर्ड बैठक में बैठने को लेकर जमकर हंगामा किया। उन्होने चेयरमैन पर पक्षपात करने और बाहरी लोगों को बैठाकर बोर्ड बैठक में दूसरे को न बोलने देने का आरोप लगाया है। इस दौरान सभासद व चेयरमैन अरविन्द संगल के बीच काफी हॉट-टॉक हुई, जिसको लेकर बोर्ड बैठक में हंगामा खडा हो गया था। बाद में चेयरमैन ने बोर्ड बैठक के नियमों को पढकर सुनाया, जिसके बाद मामला शांत हो सका। इस दौरान बोर्ड बैठक में पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।**

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिका की बोर्ड बैठक में शहरवासियों को हाउस टैक्स में बड़ी राहत देने का फैसला लिया गया। नई कर व्यवस्था के तहत स्वकर निर्धारण प्रणाली में संशोधन करते हुए टैक्स दरों को लगभग आधा कर दिया गया है। साथ ही अगले पांच माह तक समय पर टैक्स जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी तथा आगामी सात माह तक किसी प्रकार का अधिभार नहीं लगाया जाएगा। इससे शहर के हजारों मकान मालिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

पालिका सभागार में आयोजित वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम बोर्ड बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष अरविन्द संगल ने की। बैठक में 30 में से 25 सभासद उपस्थित रहे, जिनमें तीन नामित सभासद भी शामिल थे। हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर शहर में चल रही चर्चाओं के बीच चेयरमैन द्वारा पिछले कई माह से अधिकारियों एवं शासन स्तर पर लगातार वार्ता की जा रही थी। इसी क्रम में 26 मार्च 2026 की बोर्ड बैठक में स्वकर निर्धारण प्रणाली में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसकी शुक्रवार को पुनः पुष्टि की गई। बोर्ड ने नई कर व्यवस्था के अनुसार टैक्स बिल तैयार करने का प्रस्ताव पारित करते हुए कर अधीक्षक योगेश कुमार और राजस्व निरीक्षक चन्द्रकिशोर पटेल को तत्काल नए बिल जारी करने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के अनुसार शहर के वार्डों को श्रेणी अ और ब में विभाजित किया गया है। इसके अलावा वार्डों को सड़कों के आधार पर चार भागों में बांटकर नई दरें निर्धारित की गई हैं। बोर्ड ने यह भी निर्णय लिया कि किसी भी करदाता पर अधिभार नहीं लगाया जाएगा। बैठक में सभासदों और अधिकारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस प्रस्ताव का स्वागत किया। बैठक का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान सभासद हाजी साजिद, अजीत निर्वाल, अरविन्द खटीक, राजीव गोयल, फिरदौस, अजय निर्वाल उर्फ बोबी, प्रमोद जांगिड, हसीन अंसारी, तोहिद रहमानी, डॉ. राजेन्द्र संगल मौजूद रहे।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक का मनाया जन्म दिवस



शामली।(फुरकान जंग) जिला रेड क्रॉस शाखा शामली द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रेड क्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शामली शहर के हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज तथा कांधला के बीपीएन जूनियर हाई स्कूल में गोष्ठी एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इसके साथ ही हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज में रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से योग शिविर का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में एमबीबीएस एवं एमडी चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शामली शाखा के अध्यक्ष कुशांक चौहान ने रेड क्रॉस के विभिन्न सेवा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए लोगों को मानवता और सेवाभाव के लिए निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन, कार्यक्रम संयोजक डॉ. जनेश्वर चौहान, अलका चौहान, श्वेता चौहान, वीणा अग्रवाल, अलका सिंघल, प्रधानाचार्या शमा परवीन सहित मीनाक्षी, मधुबाला, पूजा, पूनम, इकरा, तनु, प्राची, अंकित, रजत और रमेश आदि उपस्थित रहे।

# पालिकाध्यक्ष के आवास पर टीम ने की स्वगणना

**समाज जागरण**

कैराना। जनगणना-2027 के अंतर्गत नगरपालिका टीम द्वारा पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी के आवास पर पहुंचकर स्वगणना कराई गई।

नगर में जनगणना-2027 के अंतर्गत नगरपालिका की टीम शुक्रवार को



कैराना में पालिकाध्यक्ष के आवास पर स्वगणना कराती टीम

पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी के मोहल्ला जैर अंसारियान स्थित आवास पर पहुंची। यहां टीम द्वारा स्वगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। स्वगणना के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक विवरण दर्ज किए। इस अवसर पर जनगणना नोडल रविंद्र कुमार, जनगणना सुपरवाइजर बाबूलाल, प्रगणक धीरेंद्र पंवार, जनगणना लिपिक रविकांत, कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत कुमार, फहीम अहमद, सहायक उमेश चौहान तथा प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।

# मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। किसान के साथ मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।

मोहल्ला दरबारकलां निवासी इरफान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खेत रामडा पूछडी गांव के पास है। गुरुवार दोपहर करीब दो बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। आरोप है कि तभी गांव रामड़ा निवासी मुजम्मिल व वासिल वहां पहुंचे, जिन्होंने उसने आगे रास्ता नहीं होने की बात कही। इससे क्षुब्ध होकर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की। उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने में युवक पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि युवक द्वारा इंस्टाग्राम से ऐसा वीडियो साझा किया गया, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द को खतरा पैदा होने की आशंका जताई गई। एसआई गौरव चौहान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि बुधवार को वह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव मंडावर निवासी उमेर ने इंस्टाग्राम आईडी पर एक वीडियो वायरल किया है। वीडियो में युवक कथित रूप से आपत्तिजनक बातें कहता दिखाई दे रहा है। यही नहीं, वीडियो में एक युवती भी दिखाई दे रही है। युवक मुस्लिम है और युवती दूसरे समाज से संबंधित बताई गई। पुलिस का कहना है कि वीडियो वायरल होने से हिंदू समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुईं तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# ससुराल पक्ष पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव अम्बेहटा निवासी एक दंपति ने परिवार के कुछ लोगों पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने तथा मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।शुक्रवार को गांव अम्बेहटा निवासी सबरीन पत्नी साजिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ससुराल पक्ष के लोग आए दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ विवाद करते हैं। आरोप है कि विरोध करने पर मारपीट की जाती है और घर से निकालने की धमकी दी जाती है।पीड़िता और उसके पति ने परिवार के कई लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# आशु हत्याकांड में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग

शामली। कांधला क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी युवक आशु हत्याकांड में सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ता वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि गत एक मई को उनके पुत्र आशु की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस द्वारा आकाश और शंकर उर्फ मोहित निवासी शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन परिजनों का आरोप है कि हत्या के पीछे जिन लोगों की भूमिका बताई जा रही है, उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि जिस युवती के साथ आशु का प्रेम प्रसंग था, उसके भाइयों की भूमिका भी मामले में संदिग्ध है, लेकिन पुलिस द्वारा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे परिवार में नाराजगी और असंतोष बना हुआ है। परिजनों ने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

# रेडक्रॉस स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर, 15 रक्तवीरों ने किया दान; 32 छात्राओं को लगी सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन

**समाज जागरण**

बागपत। शुक्रवार को रेडक्रॉस स्थापना दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस समिति बागपत एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी डि-321C1 के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला, अग्रवाल मंडी टटीरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भारतीय रेडक्रॉस समिति उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मंडल 321C1 के मंडल अध्यक्ष पीएमजे-एफ लायन विनय सिसोदिया, समाजसेवी लायन विनोद गोयल भट्टे वाले व ईश्वर अग्रवाल घेवर वालों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 15 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा में सहयोग दिया। उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आह्वान पर 12 टीबी रोगियों को पोषण सामग्री की पोटली वितरित की गई। उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य भारत को टीबी मुक्त करना



है। मंडल अध्यक्ष लायन विनय सिसोदिया ने कहा कि रक्तदान से आत्मिक सुख मिलता है और लायनवाद का उद्देश्य पीड़ित मानव की सेवा है। कार्यक्रम का संचालन जिला रेडक्रॉस समिति के सचिव एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने किया। अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संजय गोयल एवं रेडक्रॉस समिति के सभापति पीएमजेएफ लायन पंकज गुप्ता ने की। रेडक्रॉस समिति की ओर से वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी व रेडक्रॉस जिला अध्यक्ष अस्मिता लाल, एसडीएम बागपत, सीएमओ डॉ. तीरथ लाल व वैक्सीनेशन प्रभारी डॉ. सुरुचि शर्मा की मौजूदगी में 32 छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन लगाई गई। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से वैक्सीन द्वारा बचाव होता है। भारत सरकार की योजना में 14 वर्ष से अधिक व 15 वर्ष से कम आयु की छात्राओं को शामिल किया गया है। इस अवसर पर ओआरएस एवं छात्राओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। रक्त बैंक की टीम डॉ. ऐश्वर्या चौधरी के नेतृत्व में डॉ. अतुल चौहान, मनोज शर्मा, प्रीति वर्मा, प्रवीण कोहली, तनु भास्कर, योगेश, प्रशांत, अमित कुमार व धर्मेंद्र ने सहयोग दिया। टीकाकरण टीम में डॉ. सुरुचि शर्मा के नेतृत्व में डॉ. सरवन गोस्वामी, डॉ. दिव्यानी, फार्मासिस्ट नीतू, उषा राणा, किरण, मधुबाला, गीता, शिल्पा, जयंत, वात्सल्य व रचना शामिल रहीं। कार्यक्रम में लायंस क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष भूषण गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, रेडक्रॉस कोषाध्यक्ष डॉ. मयंक गोयल, सदस्य दीपक गोयल, मास्टर मूलचंद, रीजन चेयरमैन डॉ. जेएस शर्मा, आशुतोष मित्तल, अमन गोयल, अतुल जिंदल, अनिल गांधी, आर्य समाज के प्रधान सतीश जिंदल, अशोक अग्रवाल, एडवोकेट संजय गर्ग, बागपत व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज गोयल, आशुतोष अग्रवाल, डॉ. करणवीर सिंह, डॉ. रामलाल, लायन विभोर जिंदल, श्रीपाल वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एचपीवी टीकाकरण बना उत्सव, झिझक तोड़ 40 किशोरियों ने लगवाई वैक्सीन

## डीएम अस्मिता लाल ने कहा- यह बेटियों के भविष्य का सुरक्षा कवच, टीकाकरण के बाद खुद जागरूकता फैलाएंगी छात्राएं

**समाज जागरण**

बागपत। जनता वैदिक कन्या इंटर कॉलेज टटीरी में गुरुवार 8 मई 2026 को एचपीवी टीकाकरण अभियान बेटियों के आत्मविश्वास और जागरूकता के उत्सव में बदल गया। शुरूआत में संकोच के चलते केवल 5 छात्राएं ही टीकाकरण के लिए आगे आईं। कई बच्चियों के मन में वैक्सीन के दर्द व सुरक्षा को लेकर सवाल थे। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बेहद आत्मीयता से बच्चियों से संवाद किया। विशेषज्ञों ने सरल भाषा में उनके सवालों के जवाब दिए और मंच से भरोसे का संदेश दिया। माहौल बदला और पीछे बैठी छात्राएं मुस्कुराते हुए सहेलियों का हाथ पकड़कर आगे आने लगीं। देखते ही देखते संख्या 5 से बढ़कर 40 तक पहुंच गई। पूरा सभागार तालियों और उत्साह से गूंज उठा। वैक्सीन लगवाने के बाद कई बच्चियों ने मंच पर आकर कहा कि अब वे परिवार और दोस्तों को भी जागरूक करेंगी। किसी ने कहा "अब डर नहीं लग रहा", तो किसी ने सहेली को आगे बढ़ाकर कहा "चलो, हम दोनों साथ लगवाते हैं"। प्रशासन ने बच्चियों के साहस व सहभागिता को सम्मानित किया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि यह केवल टीकाकरण अभियान नहीं, बल्कि बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य का सुरक्षा कवच है। 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को



लगाया जाने वाला यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों का टीकाकरण कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा यह टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 28 फरवरी से इस अभियान की शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य किशोरियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करना है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरुचि शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को जनता वैदिक कन्या इंटर कॉलेज टटीरी में 40 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के बाद छात्राओं को नीरा किट एवं ओआरएस पैकेट देकर सम्मानित किया गया और उन्हें सशक्त, स्वस्थ व जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया गया। दीपिका, श्वेता, वर्तिका सहित अनेक किशोरियों ने उत्साहपूर्वक टीकाकरण कराया तथा अन्य छात्राओं को भी प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में यह अभियान स्वास्थ्य उत्सव के रूप में दिखाई दिया। यह टीकाकरण अभियान विद्यालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तीरथ लाल, एसडीएम बागपत ज्योति शर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरुचि शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. विभास राजपूत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# संस्कारित बेटियां समाज का दर्पण : रवि शास्त्री

**समाज जागरण**

बागपत। आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद बागपत के द्वारा 4 जून से चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शिविर के लिए जनता इंटर कॉलेज पलडी में एक दिवसीय ध्यान शिविर में सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा ध्यान विद्यार्थी



के लिए जीवन जीने की कला है। हमें प्रतिदिन ध्यान करना चाहिए। जिससे हमारी यारदाश्त का संतुलन बना रहे। संस्कारित बेटियां ही समाज का दर्पण है। आज विश्व सुंदरी प्रतियोगिताओं की बजाय सर्वगुण संपन्न नारियों की प्रतियोगिताएं होनी चाहिए। जिससे समाज में अच्छा बनने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिले। त्याग ,सेवा, बड़ों का सम्मान, शालीनता आदि गुणों से युक्त नारी ही समाज को वैचारिक रूप से स्वस्थ कर सकती है। अंग प्रदर्शन का चलन बंद होना चाहिए। नारी का स्थान समाज में ऊंचा है। नारी ही वीर वीरांगनाओं को जन्म देती है। जिससे राष्ट्र मजबूत बनता है। शिविर में बेटियों को जूडो कराटे, योगासन, आत्मरक्षा के अभ्यासों को सिखाया जाएगा। आर्य समाज गढ़ी कांगरान, दाहा, निरपुडा, धनौरा आदि में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, मा शक्ति सिंह, रामपाल तोमर, सविता आर्या आदि उपस्थित रहे।

# हत्यारोपी पर दोष सिद्ध, आजीवन कारावास और 40 हजार रुपए का अर्थदंड

## -आरोपी ने 18 सितंबर 2016 को रंजिशन कर दी थी बड़ागांव के सोनू की हत्या

**समाज जागरण**

बागपत। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने युवक की हत्यारोपी बड़ागांव के राजू उर्फ राजीव पर दोष सिद्ध होने पर उसे आजीवन कारावास की सजा और 40 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

एडीजीसी फौजदारी एडवोकेट गगन गौड़ ने बताया कि बड़ा गांव के बिट्टू उर्फ रजनीश पुत्र धर्मपाल ने 18 सितंबर 2016 को खेकड़ा कोतवाली में बड़ा गांव के राजू उर्फ राजीव पुत्र दयानंद त्यागी के खिलाफ उसके भाई सोनू की रंजिशन हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। उसका कहना था कि 15 सितंबर 2016 को उसके भाई और राजू उर्फ राजीव के बीच शराब पीते समय कहासुनी हो गई थी। जिसका फैसला करा दिया गया था। राजू उसके भाई से रंजिश रखता था। 18 सितंबर 2016 को राजू उर्फ राजीव उसके घर आया था और उसके भाई को अपने साथ लेकर गया था। उसका भाई सोनू उसकी मोटरसाइकिल अपने साथ लेकर गया था। वह उसे गांव में विजय शर्मा के घेर में लेकर पहुंचा और वहां मौजूद विजय शर्मा के बेटे अमन को नींबू लेने के भेज दिया। राजू उर्फ राजीव ने सोनू के सिर पर जान से मारने की नीयत से लकड़ी की फट्टी से हमला कर दिया। शोर सुनकर महेश त्यागी पुत्र उग्रसैन व प्रदीप पुत्र सुरेश मौके पर पहुंचे। मगर वह उसके भाई पर प्रहार करता रहा। बाद में भीड़ को आता देखकर वह उसकी मोटरसाईकिल लेकर वहां से भाग गया। सिर पर प्रहार करने से उसके भाई सोनू की मौत हो गई। शुक्रवार को आरोपी राजू उर्फ राजीव पर दोष सिद्ध होने पर प्रथम अपर जिला जज न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा और 40 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

# डीएम ने किया विकास भवन के विकास कार्यों का निरीक्षण कार्य प्रगति के निर्देश

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) डीएम आलोक यादव ने शुक्रवार को लगभग 2218.86 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन विकास भवन शामली का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था से प्रोजेक्ट ड्राइंग के अनुसार कराए जा रहे निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार का घटिया निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्य की थर्ड पार्टी जांच कराने के निर्देश भी दिए तथा कार्यदायी संस्था को प्रतिदिन निर्माण प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने विकास भवन के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल का निरीक्षण करते हुए प्रवेश द्वार पर रंगाई-पुताई और परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही भवन में विभिन्न कार्यालयों, सभागार और लाइटिंग व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित पार्क के सामने से विकास भवन का नया प्रवेश द्वार बनाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बाह्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजकुमार सहित उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के अधिकारी एवं अभियंता मौजूद रहे।

# सीएचसी में मरीजों के लिए निशुल्क शीतल जल सेवा प्रारंभ

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) महिला रोग विशेषज्ञ डा. बिजेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को स्व भंवर सिंह की स्मृति में शामली सीएचसी में मरीजों के लिए निशुल्क शीतल जल सेवा प्रारंभ की। इसके साथ ही सीएचसी में 100 पेन रिलीफ जेल डोनेट किए, जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके।



शुक्रवार को महिला रोग विशेषज्ञ डा. विजेन्द्र कुमार ने सीएचसी शामली में स्व भंवर सिंह की स्मृति में मरीजों के लिए निशुल्क शीतल जल सेवा प्रारंभ की। जिसका उन्होने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होने बताया कि भीषण गर्मी में हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को ठंडा पानी न मिलने से परेशानी होती है। इसलिए उन्होने पूरे ग्रीष्मकालीन के लिए यह सेवा निशुल्क प्रारंभ की है। इसके साथ ही उन्होने मानव सेवा करते हुए सीएचसी में 100 पेन रिलीफ जेल डोनेट किए, जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके। उन्होने हॉस्पिटल में आने वाली गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए जागरूक किया।

# वंदना के शव को पानीपत ले गए दादा, नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**— आलदरम्यान में मां ने गृहक्लेश में लगाई थी आग, दम घुटने से दो बेटियों की हुई थी मौत**

**— छोटी बेटी का शव कैराना में ही श्मशान में दफनाया**

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) गृहक्लेश के चलते महिला द्वारा खुद को आग लगाने के कारण दम घुटने से दो बेटियों की मौत हो गई थी। उनके शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे, तो कोहराम मच गया। इनमें से बड़ी बेटी छह वर्षीय वंदना के शव को उसके दादा अपने साथ पानीपत ले गए, जबकि डेढ़ वर्षीय जसप्रीत के शव को कैराना में ही श्मशान घाट में दफनाया गया। उन्हें नम आंखों से विदाई दी गई।

गुरुवार को नगर के मोहल्ला आलदरम्यान निवासी जसविंदर उर्फ जस्सी की पत्नी 35 वर्षीय अनीता ने गृहक्लेश के चलते खुद को आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास किया था। आग लगने के दौरान कमरे में मौजूद उसकी बेटियां छह वर्षीय वंदना और डेढ़ वर्षीय जसप्रीत भी अंदर फंस गई थीं। धुएं के कारण दोनों मासूम बच्चियों की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से झुलसी अनीता को पहले सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। वहीं, गुरुवार रात शामली में पोस्टमार्टम के बाद दोनों बच्चियों के शव कैराना लाए गए। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे अनीता के पूर्व ससुराल पक्ष के लोग पानीपत से कैराना पहुंचे। वंदना के दादा अशोक कुमार निवासी निकट संजय चौक पानीपत अपनी पोती का शव अपने साथ ले गए। वहीं, करीब दस बजे जसप्रीत के शव को खुरगान रोड स्थित श्मशान घाट में दफना दिया गया। इस दौरान लोगों की आंखें नम हो गईं।

# 'पोती को वापस मांगते रहे, अब शव लेकर लौटे'

**समाज जागरण**

कैराना। वंदना के दादा अशोक कुमार ने बताया कि करीब आठ वर्ष पहले उनके बेटे नितिन की शादी बागपत जिले के गांव कंडेरा निवासी अनीता से हुई थी। दोनों की एक बेटी वंदना थी। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद रहता था। आरोप है कि इसी के चलते करीब चार वर्ष पहले उसके बेटे नितिन को पत्नी ने कोई पदार्थ खिला दिया था, जिससे वह बीमार रहने लगा था और उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद अनीता अपनी बेटी वंदना को लेकर मायके चली



गई थी। अशोक कुमार ने कहा कि वह कई बार अपनी पोती को वापस लेने के लिए आए और परिवार से काफी मिन्नतें भी कीं, लेकिन उन्हें बच्ची नहीं सौंपी गई। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अब वह अपने बेटे नितिन की आखिरी निशानी को जीवित नहीं, बल्कि शव के रूप में अपने साथ ले जा रहे हैं। इससे पूरा परिवार टूट गया है।

# पोस्टमार्टम में दम घुटने से मौत की पुष्टि

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों बच्चियों की मौत का कारण दम घुटना आया है। बच्चियों के शरीर पर आग से झुलसने के निशान नहीं मिले थे, जिसके बाद से ही धुएं के कारण दम घुटने की आशंका जताई जा रही थी।

# मेरठ मेडिकल कॉलेज में अनीता की हालत गंभीर

**समाज जागरण**

कैराना। आत्मदाह के प्रयास में करीब 60 प्रतिशत तक झुलसी अनीता की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका उपचार मेरठ मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। बताया गया है कि घटना से पहले अनीता ने कमरे में पंखे से लटककर फांसी लगाने का भी प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो सकी थी। इसके बाद उसने खुद को आग लगाई थी। आग के कारण कमरे में रखी प्लास्टिक बाण वाली चारपाई पूरी तरह जल गई। कपड़े भी जल गए थे। अनीता के पति जसविंदर ने फोन पर बताया कि उसकी पत्नी की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। वहीं, मायके पक्ष के लोग उस पर आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से महिला हेड कांस्टेबल आशा की ड्यूटी मेरठ मेडिकल कॉलेज में लगाई है।

# मीरजापुर में 2813 लाख की लागत से बनेगा मंडलीय होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र

## प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर बनेंगे होमगार्ड निरीक्षण गृह : धर्मवीर प्रजापति

**समाज जागरण**

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने मीरजापुर के परसिया क्षेत्र में 2813.68 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मंडलीय होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र एवं आवासीय कार्यालय का मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।



इस अवसर पर मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार होमगार्ड जवानों के हित में लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के प्रमुख तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों जैसे प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, मीरजापुर और आगरा सहित अन्य जनपदों में होमगार्ड विभाग के निरीक्षण गृह एवं गेस्ट हाउस बनाए जाएंगे, जिससे ड्यूटी पर आने वाले जवानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1962 में होमगार्ड संगठन के गठन के बाद पहली बार इतनी बड़ी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। सरकार 41,440 होमगार्ड जवानों की भर्ती पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हाल ही में भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है और परिणाम आने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक थाने में होमगार्ड जवानों के लिए दो-दो कक्षों के निर्माण को शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा लखनऊ में होमगार्ड जवानों के लिए टाइप-ए एवं टाइप-बी आवास भी बनाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार बनने के बाद होमगार्ड जवानों के दैनिक भत्ते में दो बार वृद्धि की गई है। साथ ही प्रशिक्षण भत्ता एवं दैनिक भत्ता को समान कर दिया गया है, ताकि प्रशिक्षण के दौरान जवानों को आर्थिक कठिनाई न हो।

धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि पूर्व में ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर जवानों को तीन लाख रुपये बीमा राशि मिलती थी, जिसे मुख्यमंत्री द्वारा बढ़ाकर पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त बैंकों के सहयोग से अब दुर्घटना की स्थिति में जवानों को कुल 40 लाख रुपये तक की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें 35 लाख रुपये बैंक तथा पांच लाख रुपये प्रदेश सरकार द्वारा दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि होमगार्ड जवान केवल ड्यूटी ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने वृक्षारोपण करते हुए सभी उपस्थित लोगों से कम से कम दो पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है और यह एक पुण्य कार्य भी है।

इस अवसर पर मंडलीय कमांडेंट सुधाकराचार्य पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, जिला कमांडेंट मीरजापुर विन्ध्याचल पाठक, जिला कमांडेंट भदोही, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में होमगार्ड जवान उपस्थित रहे।

# रक्षा मंत्री ने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कमांडरों से भविष्य के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय हितों की रक्षा में भारतीय रक्षा बलों की त्वरित, सटीक और संयुक्त कार्रवाई का प्रमाण है। उन्होंने तीनों सेनाओं के कमांडरों से इस अभियान से प्राप्त अनुभव तथा मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप भविष्य के युद्ध के लिए मुस्तैद रहने का आह्वान किया। राजस्थान के जयपुर में आज संयुक्त कमांडरों के द्वितीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को अल्पकालिक, गहरे मार करने वाले, उच्च-तीव्रता और बेहद प्रभावकारी सैन्य अभियान बताया। उन्होंने कहा कि इसने शत्रु को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने की भारत की क्षमता प्रदर्शित की। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत की बढ़ती क्षमताओं का प्रदर्शन और देश के सामूहिक संकल्प और नई सैन्य रणनीति का प्रतीक है।

रक्षा मंत्री ने तेजी से बदल रहे भू-राजनीतिक सुरक्षा परिदृश्य में देश की रक्षा के लिए तैयार रहने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त प्रणालियों, डेटा एनालिटिक्स और सुरक्षित संचार नेटवर्क क्षमताओं को सुदृढ बनाने की आवश्यकता रेखांकित की। उन्होंने जोर देकर कहा कि भविष्य के संघर्ष हाइब्रिड खतरों, सूचना प्रभुत्व और साइबर, अंतरिक्ष, विद्युत चुम्बकीय और संज्ञानात्मक डोमेन में एक साथ होंगे। उभरती प्रौद्योगिकियों के परिवर्तनकारी प्रभाव का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने संघर्ष के सभी क्षेत्रों में एकीकृत राष्ट्रीय तैयारी सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

राजनाथ सिंह ने थल, वायु और नौसेना सहित तीनों सेनाओं के संयुक्त रूख, एकीकरण और तकनीक तथा प्रौद्योगिकी अपनाने में प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि वैश्विक रक्षा क्षेत्र में व्यापक परिवर्तनों में संयुक्त रूख महत्वपूर्ण आयाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों द्वारा नहीं जीते बल्कि नवीन सोच और बेहतर तालमेल से जीते जाएंगे।

रक्षा मंत्री ने सैन्य कमांडरों से देश के शत्रुओं के लिए अप्रत्याशित बने रहने और किसी भी स्थिति में रणनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए हैरत में डालने का तत्व विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कमांडरों से शत्रु के भी ऐसे आश्चर्य में डालने के तत्व के प्रति सतर्क रहने और हमेशा उनसे दो कदम आगे रहने को कहा।

श्री राजनाथ सिंह ने अत्याधुनिक हथियारों और उन्नत प्रणालियों के माध्यम से रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

रक्षा मंत्री ने सम्मेलन के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर एक डॉक्योमेंट्री फिल्म (वृत्तचित्र) भी जारी की। यह फिल्म सैन्य परिचालन तैयारियों और निर्णायक राष्ट्रीय युद्धक क्षमताओं में राष्ट्र और रक्षा बलों की प्रतिबद्धता की दृढता से पुष्टि करती है। उन्होंने विजन 2047 के हिंदी संस्करण और भविष्य के बहुक्षेत्रीय अभियानों में सशस्त्र बलों में सैद्धांतिक स्पष्टता, अंतरसंचालनीयता और एकीकृत संचार मजबूत करने के उद्देश्य से एकीकृत संचार प्रणाली के संयुक्त सिद्धांत भी जारी किए।

# किसान MSP से नीचे उपज बेचने को मजबूर न हो : उपार्जन समीक्षा बैठक में श्री शिवराज सिंह चौहान का कड़ा संदेश

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि भवन, नई दिल्ली में NAFED और NCCF के साथ उपार्जन संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां बाजार भाव MSP से नीचे हैं, वहां किसानों से प्रभावी और समयबद्ध खरीद हर हाल में सुनिश्चित की जाए। कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दो टूक कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान को उसकी उपज का न्यायसंगत मूल्य दिलाना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस लक्ष्य में किसी भी स्तर की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि भवन में NAFED और NCCF की उपार्जन प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपार्जन को केवल औपचारिक स्वीकृति के रूप में नहीं, बल्कि किसानों को MSP का लाभ दिलाने वाले मिशन मोड दायित्व के रूप में लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि बाजार में कीमतें MSP से नीचे चल रही हैं और फिर भी खरीद अपेक्षित स्तर पर नहीं हो रही है तो यह स्थिति किसानों के हित में नहीं मानी जा सकती। मंत्री श्री चौहान ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि एजेंसियां अपने-अपने जिलों और केंद्रों के स्तर पर स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण करें। उन्होंने कहा कि राज्यवार आवंटन के साथ-साथ जिला-स्तर पर उत्पादन, संभावित आवक और 25 प्रतिशत खरीद क्षमता का आकलन कर ठोस कार्ययोजना बनाई जाए ताकि उपार्जन का लक्ष्य वास्तविक जमीन पर हासिल हो सके। शिवराज सिंह चौहान ने दलहन-तिलहन, विशेषकर चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि जहां किसानों को MSP से कम दाम मिल रहे हैं, वहां खरीद में तेजी लाना अनिवार्य है।

# कालांवाली में प्रशासनिक सख्ती की तैयारी, पुलिस सुरक्षा में उठेगा शहर का कूड़ा हड़ताल के बीच नगर पालिका की रणनीति, गंदगी और दुर्गंध से परेशान लोग

**समाज जागरण**

कालांवाली सुरेश जोरासिया 08 मई 2026: कालांवाली शहर इन दिनों गंभीर सफाई संकट से जूझ रहा है। सफाई कर्मचारियों की जारी हड़ताल के कारण शहर के मोहल्लों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर कूड़े के ढेर लग गए हैं, जिससे आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बढ़ती दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप और संक्रमण के खतरे ने स्थानीय लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।



पुलिस सुरक्षा में सफाई अभियान की तैयारी

सूत्रों के अनुसार नगर पालिका ने अब सख्त रुख अपनाने की तैयारी कर ली है। प्रशासन ने वैकल्पिक रणनीति तैयार की है, जिसके तहत– पुलिस सुरक्षा में कूड़ा उठाने का अभियान

वैकल्पिक कर्मचारियों की तैनाती
मशीनों के माध्यम से सफाई कार्य
किसी भी समय शहर में सफाई अभियान शुरू किया जा सकता है।

**हड़ताल पर अड़े सफाई कर्मचारी**

दूसरी ओर सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे काम पर नहीं लौटेंगे। इसी वजह से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

**नागरिकों में बढ़ी चिंता, स्वास्थ्य संकट की आशंका**

स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो बीमारियों और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। नगर पालिका की प्रस्तावित कार्रवाई को लेकर पूरे शहर की नजरें टिकी हुई हैं। उम्मीद की जा रही है कि सख्त कदम उठाकर जल्द ही कालांवाली को गंदगी से राहत दिलाई जाएगी।

## युवक को कार में उठाकर बंधक बनाने का आरोप, 5 हजार रुपये लूटने और जान से मारने की धमकी का मामला

भिवानी समाज जागरण संवाददाता 08 मई 2026: बवानीखेड़ा कस्बे में एक युवक को कथित तौर पर जबरन कार में उठाकर ले जाने, पूरी रात बंधक बनाकर रखने और लूटपाट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना बवानीखेड़ा में शिकायत देकर आ-रोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



वार्ड नंबर-13 निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नगर पालिका के सामने बाइक रिपेयर की दुकान है। 7 मई को दोपहर करीब 1 बजे वह दुकान पर अकेला था, तभी स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार कुछ युवक वहां पहुंचे। पी-ड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जबरन गाड़ी में बैठाकर देवसर माता मंदिर के पास स्थित एक धर्मशाला में ले गए, जहां उसे पूरी रात कमरे में बंद रखा गया। इस दौरान उसकी जेब से 5 हजार रुपये भी निकाल लिए गए। राजकुमार ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर बवानीखेड़ा पहुंचा। उसका आरोप है कि आरोपी अब भी उसे फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे वह भय के माहौल में जी रहा है। पीड़ित ने थाना बवानीखेड़ा पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अवैध पिस्तौल मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, सीआईए चरखी दादरी की बड़ी कार्रवाई

भिवानी समाज जागरण संवाददाता 08 मई 2026: चरखी दादरी में अवैध हथियार बरामदगी मामले में सीआईए स्टाफ ने दूसरी बड़ी का-र्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमित उर्फ मच्छर निवासी खेड़ी बत्तर के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 3 मार्च 2026 को सीआईए टीम गश्त पर थी, इसी दौरान सूचना मिली कि गांव बिरही कलां से एक युवक क्रेशर जोन की ओर अवैध हथियार लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू किया।



तलाशी के दौरान आरोपी मोहित निवासी बिरही कलां से एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए थे। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

पूछताछ में आरोपी मोहित ने खुलासा किया कि बरामद हथियार उसने अमित उर्फ मच्छर से प्राप्त किया था। इसके बाद सीआईए स्टाफ ने कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी अमित उर्फ मच्छर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया, जहां से न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## प्रदीप सिंगला ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को मिलकर भाजपा की जीत पर बधाई दी : अब पंजाब में भी भाजपा सरकार बनना तय : सिंगला

पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब

जैतो,8 मई : पंजाब राज्य उद्योगिक विकास निगम के पूर्व डायरैक्टर एवं भाजपा नेता प्रदीप सिंगला एम. सी. ने दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव भाजपा तरुण चुघ को मिलकर भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में मिली उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर पंजाब बूथ मैनेजमेंट प्र-कोष्ठ के कन्वीनर गोबिंद राम अग्रवाल भी साथ थे ।उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा ने ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के संकल्प के साथ कार्य करते हुए हर वर्ग तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जिससे देश भर में भाजपा पर आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है जिस कारण ही भाजपा ने पश्चिम बंगाल, असम, और पांडिचेरी विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल किया जबकि असम में भी पार्टी ने लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर हैट्रिक लगाई है ।प्रदीप सिंगला ने कहा कि अब पंजाब की जनता भी इस बात को समझ गई है कि भाजपा ही पंजाब का एवं पंजाब के लोगो का भला कर सकती है और पंजाब की जनता अब आगामी विधानसभा के चुनावों में भाजपा को पूर्ण बहुमत देकर विकास की गति में शामिल होगी एवं आगामी चुनावों में पंजाब में भी भाजपा सरकार बनना तय है । उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार की पारदर्शी कार्यप्रणाली, निर्णायक नेतृत्व और गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के हित में संचालित योजनाओं ने जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। यही विश्वास इन राज्यों के चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है ।प्रदीप सिंगला भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ को भाजपा की जीत पर बधाई देते हुए व अन्य।



## पंजाब के स्कूलों में 11 मई को 'नैशनल टैक्नोलॉजी डे 2026' मनाया जाएगा

(पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/ समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब) जैतो, 8 मई :एस.सी.ई.आर.टी. पंजाब के दिशा निर्देश के मुताबिक स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर (डीईओ) फरीदकोट मैडम अंजना कांसल के नेतृत्व में 11 मई, 2026 को फरीदकोट जिले के सभी स्कूलों में नैशनल टैक्नोलॉजी डे 2026 बड़े पैमाने पर मना रहा है, ताकि पंजाब के स्टूडेंट्स को समय के साथ अपडेट किया जा सके ।इस साल की थीम है इनोवेशन और साइबर सेफ्टी के जरिए भविष्य को मजबूत बनाना, जिसका मकसद स्टूडेंट्स में साइंस, टेक्नोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी के बारे में अवेयरनेस पैदा करना है। फरीदकोट जिले के डीआरपी कंप्यूटर कुलदीप सिंह और सरकारी हाई स्कूल ढैपई (फरीदकोट) के कंप्यूटर टीचर व लेखक प्रमोद धीर जैतो ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन सभी स्कूलों में स्पैशल मॉर्निंग असेंबली होंगी, जिसमें साइंस, स्पेस, आई.टी.और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फील्ड में भारत की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही, टीचर और स्टूडेंट्स "साइबर सेफ्टी शपथ" लेंगे और टेक्नोलॉजी के ज़िम्मेदार, नैतिक और सुरक्षित इस्तेमाल का मैसेज देंगे ।इस दौरान, एक बड़ा राज्य-स्तरीय "टैक्नोलॉजी साइबर अवेयरनेस क्विज" कॉम्पिटिशन भी आयोजित किया जाएगा, जिसके जरिए स्टूडेंट्स की डिजिटल लिटरेसी और साइबर सिक्योरिटी के बारे में जानकारी को परखा जाएगा। आई.सी.टी.डिपार्टमेंट फरीदकोट की मैडम परवीन कुमारी और दलविंदर सिंह ने बताया कि एस.सी.ई.आर.टी. पंजाब ने सभी स्कूलों से अपील की है कि वे टैक्नोलॉजी डे से जुड़ी एक्टिविटीज की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर हैशटैग पंजाब स्कूल्स सेलिब्रेट टेक के साथ शेयर करें। नैशनल टैक्नोलॉजी डे 2026 को सफल बनाने के लिए डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर (डीईओ), सभी स्कूलों के प्रिंसिपल, हैड टीचर, डीआरपी कंप्यूटर, सभी कंप्यूटर टीचर और स्टूडेंट्स पूरा सहयोग देंगे। इस बारे में एजुकेशन डिपार्टमेंट ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## भाजपा मंडल-3 मुक्तसर की बैठक में चुनावी रणनीति को दिया अंतिम रूप

(पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब) जैतो ,8 मई : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, भाजपा मंडल-3 श्री मुक्तसर साहिब के अध्यक्ष राजिंदर कुमार 'भुजिया वाले' की अध्यक्षता में अबोहर रोड पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष राजिंदर कुमार ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों के अनुसार, पूरे राज्य में मंडल अध्यक्षों को यह अनिवार्य निर्देश दिया गया है कि वे महीने में कम से कम एक बार, विशेष रूप से महीने की 7 तारीख से पहले, मंडल स्तर की बैठक आयोजित करें। यह बैठक उसी निर्देश के पालन में बुलाई गई थी। इस सत्र के दौरान, आगामी नगर परिषद चुनावों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया और चुनावों के लिए एक रणनीतिक योजना को अंतिम रूप दिया गया ।बैठक में उपस्थित लोगों में सेवानिवृत्त डीटीओ गुरचरण सिंह संधू, भाई रशवीर सिंह, शिवनंदन 'बिल्लू' कटारिया, नरेंद्र सिंह, निखिल पटेल, चंद्रप्रकाश, राजेश कुमार, शिशुपाल, हीरा कुमार, मंजिंदर सिंह, राम अवतार सिंह, धर्मप्रीत सिंह (सनी), शमशेर सिंह, सुधीर शर्मा, सुखदीप सिंह भुल्लर, अमन, मनोज कुमार, हीरालाल, संजू, रोहित कुमार, हरप्रीत अटवाल, साहिल और सिकंदर सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



मंडल अध्यक्ष राजिंदर कुमार बैठक को संबोधित करते हुए, और राजिंदर कुमार पार्टी कार्यकताओं के साथ चर्चा करते हुए।

## जमीन विवाद और प्रताड़ना से तंग युवक ने की आत्महत्या, पत्नी ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

### बहल थाना क्षेत्र के गांव सुरपरा खुर्द की घटना, पुलिस ने दर्ज किया मामला

बहल समाज जागरण संवाददाता 08 मई 2026: बहल थाना क्षेत्र के गांव सुरपरा खुर्द में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद मृतक की पत्नी ने सास-ससुर सहित कई परिजनों पर मानसिक प्रताड़ना और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जमीन विवाद में प्रताड़ना का आरोप**

मृतक की पत्नी प्रमिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति सोनू सिहाग को परिवार के लोग लंबे समय से जमीन-जायदाद के विवाद को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

शिकायत में आरोप है कि– सास शीला देवी, ससुर हीरानंद सिहाग, ननद संजू, ननद का पति प्रमोद (निवासी सागवान, तोशाम) तथा मामा आदरराम (निवासी ढाणी भाकरा) लगातार जमीन नहीं देने और धमकी देने का दबाव बना रहे थे।

**फांसी लगाकर आत्महत्या, पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप**

प्रमिला का आरोप है कि लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर उसके पति सोनू सिहाग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद उन्हें और परिवार को सूचना तक नहीं दी गई।

**धमकी देने का भी आरोप**

महिला ने आरोप लगाया कि अब भी आरोपित उसे और उसके तीन वर्षीय बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसने सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस जांच में जुटी**

घटना की सूचना मिलने पर बहल थाना पुलिस और सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को लोहारू के सीएचसी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने प्रमिला की शिकायत पर थाना बहल में धारा 108 व 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मामले की गंभीरता से जांच जारी**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 94 मीटर दौड़ के साथ किसानों ने सीखा आधुनिक खेती का पाठ, बने पायोनियर सुपरकिसान

### ढिगावा में पायोनियर बीज कंपनी का प्रशिक्षण शिविर, 80 गांवों के किसानों की भागीदारी

भिवानी समाज जागरण संवाददाता 08 मई 2026: ढिगावा में पायोनियर बीज कंपनी द्वारा आयोजित प्रवक्ता प्रशिक्षण शिविर में किसानों ने न सिर्फ उन्नत खेती की तकनीकें सीखी, बल्कि एक अनोखे 94 मीटर दौड़ आयोजन के जरिए स्वास्थ्य और कृषि जागरूकता का संदेश भी दिया। इस कार्यक्रम में लोहारू, बहल और बाढ़ड़ा क्षेत्र के करीब 80 गांवों के किसानों ने भाग लिया।



**उन्नत खेती और मुनाफे पर जोर**

कार्यक्रम में पायोनियर के क्षेत्रीय अधिकारी सुनील शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में बाजरा एक प्रमुख लाभकारी फसल साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि आधुनिक पद्धति और उन्नत बीजों के उपयोग से किसान अपनी आय को कई गुना बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पायोनियर कंपनी किसानों के लिए पावर तकनीक के साथ उच्च गुणवत्ता वाले बाजरे के बीज लेकर आई है, जिससे बेहतर पैदावार और अधिक मुनाफा सुनिश्चित हो सके।

**नया हाइब्रिड बीज '86एम98' लॉन्च**

इस अवसर पर किसानों के लिए पायोनियर के नए हाइब्रिड बाजरा बीज 86एम98 का अनावरण भी किया गया। अधिकारियों ने दावा किया कि यह बीज बेहतर उत्पादन क्षमता और अधिक लाभ देने में सक्षम है।

**94 मीटर दौड़ बनी आकर्षण का केंद्र**

कार्यक्रम का सबसे अनोखा हिस्सा 94 मीटर दौड़ रहा, जिसका उद्देश्य किसानों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था।

प्रतिभागी किसानों ने पूरे उत्साह के साथ इस दौड़ में भाग लिया और विजेताओं को ह्लपायोनियर चैंपियनह्व का मेडल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

80 गांवों के किसानों की भागीदारी इस आयोजन में लोहारू, बहल और बाढ़ड़ा क्षेत्र के लगभग 80 गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों ने उन्नत खेती की तकनीकों को लेकर गहरी रुचि दिखाई और कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताया।

**किसानों में दिखा उत्साह**

कार्यक्रम के दौरान किसानों में आधुनिक खेती और नए बीजों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर किसानों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेंगे।

## हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की शिष्टाचार भेंट

**समाज जागरण**

नई दिल्ली : संवाददाता 08 मई 2026: हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति के साथ हरियाणा के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



सूत्रों के अनुसार बैठक में प्रदेश के विकास, प्रशासनिक गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## 'बंगाल में पहली बार लोगों को मिली आजादी'

**समाज जागरण**

पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सुवेंदु अधिकारी को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कोलकाता में बड़ा बयान देते हुए कहा कि बंगाल में पहली बार लोगों को "आजादी" मिली है। उन्होंने कहा कि मछुआरा समाज को पहले अंग्रेजों, मुगलों और पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा दबाया गया, लेकिन पहली बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें समर्थन दिया है।



## 'टीबी मुक्त हरियाणा' की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश : आरती सिंह राव

**समाज जागरण**

चंडीगढ़ संवाददाता 08 मई 2026: हरियाणा सरकार प्रदेश को टीबी मुक्त हरियाणा बनाने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि व्यापक जन-जागरूकता अभियान, आधुनिक तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के कारण टीबी उन्मूलन अभियान को नई गति मिली है। उन्होंने बताया कि विश्व टीबी दिवस से शुरू किए गए 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान (फेज-2) के तहत प्रदेशभर में अब तक 1620 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। अभियान के दौरान करीब 1.81 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जबकि 10,978 नए टीबी मरीजों की पहचान की गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह सफलता एआई आधारित तकनीकों और एक्टिव केस फाइंडिंग रणनीति के प्रभावी उपयोग से संभव हो पाई है। सरकार का उद्देश्य समय रहते मरीजों की पहचान कर उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार टीबी उन्मूलन को लेकर गंभीर है और आने वाले समय में अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

## 11 मई को भव्य रूप से मनाया जाएगा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' : राजेश खुल्लर

**समाज जागरण**

चंडीगढ़ संवाददाता 08 मई 2026 हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन से प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि 11 मई को आयोजित होने वाले सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को प्रदेशभर में भव्य तरीके से मनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम को लेकर जिलास्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जनभागीदारी को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।



## हरियाणा सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत, 370.52 करोड़ रुपये मुआवजा जारी

# 1.50 लाख से अधिक किसानों को मिला लाभ, भावांतर भरपाई योजना के तहत भी वितरित हुई राशि

**समाज जागरण**

चंडीगढ़ संवाददाता 08 मई 2026: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को खरीफ 2025 फसल नुकसान के मुआवजे के रूप में 370.52 करोड़ रुपये की राशि जारी की। इस राहत राशि से प्रदेश के 1,50,583 किसानों को लाभ मिला है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई गई है।

**भावांतर भरपाई योजना के तहत भी किसानों को राहत**

सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत आलू और फूलगोभी उत्पादक किसानों को भी राहत प्रदान की है। योजना के अंतर्गत 5,296 किसानों को 38.88 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई।

सरकार का कहना है कि किसानों की आय को सुरक्षित रखने और फसलों के उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**J-Form के लिए शुरू हुई नई एप**

मुख्यमंत्री ने चालू रबी सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) पर खरीदी गई फसलों के ख-त्र्ङ्म१ सीधे किसानों के व्हाट्सएप नंबर पर भेजने के लिए नई एप की शुरूआत भी की। इस नई व्यवस्था के बाद किसानों को J-Form लेने के लिए आढ़तियों के पास जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल बनेगी।

सरकार का दावा है कि नई तकनीकी व्यवस्था से किसानों का समय बचेगा और फसल खरीद से जुड़ी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी।

## दिल्ली में ओवरहेड तार हटाने का अभियान तेज, डिजिटल ट्विन तकनीक से होगा नेटवर्क मॉनिटरिंग

**समाज जागरण**

नई दिल्ली संवाददाता 08 मई 2026: दिल्ली सरकार राजधानी के शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय CMO Delhi की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, शहर में वर्षों से दिल्ली की सुंदरता पर असर डाल रहे ओवरहेड तारों को हटाने का अभियान अब व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है।




सरकार ने बताया कि भारत की पहली रियल-टाइम डिजिटल ट्विन तकनीक के माध्यम से बिजली और तारों के नेटवर्क की मॉनिटरिंग तथा डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इस आधुनिक तकनीक के जरिए शहरी नेटवर्क की वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी, जिससे बिजली व्यवस्था अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और भविष्य के अनुरूप बनाई जा सकेगी।

सरकार का कहना है कि इस पहल से राजधानी की सौंदर्यता बढ़ने के साथ-साथ तकनीकी प्रबंधन और शहरी सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

## दिल्ली पुलिस का विशेष अभियान, 482 अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली संवाददाता 08 मई 2026: दिल्ली पुलिस द्वारा राजधानी में संगठित अपराध के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 482 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। अभियान के दौरान विभिन्न जिलों एवं विशेष इकाइयों की पुलिस टीमों ने कई आपराधिक गिरोहों का पदार्फाश किया।

**सरकारी दवाइयों की अवैध पैकिंग करने वाला गिरोह पकड़ा गया**

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने सरकारी आपूर्ति की दवाइयों के लेबल हटाकर उनकी दोबारा पैकिंग कर दिल्ली-एनसीआर एवं पूर्वोत्तर राज्यों में सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में विस्तृत जांच जारी है।

**मुठभेड़ के बाद शातिर अपराधी गिरफ्तार**

दिल्ली पुलिस की एक टीम ने 16 आपराधिक मामलों में संलिप्त एक शातिर अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी।

# जयसिंहनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही मवेशियों से भरे दो ट्रक पकड़े अनूपपुर से शहडोल तक फैले नेटवर्क का होगा भंडाफोड़।

**समाज जागरण**

जयसिंहनगर (शहडोल)ः शहडोल जिले के थाना जयसिंहनगर में पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मवेशियों से लदे दो ट्रकों को घेराबंदी कर पकड़ा है इस कार्यवाही से क्षेत्र के गौ-तस्करों में हड़कंप मच गया है जानकारी के अनुसार, पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध ट्रकों को रोका। इनमें से एक ट्रक, जिसका नंबर वढ 71 उळ 9144 है, उसे सुरक्षित रूप से जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। वहीं, दूसरा ट्रक जिसका नंबर टढ 53 उ 3560 है, वह रीवा रोड पर खड़ा है बताया जा रहा है कि पुलिस को देखते ही दूसरे ट्रक का ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया इस कार्यवाही ने एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क की ओर इशारा किया है। शुरूआती जांच में यह बात सामने आ रही है कि मवेशियों की तस्करी का यह जाल अनूपपुर से लेकर शहडोल जिले तक फैला हुआ है जयसिंहनगर पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुट गई है कार्यवाही पर टिकी नजरें थाना प्रभारी अजय कुमार की इस मुस्तैद कार्यवाही के बाद अब सबकी की नजरें आज होने वाले पुलिस खुलासे पर टिकी हैं। देखना होगा कि इस मामले में कौन-कौन से बड़े नाम सामने आते हैं और पुलिस फरार तस्करों तक कितनी जल्दी पहुँचती है।

# जंगली हाथियों के आतंक और नुकसान पर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रामलाल रैतेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लिखा पत्र

**समाज जागरण**

अनूपपुर/भोपालः मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल ने प्रदेश में जंगली हाथियों के विचरण से हो रहे जान-माल के नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान और प्रभावित ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु श्री रौतेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (PCCF) को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

**हाथियों के विचरण से बढ़ता खतरा**

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में श्री रौतेल ने उल्लेख किया है कि अनूपपुर, शहडोल और आसपास के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में जंगली हाथियों का दल लगातार सक्रिय है। हाथियों के इस विचरण के कारण न केवल ग्रामीणों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि रिहायशी इलाकों में मकानों को तोड़ने और जनहानि की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इससे क्षेत्र के नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

**सटीक निगरानी और मुआवजे की मांग**

आयोग के अध्यक्ष ने वन विभाग के आला अधिकारियों (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) को निर्देशित करने का आग्रह किया है कि हाथियों की आवाजाही पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए और हाथियों को रिहायशी इलाकों से दूर रखने के लिए आधुनिक संसाधनों का उपयोग किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की है कि जिन किसानों और ग्रामीणों का नुकसान हुआ है, उन्हें शासन के नियमों के तहत अविलंब और उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए।

**सुरक्षा प्राथमिकता पर हो**

श्री रौतेल ने अपने पत्र में इस बात पर जोर दिया है कि वन विभाग और जिला प्रशासन आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे जंगली जानवरों और मानव द्वंद्व को कम किया जा सके।

# शिवसेना का अनोखा प्रदर्शनः सड़क की अर्थी निकाल गड्ढों की पूजा कर जताया विरोध

## बदहाल सड़क व्यवस्था के खिलाफ फूटा जनाक्रोश, प्रशासन पर लगाए उपेक्षा के आरोप

**समाज जागरण**

कोतमा/भालूमाड़ा - क्षेत्र की जर्जर और गड्ढों से भरी सड़कों को लेकर लोगों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। वर्षों से बदहाल सड़क और लगातार हो रही दुर्घटनाओं से परेशान नागरिकों की आवाज बनकर शिवसेना कार्यकताओं ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सड़क की अर्थी निकालते हुए गड्ढों की पूजा-अर्चना कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



यह अनोखा प्रदर्शन कोतमा भालूमाड़ा मार्ग पर कदम टोला में आयोजित किया गया, जहां शिवसेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने सड़क पर मौजूद बड़े-बड़े गड्ढों पर फूल-माला चढ़ाकर नारियल फोड़ा और अगरबत्ती जलाकर प्रतीकात्मक पूजा की। इसके बाद सड़क की अर्थी निकालकर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया गया।

शिवसेना के संभाग अध्यक्ष पवन पटेल ने आरोप लगाते हुए बताया कि कोतमा से भालूमाड़ा मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे आम जनता, स्कूली बच्चों, मरीजों और कोल श्रमिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है।उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को सड़क सुधार के लिए ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। मजबूर होकर अब जनता के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरना पड़ रहा है। शिवसेना ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने भी प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। धूल, कीचड़ और जाम की समस्या से लोग परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं।

शिवसेना के इस अनोखे प्रदर्शन की चर्चा पूरे क्षेत्र में होती रही और राहगीर भी रुककर इस विरोध प्रदर्शन को देखते नजर आए। जनता अब उम्मीद कर रही है कि शायद इस अनोखे विरोध के बाद प्रशासन की नींद टूटे और सड़क की बदहाल तस्वीर बदले।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर डॉ० डी.ए. प्रकाश खांडे ने मानवता के लिए किया रक्तदान

**समाज जागरण**

विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई 2025 के मौके पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा शासकीय जिला चिकित्सालय अनुपपुर मे, नेत्र जाँच,रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया । अनुपपुर में आयोजित रेडक्रॉस सोसाइटी मे डॉ० डी.ए. प्रकाश खांडे सहित कई गणमान्य नागरिकों ने रक्तदान किया। मानव जीवन को सफल और सुरक्षित रखने के सेवा कार्य सर्वोत्तम है डॉ० डी.ए.प्रकाश खांडे का नाम भी उन प्रबुद्ध नागरिकों में शामिल है जिन्होंने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान करके "मानवता में एकता" - United in Humanity थीम को सार्थक किया।




डॉ ० खांडे शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ मे शिक्षक हैं उन्होंने अपने नवाचार से जन जातीय बालिकाओं को प्रशंसनीय लाभ पहुंचाए हैं जलवायु परिवर्तन के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए आप सतत सक्रिय रहते हैं विश्व रेडक्रॉस मानवता में एकता मानवता की सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाता है रक्तदान सिर्फ दूसरों की जान नहीं बचाता, खुद रक्तदाता के लिए भी फायदेमंद है

डॉ. डी. ए. प्रकाश खांडे जैसे जागरूक नागरिकों के रक्तदान से ही रेडक्रॉस का "सेवा, सहयोग और एकजुटता" का संदेश मजबूत होता है।

# कुनुक नदी में अवैध रेत उत्खनन से हाहाकार, पर्यावरण और ग्रामीण जीवन पर संकट

**समाज जागरण विजय तिवारी**

जैतपुर। शहडोल जिले के जैतपुर क्षेत्र से बह रही कुनुक नदी एवं अन्य नदी, नाले में इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन जारी है। ट्रैक्टर-ट्रॉली दिन-रात नदी की गोद से रेत निकाल रही हैं। इससे नदी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है और आसपास के गांवों की जमीन, पेयजल स्त्रोत तथा पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

*** रातों में जारी है रेत की लूट**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हर रात कई वाहन नदी से रेत भरते हुए गुजरते हैं। प्रशासन को शिकायतें दी गईं, पर कार्रवाई औपचारिकता तक सीमित रही।

रात में ट्रैक्टर की आवाज से ग्रामीणों की नींद हराम है। कई जगह नदी किनारे की जमीन तेजी से कट रही है और किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं।

गांव के किसान बताते हैं पहले नदी का पानी खेतों तक पहुँच जाता था, अब नदी का तल नीचे चला गया है।

**पर्यावरण विशेषज्ञों की चेतावनी**

पर्यावरण विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि नदी का यह हिस्सा पारिस्थितिक दृष्टि से अति-संवेदनशील है। रेत नदी की जलधारा को नियंत्रित रखती है और भूजल स्तर को बनाए रखती है।

अवैध खनन से न केवल नदी का प्रवाह असंतुलित होगा, बल्कि बाढ़, कटाव और भूमि धंसने जैसी आपदाएँ भी बढ़ सकती हैं।

**-प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल**

ग्रामीणों का आरोप है कि माफिया को पहले से ही कार्रवाई की जानकारी मिल जाती है। जन चर्चा है कि पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से रेत माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है जिस कारण उनकी मनमानी बढ़ती जा रही है।

# निमार्णाधीन विकास कार्यों के पूर्ण होने से जिले के विकास की बढ़ेगी रफ्तार : उप मुख्यमंत्री

## - जर्जर शासकीय विद्यालयों को चिन्हित कर कराएं मरम्मत : उप मुख्यमंत्री
## - जनपद कार्यालय ब्यौहारी के सामने संचालित शराब दुकान हटाने के निर्देश
## - जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निमार्णाधीन विकास कार्यों में तेजी लाकर उन्हें समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना अत्यंत आवश्यक है। विकास कार्यों के पूर्ण होने से शहडोल जिले के विकास को नई गति मिलेगी।

उक्त निर्देश उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने सर्किट हाउस बाणसागर में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए।

उप मुख्यमंत्री ने शहडोल- उमरिया मार्ग, ब्यौहारी के विजयसोता पूल निर्माण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहडोल- उमरिया मार्ग, ब्यौहारी के विजयसोता पूल, भन्नी सिंचाई परियोजना जैसे अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर समय-सीमा की बैठक में अनिवार्य रूप से करें एवं जल्द से जल्द पूर्ण कर आमजन को उन सुविधाओं का लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर कार्य करने की अत्यंत आवश्यकता है।

उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में निमार्णाधीन नर्सिंग कॉलेज एवं शहडोल जिले में निमार्णाधीन हेल्थ सेंटरो को यथाशीघ्र पूर्ण कर जनप्रतिनिधियों द्वारा शुभारंभ कराना सुनिश्चित किया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने बैठक में कलेक्टर को निर्देश दिए की शहडोल जिले में संचालित शासकीय विद्यालय जो जर्जर हैं उन्हें सूचीबद्ध कर उनका मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में बनाए जा रहे सांदीपनि विद्यालय के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर जल्द से जल्द से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उप मुख्यमंत्री ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए जनपद पंचायत कार्यालय ब्यौहारी के सामने संचालित शराब की दुकान हटाने के निर्देश कलेक्टर को दिए।

उप मुख्यमंत्री ने बैठक में मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया, भू अर्जन कार्य में प्रगति, टेटका - शहडोल मार्ग की प्रगति, जयसिंहनगर बाईपास, ब्यौहारी -सपटा मार्ग, जल जीवन मिशन के कार्य, प्रगतिरत कटनी से सिंगरौली डबल रेलवे लाइन के कार्य सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में उप मुख्यमंत्री को जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा विकास कार्यों हेतु अपने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

बैठक में सांसद संसदीय क्षेत्र सीधी डॉ.राजेश मिश्रा, विधायक श्री जयसिंह मरावी, श्री शरद कोल,श्रीमती मनीषा सिंह, कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति सहित अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत भैसा में बिना अनुमति भाजपा कार्यक्रम आयोजित, जांच के निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा/दमोह जिलें की जनपद पंचायत हटा अंतर्गत ग्राम पंचायत भैसा में भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम बिना वैधानिक अनुमति आयोजित किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर कुछ पंचायत एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच उपरांत वैधानिक कार्रवाई की बात कही है, वहीं कुछ अधिकारी मामले से अपना पल्ला झाड़ते नजर आए।




भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल हटा अध्यक्ष गोपाल पटेल ने कहा कि कार्यक्रम आयोजन को लेकर अजय पटेल से चर्चा की गई थी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत का संचालन अजय पटेल ही कर रहे हैं। गोपाल पटेल के अनुसार, ‎अजय पटेल ने ही सरपंच गुलाब बाई अहिरवार को चुनाव जितवाया था, इसलिए कार्यक्रम आयोजन को लेकर उन्हीं से चर्चा हुई थी‎, लेकिन पंचायत स्तर पर आवश्यक वैधानिक अनुमति नहीं ली गई।

वहीं ग्राम पंचायत सचिव हर्ष पटेल ने कहा कि कार्यक्रम आयोजन से पूर्व उनसे किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई और न ही उन्हें कार्यक्रम की जानकारी दी गई थी।

इधर सरपंच गुलाब बाई अहिरवार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

मामले में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फूल पगारे ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है तथा जनपद पंचायत सीईओ से जानकारी लेने की बात कही। साथ ही शासन के नियमों के अनुसार किसी भी राजनैतिक अथवा गैर-राजनैतिक कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व ग्राम पंचायत से अनुमति आवश्यक होती है।

ग्रामीण क्षेत्र में बिना अनुमति आयोजित राजनीतिक कार्यक्रम को लेकर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली एवं नियमों के पालन को लेकर चचाओं का दौर जारी है।

इनका कहना है

मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं। पार्टी का कार्यक्रम था। आयोजन पूर्व अनुमति ली गई थी अथवा नहीं ली गई थी, इसकी मुझे विस्तृत जानकारी नहीं है। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष द्वारा मुझे कार्यक्रम की सूचना दी गई थी, सूचना पर मैं कार्यक्रम में शामिल हुआ था। अनुमति के संदर्भ में गोपाल पटेल ही बता सकते हैं।

**— मनीष तनतुवाय, जिला पंचायत सदस्य**

**यदि बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित हुआ है तो मामले की जांच कराई जाएगी तथा जांच उपरांत वैधानिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।**

**— संजीव गोस्वामी, सीईओ, जनपद पंचायत हटा**

**— जांच उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।**

**— प्रताप नारायण यादव, कलेक्टर, दमोह**

# एनएचएआई ने मध्यस्थता मामले में हासिल की बड़ी जीत, सार्वजनिक धन की हुई बचत

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने गुजरात में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के कामरेज-चलथान खंड के छह लेन निर्माण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मध्यस्थता मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। इस फैसले से सार्वजनिक धन की भारी बचत हुई है। ठेकेदार द्वारा लगभग 174.49 करोड़ रुपये के दावे के मुकाबले मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने केवल 54 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

यह मामला एनएच-48 के 15 किलोमीटर लंबे कामरेज-चलथान खंड को चार लेन से छह लेन तक विस्तारित करने से संबंधित था। परियोजना में कामरेज-भरूच खंड पर स्थित चार ब्लैक स्पॉट के स्थायी सुधार कार्य भी शामिल थे। इस परियोजना को जून 2016 में 241.41 करोड़ रुपये की लागत पर इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में एससीआईडब्ल्यू-यूनिक कंस्ट्रक्शन (जेवी) को सौंपा गया था। परियोजना का कार्य प्रारंभ 21 मार्च 2017 से होना था और उस समय लगभग 87.75 प्रतिशत भूमि उपलब्ध थी। कार्य के दौरान ठेकेदार ने बार-बार भूमि संबंधी समस्याओं का हवाला देते हुए कार्य की गति धीमी रखी। अनुबंध के अनुरूप परियोजना को समय पर पूरा नहीं किया गया। सड़क और जल निकासी से जुड़े सामान्य कार्यों के अलावा प्रमुख संरचनाओं और फ्लाईओवर का निर्माण शुरू तक नहीं हो पाया। लगातार लापरवाही और धीमी प्रगति के चलते 11 मई 2020 को लगभग 49.79 प्रतिशत कार्य प्रगति पर ही अनुबंध को आपसी सहमति से समाप्त कर दिया गया। अनुबंध समाप्ति के समय दोनों पक्षों के बीच यह सहमति बनी थी कि सभी दावों का पूर्ण निपटारा हो चुका है और भविष्य में कोई दावा नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद वर्ष 2022 में ठेकेदार ने एनएचएआई के खिलाफ लगभग 174.49 करोड़ रुपये का दावा करते हुए मध्यस्थता कार्यवाही शुरू कर दी।

# साई कृपा कंपनी पर मेहरबानी क्यों ? कपिलधारा साइडिंग में कार्रवाई को लेकर बढ़ा आक्रोश

## जनता त्रस्त, सवाल बरकरार -कपिलधारा साइडिंग में साईं कृपा कंपनी पर कार्रवाई कब होगी ?

**समाज जागरण**

अनूपपुर- अनूपपुर जिले के कपिलधारा साइडिंग क्षेत्र में संचालित साईं कृपा कंपनी की कार्यप्रणाली को लेकर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि साइडिंग क्षेत्र में लगातार बढ़ती अव्यवस्थाएं, ओवरलोड वाहनों की आवाजाही, धूल प्रदूषण और यातायात बाधाओं ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक मौन बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि भारी वाहनों के कारण सड़कों की हालत बदतर होती जा रही है। दिनभर उड़ती धूल से आसपास के ग्रामीणों, राहगीरों और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में लगातार नाराजगी बढ़ रही है।



ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नियम विरुद्ध कार्य पाए जाने पर साईं कृपा कंपनी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन की स्थिति भी बन सकती है।

कपिलधारा साइडिंग को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही बन चुका है कि आखिर शिकायतों के बाद भी प्रशासन कार्रवाई करने से पीछे क्यों है? क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं, या फिर जल्द ही कोई बड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी?

# नाग बाबा के जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का सड़ा-गला शव, पहचान के लिए पुलिस ने लोगों से मांगी मदद

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नाग बाबा के जंगल में एक अज्ञात युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जंगल से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर देखा, जहां एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक युवक की उम्र लगभग 25 से 26 वर्ष के बीच बताई जा रही है। युवक ने लोअर और टी-शर्ट पहन रखी थी। प्रारंभिक जांच में शव करीब एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है, जिसके कारण शव सड़-गल चुका है और उसकी पहचान करना फिलहाल मुश्किल हो रहा है।

पुलिस आसपास के गांवों एवं थानों में गुमशुदगी की जानकारी खंगाल रही है। वहीं आमजन से भी अपील की गई है कि यदि किसी परिवार, रिश्तेदार या गांव का कोई युवक पिछले कुछ दिनों से लापता है, तो तत्काल तेंदूखेड़ा पुलिस से संपर्क करें, ताकि मृतक की पहचान की जा सके।

फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

# भारत विकासशील देशों में स्वास्थ्य एआई बेंचमार्किंग प्लेटफॉर्म विकसित करने वाला पहला देशः डॉ. सुनील कुमार बरनवाल, सीईओ, एनएचए

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए), इंडियाएआई मिशन और भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस), बेंगलुरु के सहयोग से आज एबी पीएम-जेएवाई ऑटो-एडजुडिकेशन हैकाथॉन शोकेस 2026 का उद्घाटन किया। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत स्वास्थ्य दावों के प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का लाभ उठाने पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरूआत का प्रतीक है।

उद्घाटन दिवस पर नीति निमार्ता, प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तक, बीमाकर्ता, तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए), स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, शिक्षाविद और एआई स्टार्टअप एक साथ आए और दावों के निपटान में दक्षता, पारदर्शिता और समग्रता बढ़ाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक एआई-सक्षम समाधानों पर विचार-विमर्श और प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुनील कुमार बरनवाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल न केवल आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के तहत स्वास्थ्य सेवा वितरण को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करती है, बल्कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तंत्र की समग्र दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने का भी अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि नवाचार समाज में व्याप्त है, संस्थानों, शिक्षा जगत, स्टार्टअप और उद्योग तक फैला हुआ है और हैकथॉन जैसी पहल जटिल स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए इस सामूहिक क्षमता का उपयोग करने में मदद करती हैं।

डॉ. बरनवाल ने रेखांकित किया कि एनएचए स्वास्थ्य सेवा में एआई को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। इसमें आईआईटी कानपुर में स्वास्थ्य एआई के लिए एक ओपन बेंचमार्किंग और डेटा प्लेटफॉर्म, बीओडीएच का विकास भी शामिल है, जिसे इंडियाएआई इम्पैक्ट समिट के दौरान लॉन्च किया गया था। उन्होंने बताया कि भारत विकासशील देशों के उन पहले देशों में से एक है जिन्होंने डिजिटल सार्वजनिक हित के रूप में भारत-विशिष्ट डेटासेट के आधार पर एआई समाधानों को मान्य करने के लिए ऐसा प्लेटफॉर्म स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध अस्पतालों के बीच विश्वास कायम करने, समय पर निपटान सुनिश्चित करने और प्रोग्राम इंटीग्रिटी में सुधार लाने के लिए मजबूत और पारदर्शी दावा निपटान प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि एबी पीएम-जेएवाई के तहत सृजित विशाल और विविध डेटा में एआई का उपयोग करके दक्षता, पारदर्शिता और परिणामों को और अधिक सुदृढ़ करने की अपार संभावनाएं हैं।

इस प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण हैकथॉन के तहत विकसित उन्नत एआई/एमएल-आधारित समाधानों की प्रस्तुति थी, जो तीन महत्वपूर्ण समस्याओं पर आधारित थे। इनमें से प्रत्येक दावों के निपटान और एबी पीएम-जेएवाई के तहत प्रोग्राम इंटीग्रिटी में आने वाली मुख्य चुनौतियों का समाधान करता है। पहली समस्या नैदानिक दस्तावेज वर्गीकरण और मानक उपचार दिशानिर्देशों (एसटीजी) के अनुपालन पर केंद्रित थी। विजेता टीमों ने विविध स्वास्थ्य देखभाल दस्तावेजों के स्वचालित वर्गीकरण में सक्षम परिष्कृत समाधानों का प्रदर्शन किया, साथ ही निम्न-गुणवत्ता और विषम स्कैन पर लागू बहुभाषी ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) का भी प्रदर्शन किया। ये प्रणालियां संरचित नैदानिक और बिलिंग डेटा को संबद्ध विश्वसनीयता स्कोर और स्रोत ट्रैकिंग के साथ निकालने में सक्षम थीं। इसके अतिरिक्त, इन समाधानों ने संस्थागत मुहरों और अधिकृत हस्ताक्षरों जैसे अनिवार्य दृश्य चिह्नों की पहचान करने की क्षमता प्रदर्शित की। साथ ही, मानक उपचार दिशानिर्देशों और नीति अनुपालन ढांचों के अनुरूप व्याख्या योग्य न्यायनिर्णय परिणाम उत्पन्न किए। दूसरी समस्या रेडियोलॉजिकल इमेज-आधारित स्थिति का पता लगाने और रिपोर्ट सहसंबंध से संबंधित थी। विजेता टीमों ने सहायक एआई उपकरण प्रदर्शित किए जो एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई सहित जटिल रेडियोग्राफिक डेटा की व्याख्या करने में सक्षम थे। ये समाधान निर्णायक मंडल को इमेजिंग आउटपुट को बेहतर ढंग से समझने, रेडियोग्राफिक निष्कर्षों को अस्पताल द्वारा प्रस्तुत नैदानिक रिपोर्टों से सहसंबंधित करने और स्थापित मानक उपचार दिशानिर्देशों के अनुसार दावा किए गए निदान, रोग की अवस्था और उपचार समय-सीमा को मान्य करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे निर्णय लेने की गति और सटीकता दोनों में वृद्धि होती है। तीसरी समस्या दस्तावेज जालसाजी और डीपफेक का पता लगाने पर केंद्रित थी। प्रतिभागी टीमों ने दावों की प्रोसेसिंग के दौरान प्रस्तुत चिकित्सा दस्तावेजों में विसंगतियों और धोखाधड़ी के पैटर्न का पता लगाने के लिए डिजाइन किए गए मजबूत एआई/एमएम-आधारित सिस्टम प्रस्तुत किए। इनमें छेड़छाड़ किए गए डिस्चार्ज सारांश, हेरफेर किए गए बिलिंग रिकॉर्ड, फर्जी लाभार्थी और कृत्रिम रूप से तैयार या परिवर्तित चिकित्सा रिपोर्टों की पहचान शामिल थी। उम्मीद है कि ऐसे समाधान डिजिटल दावा निपटान ढांचे को अत्यधिक सुदृढ़ करेंगे और एबी पीएम-जेएवाई के तहत प्रोग्राम इंटीग्रिटी की रक्षा करेंगे।

इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव श्री एस. कृष्णन की अध्यक्षता में "भारतीय स्वास्थ्य सेवा के लिए एआई का निर्माण" विषय पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस पैनल में सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी उद्यमों, शिक्षा जगत और व्यापक एआई इकोसिस्टम के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में एआई समाधानों को अपनाने और उनका विस्तार करने के लिए व्यावहारिक तरीकों, नीतिगत विचारों और प्रचालनगत कार्यनीतियों पर विचार-विमर्श किया। चचाओं में विविध स्वास्थ्य सेवा उपयोग मामलों, विशेष रूप से कम संसाधनों और स्थानीय भाषा वाले परिवेशों में, लघु भाषा मॉडल (एसएलएम), दीर्घ भाषा मॉडल (एलएलएम) और बहुआयामी एआई प्रणालियों की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। पैनलिस्टों ने स्वास्थ्य सेवा वितरण में एआई समाधानों के लिए कार्यप्रवाह एकीकरण, सत्यापन ढांचे, गुणवत्तापूर्ण डेटासेट, एज डिप्लॉयमेंट, गोपनीयता सुरक्षा उपायों और परिमाणयोग्य कार्यान्वयन तरीकों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव श्री एस. कृष्णन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की संयुक्त सचिव (पीएमजेएवाई) सुश्री ज्योति यादव, आईआईएससी बेंगलुरु के निदेशक प्रोफेसर गोविंदन रंगराजन के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा पेशेवर, शिक्षाविद, छात्र और नवप्रवर्तक उपस्थित थे। एबी पीएमजेएवाई ऑटो-एडजुडिकेशन हैकाथॉन का उद्देश्य ऐसे नवोन्मेषी डिजिटल समाधानों को बढ़ावा देना है जो विद्यमान एबी-पीएमजेएवाई बुनियादी ढांचे के साथ सहजता से एकीकृत हों, मैन्युअल प्रयासों को कम करें, प्रोसेसिंग में तेजी लाएं और संपूर्ण इकोसिस्टम के लिए एक परिमाणयोग्य, भविष्य के लिए तैयार न्यायनिर्णय ढांचा तैयार करें।

# आईजीआरएस निस्तारण में सोनभद्र पुलिस प्रदेश में प्रथम

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में सोनभद्र पुलिस ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) के माह अप्रैल के मूल्यांकन में सोनभद्र पुलिस ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले के 22 थानों में से 20 थानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की गई। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा कर लंबित मामलों और कमियों को चिन्हित किया गया तथा उनमें सुधार कराया गया। उन्होंने बताया कि आईजीआरएस सेल में नियुक्त पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य के लिए लगातार प्रोत्साहित किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। एसपी ने बताया कि चोपन, दुद्धी, करमा, बभनी, अनपरा, पिपरी, म्योरपुर, जुगैल, शाहगंज, रायपुर, विण्ढमगंज, शक्तिनगर, रामपुर बरकोनिया, मांची, महिला थाना, हाथीनाला, पन्नगंज, घोरावल, रॉबर्ट्सगंज, कोन तथा बीजपुर थाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 में 100 अंक प्राप्त किए हैं।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सोनभद्र पुलिस की जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और मजबूत शिकायत निस्तारण प्रणाली को दर्शाती है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिसकर्मियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने के निर्देश दिए।

# यूपी में खत्म हुई स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था, अब हर महीने आएगा बिजली बिल

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर लगातार हो रहे विरोध के बीच प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था समाप्त कर सभी स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड मोड में संचालित करने के निर्देश दिए हैं। अब उपभोक्ताओं को हर महीने की 10 तारीख तक बिजली का बिल उपलब्ध कराया जाएगा। शासनादेश जारी होने के बाद सोनभद्र में भी बिजली विभाग ने नई व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अधीक्षण अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड प्रणाली में बदले जा रहे हैं। मई 2026 की बिजली खपत का बिल जून 2026 में पोस्टपेड प्रणाली के तहत जारी किया जाएगा। अब उपभोक्ताओं को बिजली इस्तेमाल करने के बाद बिल मिलेगा, जैसा पहले की व्यवस्था में होता था। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस और




व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाएंगे। जिन क्षेत्रों में नेटवर्क या संचार संबंधी समस्या के कारण ऑटोमैटिक रीडिंग नहीं मिल पाएगी, वहां एएमआईएसपी एजेंसियों के जरिए मैनुअल रीडिंग लेकर समय से बिल उपलब्ध कराया जाएगा। सभी एक्सईएन, एसडीओ और जेई को शासन की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। राबर्ट्सगंज विद्युत वितरण खंड के अधिशाषी अभियंता ओंकार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर सिस्टम में पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, उनके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उपभोक्ता 1912 हेल्पलाइन और संबंधित विद्युत वितरण निगम के व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से भी अपना बिल प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में अब सभी नए विद्युत संयोजन स्मार्ट पोस्टपेड मोड में ही जारी किए जाएंगे। वहीं प्रीपेड व्यवस्था के दौरान समायोजित की गई सुरक्षा धनराशि को विद्युत प्रदाय संहिता-2005 एवं कॉस्ट डाटा बुक-2026 के प्रावधानों के अनुसार चार समान मासिक किस्तों में उपभोक्ताओं के बिल में जोड़ा जाएगा।

अधीक्षण अभियंता ज्ञानेंद्र सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली कनेक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर की जांच अवश्य कर लें। यदि नंबर अपडेट कराने की आवश्यकता हो तो 1912 हेल्पलाइन या संबंधित विद्युत कार्यालय के माध्यम से उसे अपडेट करा लें, ताकि समय से बिल प्राप्त हो सके और उपभोक्ता नियत तिथि तक बिल जमा कर निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ लेते रहें।

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अखबार मे
विज्ञापन देने के लिए

# जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना करें, जिलाधिकारी ने नागरिकों से की अपील

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**



भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जनपद में स्व-गणना अभियान प्रारम्भ हो गया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के समस्त नागरिकों से स्व-गणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य उत्तर प्रदेश में 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। इससे पहले आमजन को 15 दिनों की स्व-गणना सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो 07 मई से शुरू होकर 21 मई 2026 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि स्व-गणना एक महत्वपूर्ण सुधारात्मक पहल है, जिसके माध्यम से परिवार स्वयं ही जनगणना पोर्टल पर अपनी सूचनाएं दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए नागरिक जनगणना स्व-गणना पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भर सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि यदि नागरिक स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर देंगे, तो बाद में सत्यापन के लिए पहुंचने वाली जनगणना टीम को कार्य करने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्व-गणना अवधि के दौरान विभिन्न वर्गों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विषयवार रणनीति भी बनाई गई है। जनपद के नागरिकगण इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्व-गणना अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

# इनरव्हील क्लब ओबरा ने पीएम-CDS को भेजे पत्र, 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर सम्मान और धन्यवाद किया व्यक्त

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। ओबरा स्थित इनरव्हील क्लब ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर एक अनूठी पहल की है। क्लब ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) को हस्तलिखित धन्यवाद एवं सम्मान पत्र भेजे हैं। क्लब की अध्यक्षा जस्कीर्ति तनेजा ने बताया कि यह पहल भारतीय सेना के अदम्य साहस, राष्ट्र सुरक्षा और देश की मातृशक्ति के सम्मान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्र की अस्मिता और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक तथा प्रेरणादायी अभियान बताया। सभी पत्र क्लब के आधिकारिक लेटरहेड पर हाथ से लिखे गए थे, जो आत्मीयता, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाते हैं। क्लब पदाधिकारियों और सदस्यों ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, समर्पण और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए देश की सुरक्षा में उनके अमूल्य योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर क्लब की सचिव प्रियंका सिंह, कोषाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव सहित सदस्य फरीदा खान, सुजाता पांडेय, तौकीर फातिमा, संगीता सिंह, मीरा सिंह और बेबी सिंह उपस्थित रहीं। इनरव्हील क्लब ओबरा की इस सराहनीय और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत पहल की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा की जा रही है।

# मामूली विवाद में चाकूबाजी, युवक गंभीर घायल

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के कटौली गांव में गुरुवार रात मामूली विवाद के बाद हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पहुंचाया, जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान कटौली निवासी 20 वर्षीय गोलू बैगा पुत्र देवमूरत के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मोबाइल को लेकर शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे कहासुनी और हाथापाई में बदल गया। इसी दौरान चाकू से हमला कर दिया गया, जिसमें गोलू के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना में दूसरे पक्ष का युवक भी हल्का घायल बताया जा रहा है।

सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संभावित सूखे से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट, विभागों को समय से तैयारी पूरी करने के निर्देश

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में संभावित सूखे की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने एवं सूखा राहत कार्य योजना तैयार करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सूखा राहत योजना से जुड़े सभी विभाग अपनी तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण कर लें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तालाबों, पोखरों और अन्य जल स्रोतों में पर्याप्त



मात्रा में पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं तैयार रखने को कहा।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि गर्मी एवं दूषित जल से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। चिकित्सा केंद्रों पर आवश्यक दवाओं, ओआरएस, पेयजल जांच किट और अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सिंचाई विभाग को नहरों के संचालन के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तालाबों और जलाशयों तक पानी पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया, ताकि किसानों को सिंचाई संबंधी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए, जिससे गर्मी के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। शाहगंज थाना क्षेत्र के उचका गांव के समीप गुरुवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के तेन्दुई गांव निवासी 35 वर्षीय संतोष यादव पुत्र स्व. तेजबली यादव गुरुवार को करमा थाना क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात वह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह शाहगंज थाना क्षेत्र के उचका गांव के पास पहुंचे, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर



इतनी भीषण थी कि संतोष यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शाहगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। काफी प्रयास के बाद रात करीब तीन बजे मृतक की पहचान हो सकी, जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ कर वाहन की पहचान करने में जुटी हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# रेड क्रॉस दिवस पर मानव बंधुत्व का संदेश, टीबी व कुष्ठ रोगियों को वितरित की गई राहत सामग्री

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**




विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मानव बंधुत्व थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिवस पर उनके मानवीय योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस शाखा के सदस्यों द्वारा गोद लिए गए 35 टीबी रोगियों एवं 5 कुष्ठ रोगियों को पोषक पोटली, पौधे और राहत सामग्री वितरित की गई। साथ ही मरीजों को दवा का पूरा कोर्स करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस सदस्य दिलीप कुमार दूबे द्वारा ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड में रक्तदान शिविर का आयोजन कराया गया, जिसमें 25 यूनिट रक्त एकत्र कर राजकीय मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध कराया गया। रेड क्रॉस शाखा के चेयरमैन डॉ. आर. एस. सिंह ने बताया कि जल्द ही रेड क्रॉस भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिससे जरूरतमंदों तक रेड क्रॉस की मानवीय सेवाओं को और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन विमल अग्रवाल, सचिव डॉ. टी. पी. सिंह, कोषाध्यक्ष किशोरी सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी. एस. यादव तथा उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सरकारी सचिव डॉ. सुमन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026- स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

**समाज जागरण/ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। एनटीपीसी ने 2018 में बालिका सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक माह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। इसके तहत एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से वीएसआर (विंध्याचल, सिंगरौली, रिहंद) की परियोजनाओं में बालिका सशक्तिकरण मिशन को पाइलेट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया। इससे प्रोत्साहित होकर 2019 में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं/स्टेशनों में इस कार्यक्रम को भारी उत्साह के साथ आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रशिक्षण दी गई।

इसी शृंखला में एनटीपीसी रिहंद में भी हर वर्ष बालिका सशक्तिकरण मिशन का आयोजन किया जाता है। बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बच्चियों को केवल शिक्षा ही नही बल्कि उनके सम्पूर्ण सर्वांगीण विकास के लिए सभी उपयोगी प्रशिक्षण जैसे व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल,




आत्मरक्षा प्रशिक्षण, कौशल विकास की ट्रेनिंग भी दी जाती है। इसके अलावा अन्य दैनिक जीवन उपयोगी प्रशिक्षण जैसे- योगा, खेल-कूद, गुड टच एवं बैड टच आदि का ज्ञान प्रदान करते हुये उन्हे जीवन के हर परिस्थिति में जीवन जीने की कला को भी सिखाने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष बालिका सशक्तिकरण अभियान का आयोजन 21 मई से 16 जून 2026 तक किया जा रहा है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी अभिभावकों को बालिका सशक्तिकरण मिशन की प्रतीक्षा थी, सामान्यतः इस कार्यक्रम के लिए 120 बालिकाओं का चयन किया जाता है, किन्तु इस वर्ष आसपास के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से कुल 140 बालिकाओं का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में एनटीपीसी रिहंद नें कुल 60 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अन्य बालिकाओं का परीक्षण दूसरे चरण में सम्पन्न किया जाएगा। एनटीपीसी रिहंद केवल बालिका सशक्तिकरण मिशन तक ही सीमित नही है बल्कि बच्चियों के मूल्याकन के परिणाम एवं शिक्षा के प्रति रुचि को ध्यान में रखते हुये श्रेष्ठ 10 बच्चियों को परियोजना के डीएवी स्कूल में प्रवेश दिलाकर उनकी अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जा रही है। एनटीपीसी रिहंद को पूर्ण विश्वास है की इन कार्यक्रमों से इन बच्चियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा और यह बच्चियाँ शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण द्वारा जीवन में नित नए आयाम हासिल करेंगी और अपने आस-पास की बालिकाओं को भी जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करेंगी।

# मुख्य राजमार्ग स्थित सलखन रेलवे पुल के नीचे कूड़ा-कचड़ा समेत गंदा पानी बहने से राह चलना हुआ मुश्किल

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। चोपन थाना परिक्षेत्र अन्तर्गत मुख्य राज मार्ग स्थित सलखन मुख्य बाजार रेलवे पुल के नीचे व्यवसायियों द्वारा कूड़ा-कचड़ा समेत गंदा पानी बहाने से पैदल चलने वाले आम जनमानस को राह चलना मुश्किल हो गया है।वहीं गंदा पानी का छींटा बड़े छोटे चलने वाले वाहनों से पड़ने से लोगों की और मुश्किलें बढ़ा दिया है।वहीं वषार्काल में बढ़ते प्रदूषण से लोगों को समस्या उत्पन्न हो जाती है। वहीं पूजा अर्चना के साथ नमाजियों को गंदा पानी का छींटा पड़ जाने से एक विकट समस्या उत्पन्न हो गई है जबकि इस सम्बंध में डा. रामऔतार चौहान, राकेश चौबे, सुभाष भारती, गुलाब चंद्रा, नारद भारती पप्पू गुप्ता,संजय गुप्ता इत्यादि स्थानीय लोगों ने सम्बंधित रोड़ निर्माण विभाग से कई बार अवगत भी कराया है बावजूद इसके आज तक कोई पहल नहीं किया गया जबकि इसी रास्ते विभागीय अधिकारियों की वाहनें आती जाती हैं। प्रश्न अब यह उठता है कि क्या उनकी निगाहें इस तरफ नहीं केंद्रित होती हैं।

क्षेत्रीय प्रबुद्ध लोगों ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों समेत जिलाधिकारी से अविलंब उचित कार्यवाही करने की मांग की है। जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके।

# मारकुंडी ग्राम पंचायत सचिवालय पर किसानों का नि:शुल्क पंजीकरण का कार्य हुआ प्रारंभ

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। रावर्ट्सगंज विकास खण्ड के मारकुंडी ग्राम पंचायत सचिवालय पर शुक्रवार से किसानों को खरीफ सीजन का बीज वितरण पंजीकरण का कार्य शुरू हो जाने से गरीब-निरीह किसानों में खुशी की लहर दौड़ गयी है।सुबह से ही आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के महिला,पुरुष किसानों की भीड़ शुरू हो गई थी।

इस सम्बंध में ग्रामप्रधान उधम सिंह यादव ने बताया कि सभी किसानों का निशुल्क पंजीकरण पंचायत भवन कार्यालय से शुरू करा दिया गया।बीज पंजीकरण का कार्य का अन्तिम तिथि 10 मई 2026 तक ही सुनिश्चित किया गया है।बिना पंजीकरण किसानों को बीज से बंचित हो सकते हैं। सभी किसानों को समय से पंजीकरण हेतु सूचित कर दिया गया।सभी किसान अपने सुविधानुसार कही भी जनसेवा केंद्र से भी पंजीकरण करा सकते हैं।जिसमें सभी पंजीकृत किसानों को खरीफ सीजन बीज में सावा, कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा, अरहर, मूंग, मूंगफली बीजों का वितरण किया जायेगा।

# ढुटेर गांव स्थित स्टेट हाइवे से मसोई गाँव को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग की हालत अत्यन्त दयनीय

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। घोरावल विकासखंड के ढुटेर गांव स्थित स्टेट हाइवे से मसोई गाँव को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग की हालत अत्यन्त दयनीय हो गयी है। इसी मार्ग पर शाहगंज राजवाहा के पास बनी पुलिया भी टूटकर बह गयी है।जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।ग्रामीण करीब डेढ़ किमी दूर दूसरे रास्ते से आने-जाने के लिए मजबूर हैं।

बताते है कि राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2018-19 में राबर्टसगंज-घोरावल मुख्य मार्ग ढुटेर-मसोई सम्पर्क मार्ग के लेपन का कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया गया था।इसी मार्ग पर नहर के पास बरसाती पानी की निकासी को पुलिया का भी निर्माण कराया गया था।जो गत वर्ष वर्षा ऋतू में पानी के तेज बहाव के कारण पूरी तरह टूट कर बह गयी है।सड़क भी उखड़ने के साथ ही इस पर घास उग आयी है। इससे उक्त रास्ते ढुटेर, मसोई, लसही प्रभा, ईनम आदि गाँवो के रहवासियों का आवागमन बिल्कुल ठप हो गया है।मजबूरन लोग लगभग डेढ़ किमी दूरी का दूसरा रास्ता नाप कर अपने गन्तव्य तक पहुंचते हैं।बरसात के दिनों में तो स्थिति और खराब हो जाती है। इसको लेकर सम्बंधित गाँवों के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। इनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार विभाग इस पर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। पूर्व ग्राम प्रधान रामजीत मौर्य, गुलाब सिंह सहित दिनेश कुमार, बसावन, शिवप्रसाद, गुलाब, तेजबहादुर सुभाष पासवान,हीरामन, सोहन आदि ग्रामीणों ने इस ओर शासन-प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त टूटी पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण तथा क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत यथाशीघ्र कराये जाने की मांग की है।

# दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर

**समाज जागरण**

म्योरपुर। म्योरपुर थाना क्षेत्र के गाड़ियां गांव के करहीयां जंगल में शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। घायलों को तुरंत सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डा० शिशिर श्रीवास्तव ने प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ियां ग्राम पंचायत के तेनहुनियां टोला निवासी बसंतलाल 24 वर्ष पुत्र बलजीत यादव परनी गांव में आयोजित शादी समारोह से बाइक द्वारा वापस अपने घर तेनहुनियां



जा रहे थे वे गड़िया गांव के करहीयां जंगल में पहुंचे ही थे कि सामने आ रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई।दूसरी बाइक पर खंता टोला के अमेले 25, पुत्र विजय, मनीराम 17 वर्ष पुत्र, सुदामा सवार थे। हादसे में तीनों बाइक सवार युवक घायल हो गये जिन्हें सीएचसी म्योरपुर में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डा० शिशिर श्रीवास्तव ने प्राथमिक उपचार के बाद बसंतलाल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# 15 मई तक आरआरसी केंद्र, सामुदायिक शौचालय व लाइब्रेरी का सुंदरीकरण पूर्ण कराने के निर्देश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के समस्त सचिवों को एडीओ पंचायत रवि सिंह ने पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया है कि 15 मई तक सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आर आर सी केंद्र, सामुदायिक शौचालय सहित लाइब्रेरी की पेंटिंग ,टेबल मेज मरम्मत व सुंदरीकरण का कार्य पूर्ण कराएं। अन्यथा अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान शिकायत मिलने पर कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

एडीओ पंचायत हरहुआ रवि सिंह के अनुसार कुछ गांवों के आर आर सी केंद्र मरम्मत की स्थिति में तो कुछ केंद्र पूर्णतया बन्द की हालत में हैं वहीं सामुदायिक शौचालय का समय नियमित संचालन और डोर टू डोर कूड़ा उठान का कार्य नहीं हो रहा है। वहीं राजाराम मोहन राय फाउंडेशन से बने लाइब्रेरी की पेंटिंग ,टेबल ,मेज मरम्मत व सुंदरीकरण का कार्य कराने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देश दिया गया अभी तक अपूर्ण है। जबकि जिले के अधिकारियों के ग्राम पंचायत दौरा में इसे ही देखने का निर्णय लिया गया है। सभी ग्राम पंचायतों के सचिव इसे आवश्यक संज्ञान में लेकर हर हाल में 15 मई तक पूर्ण करके संचालन का कार्य कराएं। अन्यथा की स्थिति में स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# जिले में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा का हुआ सम्मान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी।। हाईस्कूल परीक्षा 2026 में जिले में छठा स्थान प्राप्त करने वाली श्री कृष्ण देव इंटर कॉलेज मंगारी नेवादा की छात्रा आंचल पटेल का शुक्रवार को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

बताते चले कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में 95 फीसदी अंक के साथ 6 वा स्थान हासिल करने पर विद्यालय के प्रबंधक रामाशनी सिंह,उपप्रबंधक संजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह ने ट्राफी, मेडल, डायरी, पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हाईस्कूल की छात्रा कु.शशि यादव (93%) एवं इंटरमीडिएट की छात्रा - अमीषा पटेल व छात्र - सोनू पटेल (दोनों 85%) को विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं के अभिभावक,शिक्षक, कर्मचारी, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती महाराणा की शौर्यगाथा के रूप में मनाया जाएगा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के के. एन. उडप्पा सभागार में 9 मई को महाराणा प्रताप जी की जन्मजयंती के अवसर पर ह्रमहाराणा की शौर्यगाथाह्व कार्यक्रम का आयोजन छात्र नेता विवेक सिंह अभिषेक एवं अन्य छात्रों द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम के संदर्भ में मधुबन पार्क में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विवेक सिंह अभिषेक ने बताया कार्यक्रम में महाराणा प्रताप जी के साथ युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आदिवासी समाज के वीरों का विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा। साथ ही भव्य झांकी भी निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को महाराणा प्रताप जी के शौर्य, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनीत सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में चेतन आनंद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में धनंजय कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, सतेंद्र बारी एवं डॉ. एस. एन. शंखवार मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने सभी छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# आयुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**समाज जागरण शिव तिवारी**

बड़ागांव, वाराणसी। आयुक्त वाराणसी मंडल की अध्यक्षता में गुरुवार को मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट सुधार, स्कूल वाहनों की फिटनेस तथा हिट एंड रन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, वाराणसी मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत पूर्व बैठक दिनांक 29 दिसंबर 2025 के अनुपालन की समीक्षा से हुई।

बैठक में वाराणसी मंडल में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए गत वर्ष की तुलना में मृतकों एवं घायलों की संख्या में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई। आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को दुर्घटनाओं के कारणों की पृथक-पृथक समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बैठक में निर्देशित किया गया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट स्थलों पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर कट प्वाइंट्स के निकट रम्बल स्ट्रिप्स, ब्लिंकर एवं आवश्यक साइनेज लगाए जाएं। साथ ही रोड मर्जर प्वाइंट्स एवं अंडरपास के समीप गति नियंत्रण एवं स्पीड कैल्मिंग उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। सभी जनपदों के एआरटीओ, पुलिस अधिकारियों एवं सड़क निर्माण एजेंसियों को 15 दिनों के भीतर ब्लैक स्पॉट स्थलों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में स्कूल वाहनों की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए गए कि बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र वाले स्कूल वाहन किसी भी स्थिति में संचालित न हों। इसके लिए परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के बीच समन्वय स्थापित करने को कहा गया। फिटनेस में अनुत्तीर्ण स्कूल वाहनों की थाना-वार सूची पुलिस विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी तथा ऐसे वाहनों के संचालन पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सरकार द्वारा संचालित हिट एंड रन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पीड़ितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक दुर्घटना की जांच कर अज्ञात वाहन से संबंधित मामलों को जिला सड़क सुरक्षा समिति को भेजा जाए, ताकि पात्र पीड़ितों को सहायता मिल सके।

बैठक में हिट एंड रन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मंडल के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर फ्लेक्स लगाने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा गुड सेमेरिटन/राहवीरों की पहचान कर उन्हें अनुग्रह राशि एवं सम्मान प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग को राहवीर योजना के प्रभावी संचालन के लिए समन्वय स्थापित कर पात्र व्यक्तियों की पहचान, सत्यापन एवं समयबद्ध प्रोत्साहन राशि वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# दस दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर हुआ प्रारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। राजातालाब क्षेत्र के ढढोरपूर गांव में ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ।दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन हरि ओम विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कैलाश विश्वकर्मा ने किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता तथा सूर्या फाउंडेशन के काशी क्षेत्र प्रमुख नीतीश कुमार ने कहा कि यह शिविर 10 दिनों तक चलेगा। फाउंडेशन के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न तरह के प्रशिक्षण भी दिया जाएंगे।उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व विकास के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण, संयम और सदगुण आवश्यक है।इसके लिए बच्चों और छात्रों को सकारात्मक कार्यक्रमों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाना अच्छा कार्य है।



प्रधानाचार्य कैलाश विश्वकर्मा ने कहा कि बच्चों को पत्र लेखन,विज्ञान के प्रयोग, भाषण प्रतियोगिता और चित्रकला के माध्यम से बहुमुखी बनाया जाएगा। कहा कि छात्रों को स्थानीयता का बोध कराने के लिए ग्राम भ्रमण तथा वन भ्रमण भी कराया जाएगा। इस दौरान यहां पर स्वरोजगार प्रमुख दीपचंद,सूर्या संस्कार केंद्र के शिक्षक शेषनाथ, अदिति विश्वकर्मा,राजू राय ने भी संबोधन प्रस्तुत किया उद्घाटन समारोह में ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव के सैकड़ो छात्र और किशोर उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर जवानों को नमन-डा०सानन्द सिंह

- सत्यदेव डिग्री कॉलेज में मनायी गयी ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ
- अखंडता और देश के सम्मान को बनाए रखने का लिया गया संकल्प

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सत्यदेव डिग्री कॉलेज में ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ बड़े ही सम्मान और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में देश के वीर जवानों की बहादुरी व अदम्य साहस को याद किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान व ध्वजारोहण से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ सानन्द सिंह ने कहा कि वैसे तो हमारा देश शांति चाहता है, परन्तु जब हमारे देश के नागरिकों पर काई संकट आता है, तो हमारी सेना उसका मुंहतोड़ जवाब देने से पीछे नहीं हटती है। ऑपरेशन सिंदूर इसी संकल्प को प्रदर्शित करता है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर विश्व का एक मात्र ऐस ऑपरेशन था, जिसमें सीमा पार देशविरोधी, आतंकी अड्डों को ही निशाना बनाया गया, आम जानमानस को कोई भी हानि नहीं पहुंचाई गयी। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत अपनी सम्प्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। हमारे वीर जवानों ने अदम्य साहस, अनुशासन और देशभक्ति का परिचय देते हुए आतंकवाद और देशविरोधी शक्तियों को करारा जवाब दिया। साथ ही आज हम उन अमर वीरों को भी नमन करते हैं, जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।




कार्यक्रम के अंत में लोगों ने देश की एकता, अखंडता और देश के सम्मान को बनाए रखने का संकल्प लिया। कॉलेज परिसर देशभक्ति गीतों और नारों से गूंज उठा। इस मौके पर कालेज के निदेशक अमित रघुवंशी, उपप्राचार्य नवनीत वर्मा, डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय, मोती वर्मा, डॉ. प्रगति मौर्या, नेहा विश्वकर्मा, रश्मि सिंह, गुलशन, डॉ समरीन आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तरकर्मी उपस्थित रहे। संचालन प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह ने किया।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में साढ़े चार करोड़ के विकास प्रस्तावों पर हुआ मंथन

*नाली-खड़ंजा के साथ ओपन जिम और स्ट्रीट लाइट की मांग रही प्रमुख मांग

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ।ब्लॉक मुख्यालय मंगारी के सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया, वहीं मनरेगा एवं क्षेत्र पंचायत मद से करीब साढ़े चार करोड़ रुपये के विकास प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

बैठक पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सुबह 11 बजे शुरू होकर दोपहर बाद लगभग तीन बजे तक चला शुरूआत में पूर्व में कराए गए कार्यों का विवरण सदस्यों को पढ़कर सुनाया गया, जिस पर सहमति के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।



बैठक में मनरेगा के तहत लगभग तीन करोड़ रुपये तथा क्षेत्र पंचायत निधि से करीब डेढ़ करोड़ रुपये के विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गए। प्रस्तावों पर सदस्यों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर सिंह ने कहा कि प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के अनुसार विकास कार्य कराए जाएंगे तथा सभी सदस्यों के प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा।

बैठक के दौरान गांवों में सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, खड़ंजा, नाली निर्माण और ओपन जिम की स्थापना से जुड़े प्रस्ताव सबसे अधिक सामने आए।

इस मौके पर बीडीओ देवेंद्र सिंह, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, एडीओ एसटी कैलाश यादव, सीडीपीओ आशीष वर्मा, आपूर्ति निरीक्षक प्रदीप शुक्ला, पशु चिकित्सा अधिकारी प्रतिमा, बीईओ अखिलेश यादव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# मई माह का राशन अब 14 मई तक होगा वितरित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मई माह के राशन वितरण की अवधि बढ़ा दी गई है। पहले यह वितरण 24 अप्रैल से 8 मई तक निर्धारित था, लेकिन खाद्य आयुक्त के निर्देश पर अब इसे बढ़ाकर 14 मई 2026 तक कर दिया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण वल्लभ सिंह ने बताया कि अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को मई माह का गेहूं व चावल अब 14 मई तक कोटे की दुकानों से वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलो खाद्यान्न, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलो राशन निःशुल्क दिया जाएगा।

वितरण प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से कराया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्डधारकों से निर्धारित तिथि तक अपनी उचित दर दुकान से राशन प्राप्त करने की अपील की है।

# ऑपरेशन सिंदूर का पहला वर्षगांठ मनाया गया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के हार्टमन इंटर कॉलेज, हार्टमनपुर,में 92 यू० पी० बटालियन ,गाजीपुर के आदेशानुसार ऑपरेशन सिंदूर का पहला वर्षगांठ मनाया गया जिसके तहत सर्वप्रथम ध्वजारोहण हुआ तत्पश्चात कैडेट्स द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। कैडेट्स को ऑपरेशन सिंदूर के उद्देश्य ,नेतृत्व एवं परिणाम पर प्रकाश डाला गया साथ ही साथ ऑपरेशन सिंदूर के साहसिक कार्यों तथा देश के प्रति कर्तव्यों को ए० एन० ओ० राकेश जोसफ द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर बटालियन से नियुक्त पी आई हवलदार दिलीप मांगर तथा कुल 43 एन०सी०सी० कैडेट्स उपस्थित रहे।



# बरौंधा पुलिस ने प्राइवेट वाहन पर लगी बत्ती उतरवाई, दस हजार रुपये का चालान

**समाज जागरण**

मीरजापुर /बरौधा चौकी पुलिस ने गश्त और वाहन चेकिंग के दौरान प्राइवेट वाहन पर अवैध रूप से लगी अधिकारी की बत्ती उतरवाते हुए वाहन स्वामी के खिलाफ दस हजार रुपये का चालान किया। पुलिस की कार्रवाई से प्राइवेट वाहनों में हूटर और अधिकारियों जैसी बत्ती लगाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार बरौंधा चौकी इंचार्ज संजय कुमार गुरुवार की शाम करीब साढ़े सात बजे चौकी क्षेत्र के मांडा रोड पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्रयागराज की ओर से आ रहे एक वाहन पर अधिकारी जैसी बत्ती लगी दिखाई दी। पहले पुलिस कर्मी उसे सरकारी वाहन समझकर सतर्क हो गए। लेकिन पास पहुंचने पर पता चला कि वह प्राइवेट वाहन था।जिस पर बराती लोग सवार थे। जिस पर अवैध रूप से बत्ती लगाई गई थी। इस पर चौकी इंचार्ज ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन से बत्ती उतरवाई और वाहन स्वामी के खिलाफ दस हजार रुपये का चालान काट दिया। साथ ही कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत पाए जाने पर वाहन को सीज कर दिया जाएगा। चौकी इंचार्ज संजय कुमार ने कहा कि शासन के निर्देशों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# दिव्यांग बच्चो ने बनाया आर्ट ऑफ क्राफ्ट, दिखाया हुनर।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जीवन ज्योति विक्लांगर्थ संस्थान में ग्रीष्म कालीन शिविर में शुक्रवार को मदर डे पर दिव्यांग छात्रों ने सांस्कृतिक एंव आर्ट ऑफ क्राफ्ट बनाया।



संस्थान के रिहैब के बच्चो में आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से रंगीन कागजो को काट कर फूल व झूमर सहित अन्य सजावटी समान बनाये।इसके साथ दैनिक क्रिया सीखने के साथ बच्चो को फलों की जानकारी जानकारी व काटने के गुर सिखाया गया। इस मौके पर रिहैब बच्चों ने अनेक सास्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।वही दूसरी तरफ नेत्रहीन छात्राओं ने रंगीन परिधानों में मा के ममत्व व जीवन मे मा का महत्व विषय पर नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान संस्थापिका सिस्टर आइरिन, निदेशिका सिस्टर श्वेता, सिस्टर मोनिका,ओम प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न, 24 करोड़ का मनरेगा लेबर बजट पास

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज विकास खंड सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक ब्लॉक प्रमुख जयंत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें ग्राम पंचायतों के लिए 19 करोड़ और क्षेत्र पंचायत के लिए 5 करोड़ रुपये का मनरेगा लेबर बजट, कुल 24 करोड़ रुपये का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराया। बैठक में एडीओ सहकारिता डॉ. संजय सिंह ने गेहूं खरीद की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समितियों के सभी खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद जारी है। लालगंज विकास खंड क्षेत्र के थरपरसिया और पचोखर गांव में विपणन केंद्र द्वारा दो नए गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं, जहां 4 मई से खरीद शुरू हो गई है। पशुधन विकास अधिकारी कमाल अहमद ने गौशालाओं से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक के दौरान जिलास्तरीय अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। क्षेत्र पंचायत की बैठकों में सांसद, विधायक और अधिकारियों को आमंत्रित किया जाता है, लेकिन इस बार विधायक, सांसद और दो जिला पंचायत सदस्य बैठक में शामिल नहीं हुए। केवल क्षेत्र के प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य विष्णु प्रसाद सिंह उपस्थित थे। अध्यक्षता कर रहे हैं ब्लॉक प्रमुख जयंत कुमार ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनके प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार किया गया है और बजट पास कर दिया गया है। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बैठक का संचालन करते हुए कार्ययोजना की जानकारी दी और विकास कार्यों को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, एकाउंटेंट विमलेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# टीबी मरीजो के 100 दिन खोजी अभियान में 43 मजदूरों का चेस्ट चेकअप

**समाज जागरण**

मीरजापुर /चुनार के धौहवा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सी एल वर्मा द्वारा जिले के क्षय विभाग को प्राप्त मार्गदर्शन तथा ऊर्जावान करने के फलस्वरूप विभागीय टीम द्वारा आज दिनांक 8 मई 2026 को 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजी अभियान के तहत धौहवां क्षेत्र के मां महामाया आयरन फैक्ट्री में लगे श्रमिकों को टीबी रोग के प्रति जागरुक करते हुए लक्षण प्रभावित 43 श्रमिकों का मौके पर ही चेस्ट एक्स-रे किया ।

उक्त कार्यक्रम में जिला क्षय रोग कार्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा मौजूद श्रमिकों को टीबी रोग के समस्त लक्षणों एवं सरकारी स्तर से उपलब्ध सभी निः शुल्क सुविधाओं से परिचित कराते हुए लक्षण प्रभावित श्रमिकों का एक्स-रे कराते हुए उन्हें बताया गया कि टीबी रोग की उपरोक्त सभी सुविधाएं देश के कोने कोने में उपलब्ध है।

यादव द्वारा कहा गया कि शासन स्तर संचालित सौ दिवसीय अभियान दूरस्थ क्षेत्र में निवास निवास करने वाले लोगों के लिए ज्यादा कारगर सिद्ध है क्योंकि आज भी बहुत सारे लोग रोग के गंभीरता से अनभिज्ञ हैं साथ ही कुछ लोग अस्पताल से दूरी और अपनी व्यक्तिगत आवश्यकता आदि बस जांच इलाज कराने से वंचित हैं उनके लिए सरकार अब ऐसे क्षेत्रों के लोगों के बीच भी जांच सुविधा घर घर पहुंचाते हुए इलाज सुविधा उपलब्ध करा रही है जिससे देश को शीघ्र पूर्ण रूप से टीबी फ्री स्थिति में लाया जा सके। अन्त में यादव द्वारा श्रमिकों से आग्रह किया गया कि आप सभी अपने घर परिवार, क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को लक्षण से ग्रसित पाते हैं या संज्ञानित होते हैं तो उन्हें तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर निः शुल्क जांच इलाज हेतु भेजकर अपने साथ साथ देश को टीबी से बचाने में मददगार बने।

उक्त शीविर में राजगढ़ सीएचसी से अजीत कुमार एसटीएस,राहुल सिंह बीसीपीएम, धर्मेंद्र, के साथ साथ फैक्ट्री मालिक आकाश अग्रवाल वह हिंमाशु शर्मा, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोका कोला ने मनाया अपना 140 वी वर्षगांठ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। देश सुप्रसिद्ध पेयजल कंपनी कोका कोला कंपनी ने अपनी 140 वी वर्षगांठ वाराणसी जिले में बड़े धूम धाम से मनाया।जिले के लहरतारा स्थित कृष्ण एंटरप्राइजेज में कोका कोला के जुटे कर्मचारियों को ए एस एम ने ने अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।इस मौके पर उन्होंने बताया कंपनी की शुरूआत 8 मई, 1886 को अटलांटा, अमेरिका में डॉ. जॉन पेम्बर्टन द्वारा की गई थी।एक साधारण स्वास्थ्य टॉनिक से शुरू होकर, यह आज दुनिया की सबसे बड़ी पेय कंपनी बन गई है।कोका-कोला का सफर एक छोटे से प्रयोग से शुरू होकर आज दुनिया भर में अरबों लोगों तक पहुँचा है।आज कोका कोला ऑफिस में पहुंचे कर्मचारियों ने कोका कोला को आगे एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने का संकल्प लिया।आज आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रीतेश त्रिपाठी ने दी।




# जिलाधिकारी ने राजगढ़ ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण।

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/विकास खंड राजगढ़ ब्लॉक मुख्यालय का जिलाधिकारी पवनकुमार गंगवार ने शुक्रवार के शाम 4 बजे के लगभग ब्लॉक का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। सर्वप्रथम ब्लॉक मुख्य कार्यालय पहुचकर लेखा रजिस्टर चेक किया।निरिक्षण के दौरान लेखा रजिस्टर में कई मद के बजट की इंट्री एक साथ, एक ही तारीख में की गई थी।इस अनिमितता को देखकर लेखाकार बाबू को कड़ी फटकार लगाई । इस दौरान बीओ पीआरडी अभय सिंह वगैर वर्दी दिखाई दिऐ, जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा ब्लॉक पर वगैर युनिफार्म के आने पर कार्रवाई की जायेगी।इसके बाद जिलाधिकारी ने ब्लॉक परिसर में खुले बिंध्य मार्ट बाजार का निरीक्षण किया। बिंध्य मार्ट बाजार सड़क के किनारे खुलवाने के लिए विकास खंड अधिकारी को निर्देशित किया।ब्लॉक परिसर में स्थित सरकारी बीज भंडार का निरीक्षण के दौरान कोई भी बीज बीज भंडार नहीं पाये गये। इसके बाद जिलाधिकारी ने हिनौता, ददरा सहकारी समिति में खुले क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया।



क्रय केन्द्र पर गेहूं खरीद में शिथिलता को लेकर केद्र प्रभारी को कड़ी फटकार लगाते हुए, खरीद में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। सहकारी समिति का खाद गोदाम निरक्षण करने पहुंचे तो खाद गोदाम बंद पाया गया।वही जिलाधिकारी राजगढ़ सीएचसी का भी निरीक्षण किया। सीएचसी में खामियां ही खामियां पाई गई। सीएचसी परिसर गंदगी से भरा हुआ था। साफ सफाई के लिए निर्देश दिए। दवा स्टोर का निरीक्षण के दौरान स्टोर में 23 जर्नली दवाईयां उपलब्ध नहीं थी। दवा उपलब्ध कराने के लिए सीएमओ को निर्देश किऐ। अस्पताल के वार्ड में डायरिया के मरीज की देखभाल में अनिमितता को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए। एमरजेंसी में तैनात डाक्टर अजित केसरवानी को फटकार लगाई ,कहा दुबारा अनिमितता मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।इसके बाद जिलाधिकारी ग्राम पंचायत कोन गढ़वा में पहुचकर आंगनबाड़ी केद्र व माडल शांप व प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इन केद्रों पर कराये गये उत्कृष्ट कार्यों को देखकर प्रसन्नता जाहिर किऐ। इस अवसर, सीडीओ विशाल कुमार, पीडी, धरम जीत सिंह, विकास खंड अधिकारी विरेंद्र प्रताप वर्मा व एडीओ पंचायत श्री कृष्ण उपाध्याय अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पटना जिले के पालीगंज में किया गया सोलर लोन मेला का आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय परिसर में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड की ओर से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत गुरुवार को अनुमंडल स्तरीय सोलर लोन मेला का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का उद्घाटन पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार, बिजली बिभाग के कार्यपालक अभियंता अभय रंजन, बिधुत अधीक्षण अभियंता प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार व संचालन बिजली बिभाग के सहायक अभियंता बिपिन बिहारी लाल ने किया। मौके पर बिजली बिभाग के पालीगंज सहायक अभियंता बिपिन बिहारी लाल ने योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य ऊर्जा असीमित है जिसे देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा दी जा रही है। जिसके लिए लाभुकों को किसी भी बैंक की ओर से आसानी से लोन दी जाएगी। जो बिजली उपभोक्ता है उन सभी को इस योजना का लाभ मिलेगी। इसका लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को आईडी नम्बर, एकाउंट नम्बर, आधार कार्ड की छाया प्रति व एक पासपोर्ट साइज का फोटो उपलब्ध कराना होगा। जबकि कार्यपालक अभियंता अभय रंजन ने बताया कि इस योजना का लाभ बिधुत बिभाग की ओर से दी जाएगी। वही उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि इस योजना का लाभ उठाएं तथा बिजली बिल में बचत करें। जबकि बिधुत अधीक्षण अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि एक किलोवाट बिजली उत्पादन के लिए छत पर एक सौ वर्ग फिट जगह की आवश्यकता होती है। पालीगंज एसडीओ चंदन कुमार ने बताया कि एक किलोवाट का सोलर पैनल लगाने के लिए 30 से 35 हजार रुपये खर्च आती है शेष सब्सिडी दी जाती है। मौके पर सोलर लगवाने वाले उपभोक्ताओ को प्रशस्ति पत्र दी गयी। वही उपभोक्ताओं को योजना से सम्बंधित विशेष जानकारी के लिए बिभाग की ओर से तथा बिभिन्न बैंकों की ओर से स्टॉल भी लगाया गया। जहां पहुंचकर उपभोक्ताओं ने लोन से सम्बंधित भी जानकारियां प्राप्त किया। वही मौके पर मौजूद वेंडरों, बैंककर्मियों व बिजली कर्मियों के अलावे पदाधिकारियों से संवाद कर उपभोक्ताओं ने विशेष जानकारियां प्राप्त की।

मौके पर कनीय अभियंता रोहित कुमार, रवि कुमार, चन्द्रसेन वर्मा, सुमेर सिंह, राजकिशोर सिंह, नीरज कुमार, नीतीश कुमार सहित सैकड़ो उपभोक्ता मौजूद रहे।

# आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से पटना में जनजीवन अस्त-व्यस्त, किसानों की फसल को भारी नुकसान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ शुक्रवार देर शाम अचानक बदले मौसम ने पटना जिले के इलाके में भारी तबाही मचाई। आसमान में काले बादल छाने के बाद तेज रफ्तार हवाओं के साथ आंधी शुरू हुई और फिर करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। इस दौरान बड़े-बड़े ओले गिरने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। तेज ओलावृष्टि के कारण सड़क पर चल रहे वाहनों पर पत्थर जैसे ओले गिरने लगे, जिससे लोग अपनी गाड़ियां रोकने को मजबूर हो गए। कई जगह सड़कों पर अंधेरा जैसा माहौल हो गया और आवागमन प्रभावित रहा। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने आसमान से गिर रहे बर्फ जैसे ओलों को चुनकर बारिश में जमकर मस्ती की। आंधी और ओलावृष्टि से किसानों को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में रखी गेहूं की फसल भींग गई, जबकि कई जगह तैयार एवं कटी फसल को भारी क्षति पहुंची है। किसानों ने बताया कि खेतों में गेहूं के बोझ रखे हुए थे और कई खेतों में कटाई बाकी थी, जिसे ओलावृष्टि और बारिश ने बर्बाद कर दिया। किसानों ने बताया कि इस बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। अचानक मौसम बिगड़ने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई और कई किसान खेतों में पहुंचकर नुकसान का जायजा लेते दिखे। वहीं तेज बारिश ने नगर परिषद की व्यवस्थाओं की भी पोल खोल दी। कई इलाकों में जलजमाव हो गया तथा निचले इलाकों के घरों में पानी घुस गया। हालांकि बारिश रुकने के बाद पानी तेजी से निकल गया, लेकिन बारिश के दौरान लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। आंधी के कारण कई जगह शादी एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए लगाए गए पंडाल और पर्दे उड़ गए। तेज हवा के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया. ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। अचानक आए इस तूफानी मौसम ने पूरे इलाके में भारी नुकसान पहुंचाया है।

# पटना जिले के पालीगंज में टीम ने किया दहिया पैक्स की जांच

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत दहिया पैक्स में की गयी गड़बड़ी की शिकायत पर पहुंची टीम ने शुक्रवार को जांच किया।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत दहिया पैक्स के कुछ किसानों ने दहिया पैक्स के द्वारा की गई धान खरीदारी के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगा नाराज है। उन किसानों ने पैक्स के द्वारा



अधिक धान लिए जाने का आरोप लगा पूर्व में भी सम्बंधित पदाधिकारियों से लिखित शिकायत किया था। जिसको लेकर पूर्व में भी उन ग्रामीणों ने दहिया गांव स्थित देवी मंदिर में बैठक किया था। वही उन किसानों की शिकायत पर गठित एक टीम शुक्रवार को दहिया पंचायत पहुंची तथा किसानों से मिलकर उनकी बातों को सुना।

इस सम्बंध में पालीगंज प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी शंभुनाथ सिंह ने बताया कि बातचीत के दौरान किसानों के द्वारा बताई गई बातों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान तीन घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के जानीपुर थाना क्षेत्र के बग्गा टोला के पास नेशनल हाईवे-139 पर तेज आंधी-बारिश के दौरान एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए ट्रक से जा भिड़ी। हादसे में कार



सवार दो लोग एवं बाइक सवार युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि तेज बारिश और तूफान के बीच कार चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे कार पहले बाइक सवार युवक से टकराई। इसके बाद भागने के दौरान कार आगे जाकर एक ट्रक में जोरदार तरीके से भिड़ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में कार चला रहा युवक, उसके बगल में बैठे एक बुजुर्ग व्यक्ति तथा बाइक सवार युवक घायल हो गए। बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया.

बताया जाता है कि कार सवार लोग जगदेव पथ इलाके के रहने वाले हैं। जबकि बाइक सवार युवक मंगूपुर के पास के गांव का निवासी है। कार सवार बुजुर्ग की हालत अत्यंत चिंताजनक अवस्था में थी जब उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

# जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में कला एवं विज्ञान संकाय हटाने के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,**




जमशेदपुर ( झारखंड) 08 मई 2026: कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा द्वारा पाठ्यक्रम पुनर्गठन के तहत जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के स्नातक स्तर से कला एवं विज्ञान संकाय हटाने के प्रस्ताव के विरोध में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं राज्य सरकार के निर्णय के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए छात्रहित में निर्णय वापस लेने की मांग की।

परिषद ने कहा कि वर्तमान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं भविष्य इस निर्णय से प्रभावित होगा। साथ ही MAJOR, MINOR EUA MDC विषयों से जुड़े विद्यार्थियों के समक्ष भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

अभाविप ने बताया कि जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज मानगो क्षेत्र का एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय है, जहां केवल शहर ही नहीं बल्कि पटमदा, बोड़ाम, घाटशिला, बहरागोड़ा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। ऐसे में कला एवं विज्ञान संकाय हटाए जाने से आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के अनेक विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होने की आशंका है।

परिषद ने यह भी कहा कि पाठ्यक्रम पुनर्गठन के दौरान छात्रों, अभिभावकों एवं अन्य हितधारकों से विचार-विमर्श नहीं किया गया। अभाविप ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रहित को ध्यान में रखते हुए निर्णय पर पुनर्विचार करने एवं सभी विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करने की मांग की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अभिषेक कुमार, शुभम राज, प्रियांशु राज, बापन घोष आदि छात्र एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।।

# विधायक सविता महतो ने 63 लाख की लागत से दो तालाब जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास

**समाज जागरण, संवाददाता**




विधायक सविता महतो ने 63 लाख की लागत से बनने वाले दो सरकारी तालाबों के जीर्णोद्धार कार्य का शुक्रवार को विधिवत शिलान्यास किया। लघु सिंचाई प्रमंडल सरायकेला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के हुंडरू पाथरडीह सरकारी तालाब एवं ईचागढ़ प्रखंड के सालुकडीह सरकारी तालाब में शिलापट्ट अनावरण कर कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि हुंडरू पाथरडीह सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार 20 लाख रुपये की लागत से तथा सालुकडीह सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार 43 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों तालाबों के जीर्णोद्धार से आसपास के किसानों को वर्षभर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। तालाबों के पुनर्जीवन से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, पोद्दो सिंह, टिंकू राम महतो, मंगल मांझी, हरिचरण महतो, यदुपति महतो, हरेन महतो, उप मुखिया, बनु महतो आदि काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# विधायक सविता महतो ने कुकडू में हाथी हमले में मृतक के परिजनों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस

## पीड़ित परिजनों के बीच किया मुआवजा चेक का वितरण

**समाज जागरण, संवाददाता**



कुकडू प्रखंड क्षेत्र के कुकडू गोराई टोला निवासी मुनि राम गोराई की बीते रविवार रात जंगली हाथी के हमले में मौत हो गई थी। शुक्रवार को विधायक सविता महतो कुकडू पहुंचीं और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक ने परिजनों को श्राद्धक्रम के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किए। इस दौरान विधायक ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से पीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में हाथियों के उत्पात से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। इसी क्रम में विधायक ने कूकडू प्रखंड क्षेत्र में पूर्व में हुए हांथी हमले के मृतक के परिजन सुभद्रा महतो को साढ़े तीन लाख व घायल बड़ालापांग निवासी सनका महतो, सिरुम निवासी भानु वाला कुम्हार एवं पीलीद निवासी राजू स्वासी को 25 -25 हाजार रुपए के मुआवजा चेक का वितरण किए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता राजश्री बाखला, अंचलाधिकारी अभय द्विवेदी, प्रमुख प्रतिमा वाला, रेंजर विमद कुमार, वनपाल मुकेश महतो, कैलाश महतो, रतन गोराई, वन रक्षी रघुवर सिंह मुंडा, लक्खी चरण सिंह मुंडा, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष कित्तीवास महतो, मंगल महतो, गुणाधर महतो, सपन महतो, गोपेश्वर कुम्हार, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# जंगली हाथी प्रकोप को लेकर सीओ ने वन विभाग संग की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण, संवाददाता**



चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकडु अंचल में लगातार बढ़ रहे जंगली हाथियों के प्रकोप को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में कुकडू अंचल के प्रभारी अंचल अधिकारी अभय द्विवेदी ने अंचल कार्यालय में चांडिल रेंज के वन विभाग अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में क्षेत्र में लगातार हो रहे हाथियों के उत्पात, फसल एवं संपत्ति के नुकसान के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सीओ अभय द्विवेदी ने कहा कि जंगली हाथियों के कारण ग्रामीण इलाकों में भय का माहौल बना हुआ है और कई गांवों में जान-माल की क्षति की घटनाएं सामने आ रही हैं। बैठक के दौरान हाथी प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ाने, ग्रामीणों को सतर्क करने, माइकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाने तथा वन विभाग एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और ग्रामीणों को सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी देने पर भी सहमति बनी।

इस अवसर पर चांडिल रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी बिमद कुमार समेत वन विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित

# घाटों से होकर सुरक्षित यात्रा की ओर: इंदौर-खंडवा राजमार्ग के रूपांतरण से जुड़ी पहल

**समाज जागरण**



इंदौर और खंडवा के बीच घुमावदार घाट वाली सड़कों पर वर्षों से केवल वाहन ही नहीं चलते थे। इन पर चिंता, देरी और अनिश्चितता भी छाई रहती थी। सिमरोल के किसान प्रदीप गौली को वे यात्राएँ अच्छी तरह याद हैं। उपज को बाजार तक ले जाना केवल दूरी की बात नहीं थी; यह जोखिम से भी जुड़ा था। तीखे मोड़, यातायात की भीड़ और कठिन घाट वाले इलाकों में वाहनों के पलटने का निरंतर भय, मंडी और बाजारों तक समय पर पहुंचना भी अनिश्चित बना देता था। खराब माल और बाजार के अवसरों का नुकसान, इस कठिन सड़क की कीमत का हिस्सा थे।

हालांकि, यह वास्तविकता अब बदलने की दहलीज पर है। इंदौर-इच्छापुर कॉरिडोर के अंतर्गत, 33.4 किलोमीटर लंबे तेजाजी नगर-बलवारा खंड राष्ट्रीय राजमार्ग -347 बीजी को दो लेन से चार लेन में बदलने से इंदौर और खंडवा जैसे प्रमुख शहरों के बीच संपर्क मजबूत होगा। यह केवल सड़क चौड़ीकरण नहीं है। यह मध्य प्रदेश के एक महत्वपूर्ण कॉरिडोर में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संपर्क की पुनर्कल्पना है।

इस कॉरिडोर के रास्ते उज्जैन और ओंकारेश्वर तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को ले जाने वाले ड्राइवर रणजीत सिंह के लिए यह यात्रा हमेशा से ही सावधानी की मांग करती रही है। संकरी दो लेन वाली सड़कें, चुनौतीपूर्ण घाट खंडों से गुजरते हुए तीखे मोड़, बढ़ता यातायात और लगातार होने वाली दुर्घटनाएं हर यात्रा को ड्राइवर और यात्रियों दोनों के लिए तनावपूर्ण बना देती थीं।

सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी और देरी होना आम बात थी। वर्षों से सड़क की इस हालत को देख रहे एक स्थानीय निवासी याद करते हुए बताते हैं कि कैसे बसें ढलानों से नीचे गिर जाती थीं और 10 किलोमीटर तक लंबा जाम लग जाता था, जो कभी-कभी कई दिनों तक लगा रहता था। ये छिटपुट घटनाएं नहीं थीं, बल्कि एक ऐसा सिलसिला था जिसने लोगों के जीवन, स्वास्थ्य सेवाओं और आजीविका को बाधित किया।

महत्व और बुनियादी ढांचे के बीच इस अंतर ने एक अत्यावश्यक आवश्यकता को उजागर किया: एक आधुनिक, कुशल कॉरिडोर जो न केवल यात्रा को आसान बना सके, बल्कि आर्थिक प्रवाह को मजबूत कर सके, क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा दे सके और तेजी से विकसित हो रहे परिवहन नेटवर्क की मांगों को पूरा कर सके।

**पहाड़ी क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने के लिए तीन सुरंगों का निर्माण**

इंदौर के पास तीन सुरंगों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ये सुरंगें नई ऑस्ट्रियन टनलिंग विधि (एनएटीएम) का उपयोग करके बनाई जा रही हैं, जिससे क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में वाहनों का आवागमन, विशेष रूप से मानसून और व्यस्त यातायात के समय में अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा। इनमें भेरूघाट सुरंग (575 मीटर), बैग्राम सुरंग (480 मीटर) और चोराल घाट सुरंग (550 मीटर) शामिल हैं। यह विकास सरकार द्वारा क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए शुरू की गई इंदौर-इच्छापुर कॉरिडोर पहल का हिस्सा है। भेरूघाट और चोराल घाट जैसे प्रमुख यातायात अवरोधों की समस्या इन सुरंगों के निर्माण से स्थायी रूप से हल हो जाएगी और दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी।

इंदौर-इच्छापुर आर्थिक गलियारे के माध्यम से गति प्रदान करना: इस गलियारे को बेहतर बनाना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इंदौर को मध्य प्रदेश की वाणिज्यिक राजधानी माना जाता है, जो उद्योग, व्यापार, व्यवसाय और शिक्षा में अपनी मजबूत उपस्थिति के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, खंडवा दक्षिणी मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण परिवहन और रेलवे जंक्शन है, जो कई महत्वपूर्ण कस्बों और शहरों को जोड़ता है। यह क्षेत्रीय व्यापार और धार्मिक संपर्क, विशेष रूप से पूजनीय ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सुंदर हनुवंतिया द्वीप और दादा धुनीवाले दरबार के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है।

लंबे समय से, इंदौर-खंडवा मार्ग राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी रही है, जो कृषि उत्पादों, औद्योगिक वस्तुओं और लोगों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों की अनगिनत दैनिक यात्राओं की आवाजाही को सुगम बनाती है। लेकिन सड़क को कई चुनौतियों, जैसे कि सीमित चौड़ाई, बढ़ता यातायात दबाव, तीखे मोड़ और कठिन घाट खंड का सामना करना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप यात्रा का समय बढ़ गया, ईंधन की खपत बढ़ गई और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया, विशेष रूप से मानसून और कोहरे की स्थिति में का सामना करना पड़ा। अब यह कहानी बदलने वाली है क्योंकि परियोजना पूरी होने के करीब है और इस साल के अंत तक तैयार होने की संभावना है।

**क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी**

आगामी 4-लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण से ओंकारेश्वर, बुरहानपुर, जलगांव, खंडवा और इंदौर के बीच यात्रा तेज और बेहतर होने वाली है। सिंहस्थ कुंभ 2028 के दौरान, उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग और खंडवा जिले के मंधाता में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग - दो प्रमुख ज्योतिर्लिंगों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उन्नत कॉरिडोर इस भारी यातायात को सुचारू और सुरक्षित रूप से प्रबंधित करने में सहायता करेगा, जिससे सभी के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी।

**पर्यावरण और सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान**

पर्यावरण और सुरक्षा पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। आधुनिक जल निकासी व्यवस्था, क्रैश बैरियर, सड़क सुरक्षा संकेत, उचित वर्षा जल प्रबंधन और हरित पट्टी विकास के लिए वृक्षारोपण गतिविधियों को शामिल किया गया है ताकि यह एक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल राजमार्ग बन सके।

**कम भीड़भाड़ के साथ तेज आवागमन**

तेजाजी नगर-बलवारा सड़क का निर्माण कार्य इस समय 88 प्रतिशत पूरा हो चुका है और इससे इंदौर से ओंकारेश्वर तक का यात्रा समय, जो पहले 2 से 3 घंटे लगता था, घटकर मात्र 1 घंटे रह जाएगा। सुरंगों के खुलने से यात्रियों को भारी ट्रैफिक जाम और खतरनाक घाट वाले मोड़ों से बड़ी राहत मिलेगी और उनकी यात्रा आरामदायक होगी।

**किसानों और स्थानीय समुदायों की रोजमर्रा की चुनौतियों में कमी**

प्रदीप जैसे किसानों के लिए, आने वाली सुरंगें एक बेहद जरूरी राहत लेकर आई हैं। वे कहते हैं, ह्लपहले जब हम अपनी फसलें ले जाते थे, तो हमें डर लगता था कि कहीं हमारा वाहन पलट न जाए। ट्रैफिक जाम होता था और हमारी फसलें खराब हो जाती थीं। समय पर बाजार न पहुँचने पर, वहाँ भी माल बेचने में परेशानी होती थी। इन सुरंगों से हमारी कई समस्याएँ, विशेष रूप से जाम की समस्या दूर हो जाएँगी।

रणजीत जैसे ड्राइवरों के लिए, जो नियमित रूप से इस मार्ग पर पर्यटकों को ले जाते हैं, सुरक्षा सबसे बड़ा लाभ है। उन्होंने कहा, ह्लमैं लगातार चिंतित रहता हूँ क्योंकि मौजूदा दो लेन वाली सड़क पर गाड़ी चलाना हमेशा तनावपूर्ण होता है। हर दिन लगभग दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, इसलिए हमेशा डर बना रहता है ह्व रणजीत ने कहा, ह्लचार लेन वाली सड़क पूरी हो जाने के बाद हमारे लिए गाड़ी चलाना ज्यादा सुरक्षित और आसान हो जाएगा।

# 14 मई को होगा हवाई हमला एवं ब्लैकआउट मॉक ड्रिल अभ्यास

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिलाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में महानंदा सभागार में सिविल डिफेंस एवं ब्लैकआउट मॉक ड्रिल अभ्यास को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के साथ मॉक ड्रिल के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



जिला पदाधिकारी ने सभी सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को निर्धारित ड्रेस में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। जिन वॉलिंटियर्स के पास ड्रेस उपलब्ध नहीं है, उन्हें अनिवार्य रूप से पहचान पत्र साथ रखने को कहा गया। उन्होंने अधिकतम संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया, ताकि मॉक ड्रिल का उद्देश्य प्रभावी ढंग से पूरा हो सके।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं बिहार सरकार के निदेर्शानुसार नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 14 मई 2026 को किशनगंज जिले में हवाई हमला एवं ब्लैकआउट संबंधी मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास शाम 7:00 बजे से 7:30 बजे तक चलेगा।

मॉक ड्रिल के दौरान जिले के प्रमुख स्थलों – समाहरणालय परिसर, बस स्टैंड एवं गांधी चौक – पर विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का सिमुलेशन कर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास के तहत एयर रेड वार्निंग, ब्लैकआउट, सुरक्षित निकासी, खोज एवं बचाव, चिकित्सा सहायता तथा अग्निशमन संबंधी गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस प्रशासन, होमगार्ड, रेड क्रॉस एवं नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है।

समाहरणालय परिसर में आपदा की स्थिति में अधिकारियों एवं कर्मियों की सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, मेडिकल सहायता एवं अग्निशमन कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में यात्रियों की भीड़ के बीच एयर रेड वार्निंग, ब्लैकआउट एवं आपातकालीन निकासी प्रक्रिया का प्रदर्शन होगा। गांधी चौक पर यातायात नियंत्रण, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, घायलों के उपचार तथा आग लगने जैसी परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई का अभ्यास किया जाएगा।

जिलाधिकारी सह इंसिडेंट कमांडर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ मॉक ड्रिल को सफल बनाने का निर्देश दिया है। मॉक ड्रिल के दौरान विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, संचार व्यवस्था एवं आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि मॉक ड्रिल के दौरान किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। यह अभ्यास पूरी तरह पूर्व नियोजित है और इसका उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता विकसित करना है।

इसके अतिरिक्त संबंधित स्थलों पर समय-समय पर पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम के माध्यम से लोगों को आवश्यक जानकारी दी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

# 19 मई से पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

आमजन की समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी विशाल राज के निदेर्शानुसार इसका शुभारंभ 19 मई 2026 से किया जाएगा।

शिविरों के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।




सहयोग शिविर के माध्यम से राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आम लोगों को स्थानीय स्तर पर दी जाएगी, ताकि उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

शिविर के दौरान लंबित मामलों के निष्पादन, पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने तथा आमजन की समस्याओं के ऑन-द-स्पॉट समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, जिससे लोगों को त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध हो सके।

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहयोग शिविर में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

विभिन्न पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर हेतु अब तक प्राप्त आवेदनों के अनुसार किशनगंज प्रखंड के चकला पंचायत में 20, टेउसा पंचायत में 11 एवं दौला पंचायत में 11 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बहादुरगंज प्रखंड के झींगाकाटा पंचायत में 14, भाटाबाड़ी पंचायत में 23 एवं नटुआपाड़ा पंचायत में 23 आवेदन मिले हैं। इसी प्रकार दिघलबैंक प्रखंड के मंगूरा पंचायत में 13, धनतोला पंचायत में 23 एवं दिघलबैंक पंचायत में 23 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कोचाधामन प्रखंड के विशनपुर पंचायत में 40, बुआलदाह पंचायत में 20 एवं मजगामा पंचायत में 24 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पोठिया प्रखंड के छतरगाछ पंचायत में 17, भोटाथाना पंचायत में 16 एवं बुधरा पंचायत में 11 आवेदन मिले हैं। वहीं टेढ़ागाछ प्रखंड के बैगना पंचायत में 11 एवं खनियाबाद पंचायत में 14 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ठाकुरगंज प्रखंड के कुकुरबाघी पंचायत में 19, पथरिया पंचायत में 12 एवं रसिया पंचायत में 19 आवेदन अब तक प्राप्त हुए हैं।

19 मई 2026 से आयोजित होने वाले सहयोग शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन को त्वरित राहत एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

# समेश्वर हाट में सड़क पर जलजमाव से बने गड्ढे, हादसे की आशंका बढ़ी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

बहादुरगंज। बहादुरगंज को दिघलबैंक से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर समेश्वर हाट के समीप बारिश का पानी जमा होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों एवं वाहन



चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार जलजमाव रहने से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेषकर रात के समय एवं बारिश के दौरान वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत कराने तथा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# कर्तव्यहीनता के आरोप में पौआखाली थानाध्यक्ष निलंबित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने पौआखाली थाना के वार्षिक निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता पाए जाने पर थानाध्यक्ष अंकित सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर कर्तव्यहीनता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता एवं वरीय अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया गया है।



जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा 7 मई 2026 को पौआखाली थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वर्ष 2023 से अब तक विभिन्न पुलिस अधिकारियों द्वारा थाना का सात बार निरीक्षण किया गया था, लेकिन केवल एक निरीक्षण में दिए गए निर्देशों का अनुपालन किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने पाया कि पूर्व निर्धारित तिथि होने के बावजूद थानाध्यक्ष अंकित सिंह द्वारा निरीक्षण को लेकर कोई तैयारी नहीं की गई थी। साथ ही पूर्व में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निरीक्षण टिप्पणियों एवं निर्देशों का भी पालन नहीं किया गया।

इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने अंकित सिंह को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन-यापन भत्ता पर निलंबित कर दिया। साथ ही विभागीय कार्यवाही के तहत उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर भव्य कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

8 मई। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, किशनगंज शाखा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी सह रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विशाल राज ने ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर सैनिक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने जयघोष बैंड की मनमोहक प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।




कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी ड्यूनैंट की जयंती पर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी विशाल राज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. इच्छित भारत तथा सचिव मिक्की साहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से अतिथियों को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-संवाद एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ, जिसमें समाज सेवा, जागरूकता एवं रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि सूखा नशा युवा पीढ़ी एवं उनके परिवार को बर्बाद कर देता है। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष लाखों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

मुख्य अतिथि विशाल राज ने कहा कि रेड क्रॉस मानवता, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं एवं छात्रों से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही रेड क्रॉस द्वारा जिले में संचालित रक्तदान शिविर, आपदा राहत एवं जनजागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए संस्था के कार्यों को प्रेरणादायी बताया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव आभाष कुमार साहा ने किया। इस अवसर पर धनंजय जायसवाल, नागरमल झवर, अजय गुप्ता, विमल मित्तल, सौरभ कुमार, सुरोजीत दास, सत्यम साहा, सुमित साहा सहित कई गणमान्य लोग, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं रेड क्रॉस सदस्य उपस्थित थे।

# पटना के देवकुली में प्राचीन मंदिर से देवी मां की सोने की नथिया चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के देवकुली गांव स्थित एक प्राचीन देवी मंदिर में देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी। एनएच-30 के किनारे स्थित इस मंदिर का ताला काटकर चोरों ने मां दुर्गा की लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की सोने की नथिया चुरा ली और मंदिर परिसर में तोड़फोड़ भी की। घटना का पता शुक्रवार सुबह तब चला जब पुजारी और मंदिर समिति के सदस्य पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। मंदिर समिति के सदस्य विनय कुमार सिंह ने बताया कि चोरों ने न केवल नथिया चोरी की, बल्कि प्रतिमा के मुकुट और अन्य सामान को भी अस्त-व्यस्त कर दिया। आशंका है कि वारदात रात 1 से 4 बजे के बीच हुई। चोरों ने पास के एक अन्य मंदिर में भी सेंधमारी की कोशिश की, लेकिन वहां सफल नहीं हो सके। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोगों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के बावजूद रात्रि गश्त न के बराबर है। पुलिस कार्रवाई में डायल 112 और थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अमित कुमार के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द गिरफ्तारी और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# माली थाना पुलिस की कार्रवाई: दो आजमानतीय वारंटी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर( बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आजमानतीय वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।गिरफ्तार वारंटियों में भोला ठाकुर निवासी पडरिया और गोविंद शर्मा निवासी सोरी शामिल हैं।माली थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि दोनों वारंटी अपने-अपने गांव में छिपकर रह रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की।पुलिस टीम ने भोला ठाकुर को



पडरिया गांव से और गोविंद शर्मा को सोरी गांव से गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि फरार और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियानों में तेजी लाई जाएगी और फरार चल रहे अन्य आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# TRE-4 विज्ञापन की मांग को लेकर पटना में छात्रों का बड़ा प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) का विज्ञापन जारी करने की मांग को लेकर शुक्रवार को राजधानी पटना की सड़कों पर हजारों अभ्यर्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। पटना कॉलेज से बीपीएससी कार्यालय की ओर मार्च कर रहे अभ्यर्थियों को जब पुलिस ने जेपी गोलंबर के पास बैरिकेडिंग कर रोका, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बैरिकेडिंग हटाने की कोशिश के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठीचार्ज किया, जिसमें कई छात्रों के सिर फट गए और कुछ गंभीर रूप से घायल हो गया।प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे छात्र नेताओं का आरोप है कि सरकार और आयोग केवल आश्वासन दे रहे हैं। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने पूर्व में अप्रैल अंत तक आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी, लेकिन मई का दूसरा सप्ताह बीतने के बावजूद अधिसूचना जारी नहीं हुई है। अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में पीटी, मेंस और साक्षात्कार जैसे संभावित बदलावों का भी कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि शिक्षक भर्ती को प्रशासनिक सेवा की तरह जटिल बनाना अनुचित है। घटना के बाद उपजे आक्रोश के बीच नए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सरकार युवाओं की समस्याओं के प्रति गंभीर है और जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने युवाओं से संयम बरतने की अपील की है। भर्ती की वर्तमान स्थिति के अनुसार ळफए-4 के तहत 46,595 पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। कैलेंडर के अनुसार परीक्षा 22 से 27 सितंबर 2026 के बीच हो सकती है। इस बार भर्ती में पहली बार डोमिसाइल नीति (अधिवास नीति) लागू की जाएगी। कक्षा 1 से 12 तक के अलावा कल्याण विभाग के अंतर्गत शिक्षक और प्रधानाध्यापक पदों पर भी बहाली होगी। लाठीचार्ज की घटना के बाद पटना में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई, तो वे पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेंगे।

# डिजिटल होगा पटना नगर निगम

## जल्द लॉन्च करेगा अपना मोबाइल ऐप, घर बैठे मिलेंगी सुविधाएं

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी को स्मार्ट और हाई-टेक बनाने की दिशा में पटना नगर निगम (पीएमसी) एक क्रांतिकारी कदम उठाने जा रहा है। निगम जल्द ही अपना डिजिटल मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च करेगा, जिससे नागरिक सुविधाओं को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया जाएगा। इस पहल के लिए निगम ने बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से वर्चुअल प्राइवेट सर्वर की मांग की है, जिसके मिलते ही ऐप को सार्वजनिक कर दिया जाएगा। इस नए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पटनावासी कई महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।




शिकायत निवारण, सफाई, स्ट्रीट लाइट, जलजमाव और ड्रेनेज जैसी समस्याओं की शिकायत सीधे ऐप पर दर्ज होगी। लोग अपनी शिकायत की 'लाइव स्टेटस' भी ट्रैक कर सकेंगे। भू-स्थानिक तकनीक के जरिए नागरिक अपने वार्ड पार्षद और संबंधित अधिकारियों का विवरण प्राप्त कर सकेंगे। शहर के पार्क, सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग, श्मशान घाट और पाइपलाइन की जानकारी इंटरैक्टिव मैप पर उपलब्ध होगी। प्रॉपर्टी टैक्स के लिए नया पोर्टल बनेगा, जहाँ नागरिक स्वयं मूल्यांकन कर घर बैठे भुगतान कर सकेंगे। मानसून में जलजमाव की चुनौती से निपटने के लिए निगम जीपीएस आधारित ड्रेनेज मैनेजमेंट सिस्टम लागू करेगा। इसके तहत प्रत्येक मैनहोल और नालों की डिजिटल निगरानी की जाएगी, ताकि मरम्मत और सफाई कार्यों में कोताही न हो। नगर निगम प्रशासन के अनुसार "मे आई हेल्प यू" डेस्क और "कॉम्बैट सेल" के जरिए व्हाट्सएप, सोशल मीडिया और फोन कॉल पर प्राप्त शिकायतों को एक ही मंच पर एकीकृत किया जाएगा। इस डिजिटल बदलाव का मुख्य उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करना और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी व्यवस्था कायम करना है।

# बिहार में कैबिनेट विस्तार के बाद एक्शन मोड में सरकार

## सीएम सम्राट ने नीतीश से की मुलाकात, मंत्रियों ने संभाला कार्यभार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब 30 मिनट तक चली इस बैठक की एक तस्वीर भी साझा की गई, जिसमें नीतीश कुमार मुख्यमंत्री सम्राट के कंधे पर हाथ रखे नजर आ रहे हैं। इस मुलाकात को गठबंधन के भीतर मजबूती और समन्वय के बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है।मंत्रिमंडल विस्तार के अगले ही दिन नए मंत्रियों ने कार्यभार संभालना शुरू कर दिया है। मद्य निषेध मंत्री मदन सहनी ने पदभार ग्रहण करते ही कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में शराबबंदी के बावजूद हो रहे अवैध कारोबार को रोकने के लिए सरकार अब और भी सख्त कदम उठाएगी और माफियाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। नई सरकार में सबसे अधिक चर्चा निशांत कुमार (नीतीश कुमार के पुत्र) को लेकर है, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग जैसा महत्वपूर्ण जिम्मा दिया गया है। वहीं, पहली बार शिक्षा विभाग भाजपा के खाते में आया है, जिसकी कमान मिथिलेश तिवारी संभालेंगे। गौरतलब है कि निशांत कुमार और दीपक प्रकाश फिलहाल किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं, फिर भी उन्हें मंत्री बनाया गया है। गुरुवार को गांधी मैदान में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में 32 मंत्रियों ने शपथ ली थी। सीएम सम्राट चौधरी ने गृह समेत 6 विभाग अपने पास रखे हैं, जबकि बिजेंद्र प्रसाद यादव को वित्त और विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन विभाग मिला है। मंत्रिपरिषद में भाजपा के 15, जदयू के 13 और सहयोगी दलों के 4 मंत्री शामिल हैं। दो बार स्वास्थ्य मंत्री रहे मंगल पांडेय को इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। दिलचस्प बात यह रही कि पूरे समारोह के दौरान नीतीश कुमार मौजूद रहे, लेकिन सरकारी पोस्टरों से उनकी तस्वीर गायब रहने पर सियासी गलियारों में चचार्एं गर्म हैं। अब देखना होगा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मोर्चों पर यह नई टीम कैसे प्रदर्शन करती है।

# बिहार में कैबिनेट विस्तार के बाद हलचल तेज

## सीएम सम्राट ने नीतीश से की मुलाकात, निशांत ने संभाला स्वास्थ्य मंत्रालय

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में नई सरकार के गठन और मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास जाकर उनसे मुलाकात की। करीब 30 मिनट चली इस बैठक को एनडीए गठबंधन के भीतर बेहतर समन्वय और भविष्य की रणनीति के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मुलाकात की एक आत्मीय तस्वीर भी साझा की, जिसमें नीतीश कुमार उनके कंधे पर हाथ रखे नजर आ रहे हैं। मंत्रिमंडल में सबसे अधिक चर्चा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार की हो रही है। पहली बार सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाले निशांत को स्वास्थ्य विभाग जैसी अहम जिम्मेदारी दी गई है। शुक्रवार को पदभार संभालते ही उन्होंने कहा, "मैं पहले विभाग के कामकाज को समझूँगा और सीखूंगा। पिताजी ने बिहार के विकास के लिए जो नींव रखी है, उसे आगे बढ़ाना और जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना मेरी प्राथमिकता होगी।" गुरुवार को गांधी मैदान में हुए भव्य शपथ ग्रहण समारोह में 32 मंत्रियों ने शपथ ली थी, जिसमें प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समेत कई दिग्गज शामिल हुए थे। नई सरकार में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह समेत 6 विभाग अपने पास रखे हैं। बिजेंद्र प्रसाद यादव को वित्त और विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन विभाग मिला है। पहली बार शिक्षा विभाग भाजपा के खाते में गया है, जिसकी कमान मिथिलेश तिवारी को सौंपी गई है। नई मंत्रिपरिषद में भाजपा के 15, जदयू के 13 और सहयोगी दलों के 4 मंत्री शामिल हैं। युवा नेतृत्व और अनुभवी चेहरों के इस मेल से जनता को अब शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मोर्चे पर बड़े बदलाव की उम्मीद है।

# पटना के दीदारगंज में युवक को घर से बुलाकर दोस्तों ने मारी गोली, मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र स्थित कोठिया गांव में गुरुवार देर रात अपराधियों ने 19 वर्षीय युवक हर्ष कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया और ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात हर्ष अपने घर पर था, तभी पड़ोसी गांव के कुछ युवक (जो उसके मित्र बताए जा रहे हैं) उसे बुलाकर साथ ले गए। कुछ ही देर बाद गांव में गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जब परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो हर्ष खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने दीदारगंज थाना पुलिस पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि डायल 112 पर सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब दो घंटे देरी से पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में पुलिस गश्त की कमी के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान हो सके। ग्रामीण एसपी ने बताया कि कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण पुरानी रंजिश या आपसी विवाद माना जा रहा है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है।